


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-27 अंक : 348 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.11 2079 शुक्रवार, 3 मार्च 2023

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## इटली की पीएम बोलीं



# मोदी इज मोस्ट लवेबल

*तारीफ सुनकर हंस पड़े प्रधानमंत्री, रायसीना डायलॉग से पहले दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत*

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। रायसीना डायलॉग का 8वां संस्करण की चीफ गेस्ट इटली की प्रधानमंत्री जियॉर्जिया मेलोनी हैं। गुरुवार को दिल्ली पहुंचने के बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेलोनी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे चहेते नेता हैं। ये साबित हो चुका है कि वो कितने बड़े लीडर हैं। इसके लिए उन्हें बधाई। ये बातें सुनकर दूसरे डायस पर खड़े मोदी हंसते नजर आए। यहां मोदी ने भारत और इटली के बीच स्टार्ट-अप ब्रिज का ऐलान किया।

मोदी ने कहा- हमारे डिप्लोमेटिक रिलेशंस 75 साल से हैं, लेकिन अब तक डिफेंस रिलेशंस नहीं थे। आज इसकी भी शुरुआत कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रोजन, आईटी, टेलिकॉम, सेमीकंडक्टर्स और स्पेस से जुड़े मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे।

### भारत-इटली के रिश्ते मजबूत हैं : मेलोनी

मेलोनी ने कहा- भारत के साथ हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। हम स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप बनाए रखने के लिए काम करते रहेंगे। मोदी जानते हैं कि वो दोनों देशों के संबंधों को बढ़ाने के लिए हम पर भरोसा कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भारत, रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने में अहम रोल निभा सकता है। दुनिया को साथ रखना जरूरी है।

इस पर मोदी ने कहा- यूक्रेन जंग की शुरुआत से ही भारत ने साफ किया है कि इस विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से ही सुलझाया जा सकता है। भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है। हम इंडो-पैसिफिक में इटली की सक्रिय भागीदारी का भी स्वागत करते हैं। बहुत खुशी की बात है कि इटली ने इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव में शामिल होने का फैसला किया है।

रायसीना डायलॉग की चीफ गेस्ट हैं मेलोनी मेलोनी रायसीना डायलॉग की चीफ गेस्ट हैं। इसमें 100 देश के रिप्रेजेंटेटिव्स शामिल होंगे।

# चुनाव आयुक्त को पीएम, नेता विपक्ष, सीजेआई का पैनल चुनेगा



*सुप्रीम कोर्ट बोला-ये नियुक्तियां सीबीआई डायरेक्टर की तरह हो; अब तक सरकार ही तय करती थी*

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई का पैनल इनकी नियुक्ति करेगा। पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी।

5 सदस्यीय बेंच ने कहा कि ये कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह चयन प्रक्रिया सीबीआई डायरेक्टर की तर्ज पर होनी चाहिए। जस्टिस के एम जोसेफ ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखी जानी चाहिए। नहीं तो इसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वोट की ताकत सुप्रीम है, इससे मजबूत से मजबूत पार्टियां भी सत्ता हार सकती हैं। इसलिए इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी है। यह भी जरुरी है कि यह अपनी ड्यूटी संविधान के प्रावधानों के मुताबिक और कोर्ट के आदेशों के आधार पर निष्पक्ष रूप से कानून के दायरे में रहकर निभाए।

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर फिलहाल देश में कोई कानून नहीं है। नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के हाथ में है। अब तक अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के मुताबिक सचिव स्तर के मौजूदा या रिटायर हो चुके अधिकारियों की एक सूची तैयार की जाती है। कई बार इस सूची में 40 नाम तक होते हैं। इस सूची के आधार पर तीनों नामों को एक पैनल तैयार किया जाता है। इन नामों पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति विचार करते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री पैनल में शामिल अधिकारियों से बात करके कोई एक नाम राष्ट्रपति के पास भेजते हैं। इन नाम के साथ प्रधानमंत्री के नोट भी भेजते हैं। इसमें उस शख्स के चुनाव आयुक्त चुने जाने की वजह भी बताई जाती हैं। देखा जाए तो इस प्रक्रिया में सरकार का पूरा रोल होता है। इनका कार्यकाल 6 साल या 65 साल की उम्र जो भी पहले हो तक होता है। इस प्रक्रिया से चुनाव आयुक्त चुने जाते हैं और इनमें से जो सबसे सीनियर होता है उसे मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया जाता है। >14

# ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए अमीर देश जिम्मेदार, खामियाजा गरीब देश भुगत रहे : पीएम मोदी

### जी के फॉरेन मिनिस्टर्स की मीटिंग

इंटरनेशनल डेस्क, 2 मार्च (एजेंसियां)। G20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक दिल्ली में शुरू हो गई है।

इसमें यूएस, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस समेत दुनिया की 20 बड़ी इकोनॉमीज के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। मीटिंग के इनॉगरल सेशन में पीएम मोदी ने कहा- कई साल की प्रगति के बाद आज हमारे सामने रिस्क है कि कहीं हम सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स में पीछे की तरफ न चले जाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा- कई विकासशील देश इस समय फूड और एनर्जी सिक्योरिटी के लिए ऐसे कर्ज तले दबे हैं, जिन्हें वे संभाल नहीं पा रहे। अमीर देशों ने जो ग्लोबल वॉर्मिंग की है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश ही हैं। इसी के चलते भारत ने G20 प्रेसिडेंसी के तहत ग्लोबल साउथ की आवाज बनने की कोशिश की है।

**मोदी ने कहा- ग्लोबल गवर्नेंस फेल हुई**

हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया में गहरे विभाजन हो चुके हैं। पिछले कुछ साल में हमने आर्थिक संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्ध देखे हैं। इससे साफ हो गया है कि ग्लोबल गवर्नेंस फेल हो चुकी है। दुनिया के अहम मुद्दों को संभालने के लिए बनी संस्थाएं सबसे बड़ी चुनौतियों को पूरा करने में फेल हुई हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी केस में एक्सपर्ट कमेटी बनाई

*नंदन नीलेकणी समेत 6 मेंबर, गौतम अडाणी बोले-सच की जीत होगी*



नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 6 मेंबर्स एक्सपर्ट कमेटी बना दी है। रिटायर्ड जज एएम सप्रे इस कमेटी के हेड होंगे। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने गुरुवार को यह आदेश दिया। इस कमेटी को मामले की जांच सौंपने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया, यानी सेबी से भी स्टॉक्स की कीमतों में हेरफेर की जांच रिपोर्ट तलब की है। सेबी को 2 महीने के भीतर स्टेटस रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कमेटी बनाने से मार्केट रेगुलेटर सेबी की स्वतंत्रता और इसकी जांच प्रोसेस में कोई बाधा नहीं आएगी। >14

# अमरनाथ यात्रा: 18किमी के रास्ते में 15 नो स्टे जोन



श्रीनगर, , 2 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने जून अंत से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा को इस बार श्रद्धालुओं के लिए और सुरक्षित बनाने की कवायद शुरू कर दी है। लगभग 14 से 18 किलोमीटर लंबी अमरनाथ यात्रा के पैदल मार्ग में इस बार लगभग 15 नो स्टे जोन बनाए जाएंगे। भूस्खलन के खतरे वाले इन चिन्हित नो स्टे जोन में टेंट, दुकानें और लंगर लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

दो महीने तक चलने वाली इस यात्रा के मार्ग में परिस्थिति के अनुसार नो स्टे जोन की संख्या बढ़ाई जा सकती है। पिछले साल अमरनाथ यात्रा में 3.65 लाख यात्री आए थे। ये पिछले 6 साल की रिकॉर्ड संख्या थी। अनुमान है कि इस बार भी रिकॉर्ड यात्री आएंगे। पिछले साल जुलाई में अमरनाथ गुफा के पास एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने से 17 श्रद्धालुओं की मलबे में दबकर मृत्यु हो गई थी। भूस्खलन और फ्लैश फ्लड के एहतियाती उपाय नहीं करने और बड़ी संख्या में जगह-जगह दुकानें और टेंट लगाने की अनुमति देने की आलोचना हुई थी।

अमरनाथ यात्रा मार्ग में इस बार अधिक फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। साथ ही फेंसिंग की मरम्मत की जा रही है। जोखिम भरे मार्ग में चिन्हित स्लोप को मजबूत किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

अमरनाथ यात्रा के मार्ग से बर्फ को हटाने का काम 15 मार्च से शुरू हो जाएगा।

# नॉर्थ-ईस्ट न दिल्ली से दूर, न दिलों से : मोदी

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर नॉर्थ-ईस्ट के लोगों का सम्मान करने को कहा। मोदी ने कहा- यह नॉर्थ-ईस्ट की देशभक्ति का सम्मान है।

यह नॉर्थ-ईस्ट के प्रगति पर जाने का सम्मान है। यह प्रकाश उनके सम्मान और उनके गौरव में है। आपका मैं धन्यवाद करता हूं। बीते वर्षों में भाजपा मुख्यालय ऐसे अनेक अवसरों का साक्षी बना है। आज हमारे लिए जनता जनार्दन को विनम्रता से नमन करने का एक और अवसर आया है। इन राज्यों की जनता ने भाजपा और हमारे सहयोगियों को भरपूर आशीर्वाद दिया है। मैं आज त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के बीजेपी कार्यकर्ताओं को भी बधाई देता हूं। अन्य राज्यों में काम करना उतना कठिन नहीं है, जितना नॉर्थ ईस्ट में है इसलिए वे विशेष अभिनंदन के हकदार हैं। इन चुनाव परिणामों में देश-दुनिया के लिए कई संदेश हैं। पहले नॉर्थ ईस्ट में नतीजे आते थे तो दिल्ली में उतनी चर्चा होती ही नहीं होती थी। पहले चर्चा होती भी थी तो सिर्फ हिंसा की होती थी। त्रिपुरा में तो हाल ही ये था कि एक पार्टी के अलावा किसी और का झंडा तक नहीं लगाया जा सकता था। कोई लगाने की कोशिश करता था तो उसे लहूलुहान कर दिया जाता था। हम एक नई दिशा पर चल पड़ा नॉर्थ-ईस्ट देख रहे हैं। यह दिलों की दूरियां समाप्त होने का ही नहीं, बल्कि नई सोच का प्रतीक है। अब नॉर्थ ईस्ट न दिल्ली से दूर है न दिल से दूर है। यह इतिहास रचे जाने का समय है।

मैं नॉर्थ ईस्ट की समृद्धि और विकास का समय देख रहा हूं। कुछ दिन पहले मैं जब वहां गया तो किसी ने कहा कि मोदी जी आपको अपनी हाफ सेंचुरी के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैंने पूछा कि कैसी हाफ सेंचुरी तब उन्होंने बताया कि आप जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से 50 बार से अधिक बार नॉर्थ ईस्ट की विजिट कर चुके हैं।

# बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के भाई को जमानत

## दलित परिवार के शादी समारोह में की थी फायरिंग

छतरपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिगराम गर्ग उर्फ सौरव को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत की मांग की थी। लेकिन शाम तक आरोपी शालिगराम को कोर्ट ने जमानत दे दी। शालिगराम गर्ग पर पुलिस ने 9 दिन पहले एफआईआर दर्ज की थी। उसका एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह सिगरेट पीते हुए और हाथ में कट्टा लेकर एक शादी समारोह में लोगों को धमकाता नजर आया था।

पुलिस ने एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में 11 फरवरी को अहिरवार समाज के एक परिवार में बेटी की शादी थी। परिवार ने पहले बागेश्वर धाम के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी के लिए आवेदन दिया था, लेकिन बाद में निजी कार्यक्रम करने का फैसला किया। शादी 11 फरवरी को थी, इस बात का पता चलने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का छोटा भाई शालिगराम रात करीब 12 बजे अपने कुछ साथियों के साथ शादी समारोह में पहुंच गया। वहां उसने उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की और लोगों को धमकाया। डरे-सहमे परिवार के लोगों ने शादी रोक दी।बारात लौट गई और रिश्तेदार भी चले गए। हालांकि काफी समझाइश के बाद शादी उसी रात हो गई। शालिगराम की इस हरकत का वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद भारी जन आक्रोश के चलते पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

# त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा को फिर बहुमत

**मेघालय में एनपीपी आगे; हिमंता बोले-मेघालय सीएम ने शाह से बात की**

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर के 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा और नगालैंड के रिजल्ट आ चुके हैं। दोनों राज्यों में भाजपा को फिर से बहुमत मिला है। नगालैंड में भाजपा गठबंधन को 37 और त्रिपुरा में 33 सीटें मिली हैं। मेघालय में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। एनपीपी के खाते में अभी 25 सीटें आ रही हैं। वोटिंग के बाद एग्जिट पोल्स में त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत का अनुमान था। मेघालय में हंग असेबंली के आसार थे। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके कहा- मेघायल के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन करके सरकार बनाने के लिए मदद मांगी है। >14

# 6 में से 3 सीटें कांग्रेस जीती

**28 साल बाद बीजेपी महाराष्ट्र की कस्बापेठ सीट हारी**

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। नॉर्थ ईस्ट के 3 राज्यों के विधानसभा चुनावों के अलावा आज 5 राज्यों में हुए उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। हालांकि एक सीट पर काउंटिंग अभी जारी है। महाराष्ट्र की कस्बापेठ सीट पर कांग्रेस के रवींद्र धंगेकर ने जीत हासिल की है। इस सीट पर 1995 से बीजेपी ही काबिज थी। चिंचवाड़ सीट पर भाजपा के अश्विनी जगताप ने जीत दर्ज की है। उधर, बंगाल में कांग्रेस का खाता खुल गया है। बेरॉन बिस्वास सागरदीघी सीट पर जीत गए हैं। 2021 में हुए चुनाव में यहां कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी।

तमिलनाडु में भी कांग्रेस के एलंगोवन जीत के करीब हैं। अरुणाचल प्रदेश में बीजेपी की त्सेरिंग ल्हामू निर्विरोध विधायक चुनी गई हैं। >14



## लॉ कॉलेज में नकल पकड़ी तो असिस्टेंट प्रोफेसर को पीटा

**बीचबचाव करने गईं प्रिंसिपल से झूमाझटकी की; देर रात 2 आरोपी अरेस्ट**

उज्जैन, 2 मार्च (एजेंसियां)। उज्जैन के शासकीय विधि कॉलेज में नकल रोकने पर एक असिस्टेंट प्रोफेसर की पिटाई कर दी गई। कॉलेज कैंपस में नकाबपोश हमलावरों ने उन्हें लात-घूंसों से पीटा। साथी प्रोफेसर और महिला प्राचार्य उन्हें बचाने के लिए हमलावरों से भिड़ गए। प्राचार्य की हमलावरों से झूमाझटकी हुई, इसके बाद वे भाग निकले। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। विधि कॉलेज में बुधवार को पेपर चल रहे थे। असिस्टेंट प्रोफेसर ईश्वर नारायण शर्मा ने कुछ छात्रों को एग्जाम हॉल में मोबाइल ले जाने से मना किया। इससे वे नाराज हो गए। परीक्षा के बाद घर जाते समय उन पर हमला हो गया। उनके साथी प्रोफेसर और प्राचार्य अरुणा सेठी ने बीचबचाव किया।

# तारीख नहीं मिलने पर वकील विकास सिंह ने सीजेआई से कहा

## आपके घर आना पड़ेगा, चीखते हुए बोले चंद्रचूड़- फौरन मेरी कोर्ट से निकलिये, ये नहीं चलने दूंगा



नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सीनियर एडवोकेट विकास सिंह को कड़ी चेतावनी दी। उन्हें कोर्ट से बाहर जाने तक को कह दिया। दरअसल, बृहस्पतिवार को सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने एससीबीए को जमीन आवंटित करने से जुड़े मसले को उठाया और कहा कि पिछले 6 बार से यह मसला लिस्ट नहीं हो पाया है। इस पर चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि यह मामला सामान्य क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा। आप दिन में किसी वक्त आएं जब हम फ्री हों। इस पर सिंह ने जवाब दिया ऐसे में तो हमें मामले को आगे बढ़ाना होगा। हमें आपके घर आना होगा। बस इसी बात पर चीफ जस्टिस बेहद नाराज हो गए।

**सीजेआई ने कहा- फौरन कोर्ट से निकल जाएं**

रिपोर्ट के मुताबिक चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, एडवोकेट विकास सिंह पर चीखते हुए बोले आप फोरन बैठ जाइए और एकदम चुप रहिए। चीफ जस्टिस यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे विकास सिंह को चेतावनी देते हुए कहा कि आप मेरी कोर्ट से तुरंत बाहर निकल जाएं।

**इस तरह किसी ने अपमान नहीं किया**

चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि आप यह न सोचें कि हमारी बेंच डर जाएगी। इस तरीके से कभी किसी ने अपमान नहीं किया है और अपने करियर के आखिरी 2 सालों में मैं ऐसा होने भी नहीं दूंगा। जस्टिस चंद्रचूड़ ने आगे कहा- मैंने अपना फैसला सुना दिया है और कृपया कोर्ट से निकल जाइए। अब इस पर 17 मार्च को बात होगी और यह आइटम नंबर वन भी नहीं होगा। इसपर विकास सिंह ने कहा- मिलॉर्ड! जिसपर सीजेआई ने कहा, न...आइटम नंबर 1 नहीं होगा। आपके साथ भी सामान्य याचिकाकर्ता की तरह व्यवहार किया जाएगा। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के आगे कहा, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के तौर पर आपका यह व्यवहार है? इस पर विकास सिंह ने कहा कि बार को हल्के में नहीं ले सकते हैं। जिस पर सीजेआई ने कहा कि मैंने अपना पूरा फैसला सुना दिया है... यही फाइनल है...। मामला बढ़ता देख जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि कृपया इसे यहीं खत्म करें। आपको बता दें कि हाल के दिनों में सुप्रीम कोर्ट कई बार एडवोकेट विकास सिंह के व्यवहार पर नाराजगी जाहिर कर चुका है। कुछ वक्त पहले ही चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने एडवोकेट विकास सिंह की एक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि यह मेरी कोर्ट है, मैं जो करूंगा वही प्रैक्टिस होगी। किसी को मुझे डिक्टेट करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

**होंगे आप प्रेसिडेंट, कोर्ट में ऊंची आवाज में बात न करे**

कुछ वक्त पहले ही जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रवि कुमार की बेंच ने भी एडवोकेट विकास सिंह पर कड़ी टिप्पणी की थी और कहा था कि होंगे आप प्रेसिडेंट लेकिन कोर्ट में ऊंची आवाज में बात ना करें और ना ही धमकाने का प्रयास करें। ऐसा ही एक मामला जस्टिस दिनेश माहेश्वरी के साथ हुआ था। तब जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने विकास सिंह को चेतावनी देते हुए कहा था कि बार एसोसिएशन के सीनियर मेंबर से इस तरह के व्यवहार की कोई उम्मीद नहीं है।

## कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित, कांग्रेस का हंगामा



भोपाल, 2 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी को विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित कर दिया। पटवारी के खिलाफ सत्ता पक्ष की तरफ से विशेष अधिकार हनन लेकर प्रस्ताव लगाया गया था। इसमें सदन में बार-बार झूठ बोलने को लेकर निलंबन की कार्रवाई की मांग की गई थी। वहीं, अध्यक्ष की तरफ से की गई कार्रवाई से नाराज कांग्रेस सदस्यों ने सदन मे हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, पटवारी ने आमरण अनशन पर बैठने का ऐलान किया है। विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। इसमें जीतू पटवारी ने चर्चा शुरू की। पटवारी ने अपने भाषण में कहा था कि प्रदेश से बाघ, शेर, घड़ियाल बाहर गए। बदले में छिपकली, बंदर, तोते लिए गए। इस पर सत्ता पक्ष की तरफ से ऐतराज जताया गया। सत्ता पक्ष की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पटवारी पर सदन में बार-बार झूठने बोलने की बात कहकर निलंबन का प्रस्ताव रखा। मिश्रा ने पटवारी को सदन के पटल पर तथ्य रखने की बात रखते हुए कहा कि बताए कब छिपकली लाई गई। इस पर पटवारी की तरफ से पटल पर जवाब रखते हुए कहा कि हमें विधानसभा के जवाब में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस पर सत्तापक्ष जवाब और तथ्यों से संतुष्ट नहीं हुआ और अध्यक्ष से पटवारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद सदन में जमकर नोकझोंक हुई। पूरे मामले की बहस के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने व्यवस्था दी।

## वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप दो की पाबंदियां हटीं

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के बाद दिल्ली-एनसीआर में श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के चरण-2 के तहत लगाई गई पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से हटा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि चरण-1 के तहत के सभी कार्य जारी रहेंगे और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सभी संबंधित एजेंसियों की ओर से सही तरीके से लागू किए जाएंगे। चरण-2 के तहत डीजल से चलने वाले जनरेटर के इस्तेमाल के साथ ही होटल, रेस्तरा और ढाबों पर तंदूर में कोयले और लकड़ी को जलाने पर रोक रहती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीबीसीबी) के शाम बजे के एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार, 26 फरवरी को दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 291 था जो 1 मार्च को सुधकर 178 पर आ गया। संबंधित एजेंसियों के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में भी हवा की गुणवत्ता ठीक रहने की उम्मीद है। इसको देखते हुए ग्रैप की उपसमिति ने चरण-2 के तहत सभी पाबंदियों को हटाने का फैसला किया।

## पौड़ी गढ़वाल में महसूस किए गए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 2.4 रही तीव्रता




पौड़ी, 2 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मिली जानकारी के अनुसार पौड़ी गढ़वाल में आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल 2.4 मापी गई है। भूकंप के झटके से लोग भयभीत हैं। हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 2.4 मापी गई है। इससे पहले 20 फरवरी को उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में तड़के भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया था। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई थी।

## नारनौल का आइटीबीपी जवान गुवाहाटी में शहीद: नक्सली हमले में लगी गोली

**शाम तक गांव पहुंचेगा पार्थिव शरीर, परिजनों में शोक**

नारनौल, 2 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव ढाणी जाजमा निवासी आइटीबीपी में कार्यरत एक जवान नक्सली हमले में गोली लगने से शहीद हो गया। जवान के पार्थिव शरीर को विमान द्वारा दिल्ली लाया जा रहा है। जहां से उसे गांव लाया जाएगा। जवान के शहीद होने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव ढाणी जाजमा निवासी अशोक कुमार पुत्र हवा सिंह वर्ष 2012 में आइटीबीपी में



भर्ती हुआ था। वह 33 बटालियन गुवाहाटी में तैनात था। बताया जा रहा है कि गत रात्रि वह ड्यूटी पर था तो ड्यूटी के दौरान रात को नक्सली हमला हो गया। जिसमें हुई फायरिंग में गोली लगने से अशोक कुमार की मौत हो गई। अशोक कुमार की उम्र करीब 30 साल थी तथा वह अपने पीछे एक लड़का और एक लड़की छोड़ गया। ग्रामीणों के अनुसार अशोक कुमार के पार्थिव शरीर को विमान द्वारा दिल्ली लाया जा रहा है। गुरुवार देर शाम तक अशोक कुमार के पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने की संभावना है। जहां पर शहीद का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# पुणे के कसबा उपचुनाव में बीजेपी को बड़ा झटका

## 28 साल बाद कांग्रेस ने दी पटखनी, इतने वोटों से जीते रवींद्र धंगेकर



पुणे, 2 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे के कसबा उपचुनाव में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है और उसके हाथ से ये सीट निकल गई है। इस सीट को बीजेपी की पारंपरिक सीट माना जाता था लेकिन 28 साल बाद बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा है। बीजेपी उम्मीदवार हेमंत रासने को कांग्रेस के रवींद्र धंगेकर ने 11 हजार 40 वोटों से चुनाव हराया है। कसबा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार रविंद्र धंगेकर के घर के बाहर बड़ी संख्या में महाविकास आघाडी के कार्यकर्ता इकट्ठा होना शुरू हो गए हैं और जश्न की तैयारियां चल रही हैं। बीजेपी द्वारा अपनी पारंपरिक सीट खोने पर ये कहा गया है कि इस सीट के समीकरण पर चिंतन और मंथन किया जाएगा। सीनियर बीजेपी नेता और मंत्री सुधीर मुनगंटीवार का कहना है कि बीजेपी विधायक मुक्ता तिलक के निधन के बाद अगर उनके परिवार के किसी सदस्य को टिकट दिया जाता तो परिणाम अलग होते। उन्होंने कहा कि हम हर दिन शिवाजी के वंशज हैं, हर दिन तलवार को धार देते हैं। यानी कि चुनाव हो न हो हर दिन हम काम करते हैं, हार-जीत की बात अलग होती है। कसबा की बात सब कर रहे हैं लेकिन चिंचवड़ की बात क्यूं नहीं। एनसीपी ने खासतौर पर और अजित पवार ने तो पूरी ताकत लगा दी थी लेकिन वो कामयाब नहीं हुए।

**हार-जीत तो लगी रहती है: राम कदम**

बीजेपी प्रवक्ता और विधायक राम कदम ने कहा, 'एमवीए को ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। हार-जीत तो लगी रहती है। एक चुनाव-एक सीट हारने से बीजेपी हार गई, ये कहना सही नहीं है। निश्चित तौर पर हम हार के कारणों का चिंतन मंथन करेंगे। उन्होंने कहा कि कसबा सीट हमारी थी लेकिन इस बार कुछ स्थानीय समीकरण ऐसे थे, जिसके बारे में अभी कह नही सकता। लेकिन उन्हें सेलिब्रेट करने दो, एक सीट जीतकर तो वो इतने खुश हैं।

# बाबुलनाथ मंदिर के शिवलिंग में आई दरार

## दूध के केमिकल से पहुंच रहा नुकसान, ट्रस्ट ने लगाईं कई पाबंदियां



मुंबई, 2 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुंबई में देश के बड़े शिव मंदिरों में से एक बाबुलनाथ मंदिर की शिवलिंग में दरार से बनी एक लकीर की खबर से हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर के ट्रस्ट ने आईआईटी बॉम्बे से संपर्क किया है। इसकी प्रारंभिक रिपोर्ट को मंदिर को सौंप दिया गया है और उसमें कई बड़े खुलासे हुए हैं। इसे देखते हुए मंदिर ट्रस्ट की तरफ से कई पाबंदियां लगाई गई हैं। इस मंदिर की स्थापना 18वीं शताब्दी में की गई थी। साल 1780 में यह बाबुलनाथ मंदिर बनकर तैयार हुआ, जबकि मंदिर के शिवलिंग का इतिहास 12वीं शताब्दी का है। बाबुलनाथ मंदिर करीब 350 साल पुराना है और मंदिर का शिवलिंग बबूल पेड़ की तर्ज पर होने की वजह से मंदिर का नाम बाबुलनाथ पड़ा। इस मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त अक्सर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। ऐसे में बड़ी मात्रा में दुग्धाभिषेक, दही, घी, भस्म, कुमकुम जैसी चीजों से अभिषेक किया जाता है। अब इसी शिवलिंग में एक दरार से बनी लकीर दिखने लगी है। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट ने अब शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक समेत सभी प्रकार की चीजों के चढ़ाने पर पाबंदी लगा दी है। अब शिवलिंग पर सिर्फ पानी से जलाभिषेक के अलावा फूल और फल चढ़ाने की ही इजाजत दी गई है।

शिवलिंग पर बनी इस लकीर के बारे में सबसे पहले पिछले साल दिसंबर में पता चला, इसके बाद बाबुलनाथ मंदिर ट्रस्ट ने आईआईटी बॉम्बे से संपर्क किया और इसपर एक डिटेल रिपोर्ट देने को कहा। इस पर आईआईटी बॉम्बे की तरफ से एक ड्राफ्ट रिपोर्ट दी गई है। इसमें शिवलिंग पर दूध समेत दूसरी चढ़ाई जाने वाली चीजों से होने वाले केमिकल रिएक्शन को समस्या का जिम्मेदार बताया गया है। आईआईटी बॉम्बे ने शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले मिलावटी दूध के केमिकल से शिवलिंग को नुकसान पहुंचने की बात कही है। संस्था की तरफ से सुझाव दिया गया है कि पानी के अलावा सभी चीजों का शिवलिंग पर चढ़ावा बंद कर दिया जाए। हालांकि बाबुलनाथ मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी नितिन ठक्कर ने शिवलिंग के खंडित होने की बात से इनकार किया है।

नितिन ठक्कर ने बताया कि आईईटी की फाइनल रिपोर्ट मार्च तक आएगी। लेकिन जो सुझाव संस्था ने दिया, उसका पालन किया जा रहा है। वहीं शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक समेत तमाम चीजों पर लगाई गई पाबंदी से भक्तों से बीच नाराजगी है। भक्तों का कहना है कि वो महादेव हैं, उनके शिवलिंग को कुछ नहीं हो सकता। अगर दरार या लकीर दिखाई दे रही है, तो भी किसी प्रकार की पाबंदी नहीं लगानी चाहिए।

## तमिलनाडु में कांग्रेस की जीत के बीच फारुक अब्दुल्ला का बड़ा बयान, कहा- 'ऐसा भारत बनाएंगे जहां...'



जम्मू-कश्मीर, 2 मार्च (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनाव में ज्यादा ख़ास प्रदर्शन न करने वाली कांग्रेस के लिए तमिलनाडु से अच्छी खबर आई। इरोड उपचुनाव का नतीजा कांग्रेस के खाते में गया। इसी बीच जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला का ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा साथ में मिलकर शांति और सद्भाव में रह सकने वाले मजबूत भारत का निर्माण कर सकते हैं। यहां कांग्रेस की जीत के लिए सीएम एमके स्टालिन को भी बधाई दी। पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनाव के अलावा पांच राज्यों के उपचुनाव के नतीजे भी आ गए। जिसमें तमिलनाडु की चर्चित इरोड सीट पर कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया। यहां सीएम एमके स्टालिन का बर्ड डे सेलिब्रेट करने पहुंचे जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बड़ा बयान दिया। कांग्रेस की जीत के बीच एमके स्टालिन को बधाई दी और बोले कि उन्होंने राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में जो अद्भुत काम किए हैं। अप्रत्यक्ष तौर पर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए कांग्रेस की जीत के लिए सीएम के कामों को आधार बताया। इसके अलावा फारुख अब्दुल्ला ने मजबूत भारत निर्माण और शांति सद्भाव का भी जिक्र किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि साथ मिलकर एक मजबूत भारत का निर्माण किया जा सकता हैं। जहां हम शांति और सद्भाव में रह सकते हैं। इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे है। एक दिन पहले विपक्ष के संभावित पीएम उम्मीदवार के सवाल पर भी फारुख ने स्टालिन का ही नाम लिया था।

## 'राहुल ने किया था घर न होने का दावा'

### बीजेपी ने पीएम आवास योजना से घर-जमीन मुहैया कराने के लिए दिया आवेदन



नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीते दिनों छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में आयोजित कांग्रेस के महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि मेरे पास 52 वर्षों से घर नहीं है। इस मामले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। वायनाड से सांसद राहुल गांधी पर अब भाजपा तंज कसते हुए निशाना साध रही है। खबरों के मुताबिक वायनाड में भाजपा की ओर से कलपेट्टा नगरपालिका के सचिव को एक आवेदन भेज कर राहुल के लिए घर की मांग की गई है। इस आवेदन में कांग्रेस सांसद का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल करने और उन्हें मकान और जमीन मुहैया कराने की अपील की गई है। वायनाड के भाजपा जिला अध्यक्ष केपी मधु ने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे कांग्रेस नेता को कलपेट्टा में एक घर और जमीन मुहैया करवाने की कोशिश कर रहे हैं। कोशिश की जा रही है कि यह घर जिले के सेंटर एरिया में हो। मधु ने तंज कसते हुए कहा कि वायनाड में घर होना राहुल गांधी के लिए आदर्श स्थिति होगी क्योंकि वे अपनी छुट्टियां बिताने के लिए यहां आते हैं।

## ड्रॉप इन होटल सील: कंटोनमेंट बोर्ड और पुलिस ने की कार्रवाई

अंबाला (हरियाणा), 2 मार्च (एजेंसियां)। अंबाला में नियमों को ताक पर रखकर कंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र में बनाए गए ड्रॉप इन होटल को गुरुवार सुबह सील कर दिया गया। यह कार्यवाही कैंटोनमेंट बोर्ड और अंबाला पुलिस की मौजूदगी में की गई। बाकायदा होटल के दो गेटों पर लकड़ी लगाकर और चेन बांधकर सील लगाई गई ताकि कोई इसके साथ छेड़खानी न कर सके। गौरतलब है कि होटल संचालक विशाल बतरा को कंटोनमेंट बोर्ड की तरफ से नोटिस जारी किया गया था।

# मोदी या राहुल! 2024 में देश का पसंदीदा नेता कौन



नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। देश के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में विधानसभा चुनाव परिणाम के रुझान आने लगे हैं. इसके बाद देश के छह राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं. इनमें कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना शामिल हैं. इन राज्यों में होने वाले चुनाव को 2024 का सेमीफाइनल माना जा रहा है. 2024 के आम चुनाव से पहले टीवी-9 भारतवर्ष का एक सर्वे सामने आया है. सर्वे में यह भी बताया गया है कि अगर देश में आज आम चुनाव होते हैं तो किस पार्टी को सत्ता मिलेगी और देश में सबसे बड़ा कौन मुद्दा रहेगा. 2024 में प्रधानमंत्री पद का पसंदीदा उम्मीदवार कौन है? इसे लेकर भी सर्वे किया गया है. टीवी-9 भारतवर्ष के सर्वे के मुताबिक, 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी बतौर उम्मीदवार 58.0 फीसदी लोगों की पसंद हैं. वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19.9 फीसदी लोगों की पंसद हैं. वहीं, 7.8 फीसदी लोग ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री के लिए अपना पसंदीदा उम्मीदवार बताया है. 8.9 फीसदी लोगों केजरीवाल को अपना पसंदीदा उम्मीदवार बताया है.

**2024 में बीजेपी के लिए गेमचेंजर मुद्दा?**

सर्वे में उन मुद्दों के बारे में भी लोगों से सवाल पूछा गया है. जवाब में जो बात सामने आई है उसमें हिंदुत्व अभी देश का सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है. 23.9 फीसदी लोगों ने इस बात को माना है कि देश में हिंदुत्व अभी भी सबसे बड़ा मुद्दा है और यह बीजेपी के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है. वहीं, 20.9 फीसदी लोगों ने राम मंदिर को बीजेपी के लिए गेम चेंजर बताया है. 11.5 प्रतिशत लोगों ने कहा कि भारत की दुनिया में विश्वगुरू की छवि से बीजेपी को फायदा मिलेगा. वहीं, 5.8 फीसदी लोगों ने कॉमन सिविल कोड को बीजेपी के लिए गेम चेंजर बताया है जबकि 17.8 लोगों ने विकास को अहम बताया है और कहा कि बीजेपी इसके सहारे सत्ता में आ सकती है.

**राम मंदिर बनने से बीजेपी को फायदा होगा?**

सर्वे में अयोध्या में बन रहे राम मंदिर से बीजेपी को बड़ा फायदा होता दिख रहा है. 72.6 प्रतिशत लोगों ने यह माना है कि राम मंदिर बनने से बीजेपी को फायदा होगा. वहीं, 19.1 प्रतिशत लोगों ने बीजेपी के फायदे की बात को नकारा है. 8.3 फीसदी लोगों ने कहा है कि उन्हें पता नहीं है.

**पीएम मोदी के कामकाज से खुश हैं?**

सर्वे में पीएम मोदी के कामकाज को लेकर भी देश की जनता से सवाल किया गया था. इसमें 72.6 फीसदी लोग पीएम मोदी के अभी तक के कामकाज से खुश हैं जबकि 23.5 प्रतिशत लोग ने नहीं में जवाब दिया है. वहीं, 3.9 फीसदी लोगों ने पता नहीं में जवाब दिया है.

**विपक्ष के एकजुट होने से बीजेपी को नुकसान होगा?**

सर्वे में 48.7 प्रतिशत लोगों ने माना है कि अगर विपक्ष एकजुट होता है तो बीजेपी को नुकसान उठाना पड़ सकता है. वहीं, 29.4 प्रतिशत लोगों ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता है कि विपक्ष के एकजुट होने से बीजेपी को नुकसान होने वाला है. जबकि 21.9 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें इसका अंदाजा नहीं है.

## पाक स्थित जम्मू कश्मीर के आतंकी मुश्ताक जरगर की संपत्ति जब्त, एनआईए ने की कार्रवाई

जम्मू, 2 मार्च (एजेंसियां)। घाटी के श्रीनगर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी अल उमर मुजाहिदीन के संस्थापक और मुख्य कमांडर मुश्ताक जरगर उर्फ लटरम की संपत्ति जब्त की है। 1999 में कंधार में विमान अपहरण के दौरान आतंकी मुश्ताक को जरगर को मसूद अजहर के साथ रिहा कर दिया गया था। आतंकी मुश्ताक 1989 में पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण में भी शामिल था। वह अभी पाकिस्तान में है। आतंकी मुश्ताक श्रीनगर के नौहट्टा इलाके का रहना वाला है। नौहट्टा के गनई मोहल्ला में उसके दो मरले घर को यूएपीए के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है। गुरुवार को जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस के साथ एनआईए की टीम मौके पर पहुंची और ये कार्रवाई की गई। जरगर यूएपीए के तहत नामित आतंकवादी है। आतंकी लटरम घाटी में अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। मुश्ताक जरगर पहले जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा था और प्रदेश में कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है।

## नशा तस्करी की दोषी महिला को 10 साल की कैद, बिहार निवासी से मिली थी छह किलो चरस

लुधियाना (पंजाब), 2 मार्च (एजेंसियां)। लुधियाना में एडिशनल सेशन जज हरबंस सिंह लेखी की अदालत ने बाहरी राज्य से जुड़े नशा तस्करी के करीब तीन साल पुराने मामले में दोषी महिला को 10 साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। महिला के खिलाफ वर्ष 2020 में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। 21 मार्च 2020 को थाना जीआरपी के तत्कालीन जांच अधिकारी और मौजूदा एसएचओ जीवन सिंह और एसआई सुरेश कुमार ने लुधियाना स्टेशन पर चेकिंग के दौरान बिहार के जिला मोतीहारी निवासी पासमति देवी से 6 किलो चरस बरामद की थी और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की तफ्तीश की थी। जीआरपी की लंबी तफ्तीश और ट्रायल के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा का आदेश सुनाया है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार

सहयोगी होने का अर्थ गुलाम बनना नहीं है। निराशाजनक परिस्थितियों में भी कभी आशा मत छोड़ें



## प्रधानमंत्री को देश से माफी मांगनी चाहिए : भाकपा राज्य सचिव



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राज्य सचिव कुनामनेनी संबाशिव राव ने आज मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घरेलू और वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के लिए देश से माफी मांगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जनता का पैसा लूट रहे हैं और इसे अपने दोस्तों को सौंप रहे हैं, जो कॉरपोरेट कंपनी के मालिक हैं। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। यह कहते हुए कि प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि की थी, उन्होंने कहा कि मोदी ने पीएम बनने से पहले गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि पर रोया था। 2014. उन्होंने हैरानी जताई कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नीचे आ गई हैं तो पीएम कीमतें कैसे बढ़ाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी को 9170 करोड़ रुपये से घटाकर 2257 करोड़ रुपये कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सब्सिडी को 2.25 लाख करोड़ रुपये से घटाकर अब 1.75 लाख करोड़ रुपये कर दिया है और कहा कि खाद्यान्न पर दी जाने वाली सब्सिडी 2.87 लाख करोड़ रुपये से 1.97 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

भाकपा नेता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार हर तरह की सब्सिडी को धीरे-धीरे कम करने की साजिश कर रही है. यह कहते हुए कि देश की आर्थिक प्रणाली में कुल 3 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी है, उन्होंने आरोप लगाया कि कॉर्पोरेट कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ रुपये थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने देश की कॉरपोरेट कंपनियों का 11 करोड़ रुपये का बकाया रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की दर में वृद्धि के कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। उन्होंने कहा कि देश श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की तरह आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी जनता के पैसे को लूट कर अपने उद्योगपति मित्र गौतम अडानी को सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी शुक्रवार को राज्य के सभी जिला और मंडल मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन करेगी और केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

## सांसद वेंकटरेड्डी ने श्री चैतन्या कॉलेज के सामने दिया धरना

### छात्र की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सांसद कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने आज नरसिंगी में श्री चैतन्या कॉलेज के सामने धरना दिया और छात्र सात्विक को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सात्विक की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार और पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। सांसद ने स्पष्ट किया कि वह तब तक अपना विरोध जारी रखेंगे जब तक आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर लेती। विरोध प्रदर्शन के कारण इलाके में दो घंटे तक तनाव बना रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए इंतजाम किए हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, वेंकट रेड्डी ने आरोप लगाया कि कॉलेज में छात्रों को पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षक भी नहीं हैं और कहा कि यह आईआईटी प्रशिक्षण देने के नाम पर छात्रों के माता-पिता से भारी शुल्क वसूल रहा है। यह कहते हुए कि उन्होंने पहले ही केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय में कॉलेज के प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है, उन्होंने कहा कि वह कॉलेज के प्रबंधन के खिलाफ कानूनी रूप से लड़ाई लड़ेंगे। कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों द्वारा छात्रों पर किए गए शारीरिक हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी को भी छात्रों पर शारीरिक हमला करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे छोटी-छोटी बातों पर आहत होकर अपने जीवन को समाप्त करने का जल्दबाजी में निर्णय न लें और अपने माता-पिता को हमेशा के लिए सदमे में छोड़ दें।

### छात्र आत्महत्या : इंटरमीडिएट बोर्ड करेगा कॉलेज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नरसिंगी में श्री चैतन्य जूनियर कॉलेज के खिलाफ तेलंगाना स्टेट बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन द्वारा मान्यता रद्द करने या बंद करने सहित कड़ी कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है, जहां प्रथम वर्ष के इंटरमीडिएट के छात्र एन सात्विक की कथित तौर पर कॉलेज के कर्मचारियों द्वारा उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली गई थी। बोर्ड ने पहले ही कॉलेज प्रबंधन को इस घटना पर एक विस्तृत रिपोर्ट की मांग करते हुए नोटिस भेजा है। बोर्ड के अधिकारियों की प्रारंभिक जांच के अनुसार, छात्र को कॉलेज के कर्मचारियों द्वारा मौखिक और शारीरिक रूप से परेशान किया गया था। एक अधिकारी ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा शुक्रवार को नोटिस का जवाब देने और घटना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करने की उम्मीद है। स्पष्टीकरण के आधार पर, कॉलेज को निरस्त करने या बंद करने सहित कार्रवाई शुरू की जाएगी। पुलिस ने पहले ही स्टाफ के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक आरोप लगा दिए हैं और मामले की जांच कर रही है।

## लंबित बिल : तेलंगाना सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की, जिसमें राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को उनके पास लंबित राज्य से संबंधित 10 प्रमुख विधेयकों को मंज़ूरी देने का निर्देश देने की मांग की गई। याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होने की संभावना है।

राज्य सरकार की ओर से, मुख्य सचिव ए. शांति कुमारी ने रिट याचिका दायर की, जहां राज्यपाल को प्रतिवादी के रूप में नामित किया गया है। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया क्योंकि इनमें से कुछ बिलों को छह महीने से अधिक समय से राजभवन में लंबित रखा गया है और राज्यपाल द्वारा मंजूरी नहीं दी जा रही है, जिन्होंने कथित तौर पर अत्यधिक देरी पर स्पष्टीकरण देने से इनकार कर दिया है। कई मंत्री जानबूझकर बिलों को मंजूरी नहीं देने के लिए राज्यपाल की खुले तौर पर आलोचना करते रहे हैं, जिनमें से कुछ राज्य मामलों के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### आईडीए बोल्लाराम में रिएक्टर विस्फोट में पांच घायल



संगारेड्डी, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को संगारेड्डी जिले के आईडीए बोलाराम में कारखाने में रिएक्टर विस्फोट में श्रीकारा ऑर्गेनिक्स के पांच कर्मचारी घायल हो गए। पांच घायलों में से तीन 90 प्रतिशत से अधिक झुलस गए जबकि अन्य दो 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गए। पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों की हालत गंभीर है। पीड़ित अनूप, साईं कमल, रमेश, राजेश और रामचंद्र राज हैं। आईडीए बोल्लारामपुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## राजेंद्रनगर में तीन संपत्ति अपराधी गिरफ्तार

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राजेंद्रनगर पुलिस ने गुरुवार को संपत्ति अपराधों में शामिल छह सदस्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनसे 4.07 लाख रुपये की शुद्ध नकदी और पांच मोबाइल फोन बरामद किये। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान फ़याज़ अहमद (28), मोहम्मद घोस (27) और मीर अशफाक अली (26) के रूप में हुई, जो फलकनुमा के निवासी थे। तीन अन्य, इरफान, सैफुद्दीनऔर वहीद फरार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, फ़याज़नारायणपेट के एक स्वर्ण व्यापारी चंद्रशेखर के साथ काम करता था और उसने उससे4 लाख रुपये की राशि उधार ली थी। हालांकि, वह पैसे वापस करने में विफल रहा, जिसके बादचंद्रशेखरंद उसके पिता लगातार फ़याज़को क़र्ज़ की राशि चुकाने के लिए याद दिला रहे थे। ऋण चुकाने के लिए आय का कोई स्रोत नहीं होने के कारण,फ़याज़ने अपने सहयोगियों के साथ चंद्रशेखरको लूटने की योजना बनाई, जब वह व्यापार के उद्देश्य से नकदी और चांदी के साथ यात्रा करता है।

राजेंद्रनगर एसीपी, बीगंगाधर ने कहा कि 24 फरवरी को, जबचंद्रशेखर हैदराबाद के लिए एकआरटीसीबस में चढ़े, तो छह संदिग्ध बस में सवार हो गए। राजेंद्रनगर में उन्होंने रुपये की नकदी छीन ली। चंद्रशेखर से 10 लाखऔर 2 किलो चांदीऔर भाग गया। व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया और तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य तीन भागने में सफल रहे।

## सड़क किनारे बनी झोपड़ी में घुसी लारी, परिवार के तीन लोगों की मौत



संगारेड्डी, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को रामचंद्रपुरम के कोल्लुरु के पास एक सड़क दुर्घटना में एक लॉरी के सड़क किनारे झोपड़ी से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। रामचंद्रपुरम पुलिस के अनुसार, लॉरी, जो चावल लेकर हरियाणा से चित्तूर की ओर जा रही थी, आउटर रिंग रोड से फिसल गई और ओआरआर की सर्विस रोड के पास स्थित झोपड़ी में घुस हो गई। मरने वालों में बाबू राठौड़ (48), उनकी पत्नी कमली भाई (43) और उनका बेटा बसप्पा राठौड़ (23) हैं। मौत तीनों के लिए तत्काल थी। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल पटानचेरुमें स्थानांतरित कर दिया गया। रामचंद्रपुरम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## पुलिस ऑयुक्त ने सुरक्षा अनुग्रह राशि सौंपी



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा सीपी ने यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि मृत पुलिसकर्मियों के परिवारों को जल्द से जल्द पेंशन और नौकरी मिले। आज सीपी रचाकोंडा चौहान ने सीपी कार्यालय में राचकोंडा क्षेत्र में सेवा के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से सुरक्षा और अनुग्रह राशि के चेक सौंपे। बाद में उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। राचकोंडा के सीपी चौहान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और मुझे विश्वास दिलाया कि मैं पुलिस परिवार के साथ हूं। इस दौरान पोचमपल्ली पुलिस स्टेशन में सहायक उप निरीक्षक के रूप में तैनात रहे जॉनसन की पत्नी सुनीता और मलकाजीगिरी थाने में तैनात रहे कांस्टेबल नरेश कुमार की पत्नी लक्ष्मीबाई को राचकोंडा के सीपी ने सहायता राशि प्रदान की। इस मौके पर राचकोंडा एडमिन एडिशनल डीसीपी नर्मदा, पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भद्रा रेड्डी और मिनिस्ट्रियल स्टाफ उपस्थित रहे। राचकोंडा सीपी ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि राचकोंडा पुलिस कर्मी खुश हैं कि 9 महीने से लंबित टीए बिल की राशि सीपी ने स्वीकृत कर दी है और पुलिस अधिकारी संघ ने सीपी के विशेष प्रयासों से लंबित टीए के समय पर पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में एडिशनल डीसीपी एडमिन सी. नर्मदा, पुलिस अधिकारी संघ के अध्यक्ष भद्रा रेड्डी और अन्य ने भाग लिया

## प्रवर्तन सतर्कता और आपदा प्रबंधन विंग ने किया होटलों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी के प्रवर्तन सतर्कता और आपदा प्रबंधन विंग ने गुरुवार को सिकंदराबाद ज़ोन और बंजारा हिल्स में कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों और होटलों का निरीक्षण किया और उनमें से कुछ को नोटिस जारी किए गए। तहखाने, रसोई, गोदाम, पार्किंग क्षेत्र और होटलों के अन्य क्षेत्रों में आग से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाए गए एक विशेष अभियान के एक भाग के रूप में नोटिस दिए गए हैं। जिन प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया उनमें सिकंदराबाद में पैराडाइज होटल और ट्रिस्टार होटल और बंजारा हिल्स में इंटेरियो फर्नीचर शामिल हैं।

## सीरवी समाज एलबी नगर का होली महोत्सव 7 को

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बंडलागुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज वेल्फेयर एसोशिएशन एल.बी.नगर समाज बन्धुओं के सान्निध्य में होली महोत्सव के पावन अवसर पर होली महोत्सव का कार्यक्रम मंगलवार 7 मार्च पूजा-अर्चनाकर आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष जगदीशप्रसाद काग व सचिव प्रकाश सेपटा ने संयुक्तरुप से बताया कि 3 मार्च से प्रतिदिन रात्रि 9.30 बजे से रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम व 6 मार्च रात्रि 8.30 बजे होली दहन एवं 7 मार्च को प्रात: वेला मे पूजा-अर्चनाकर 10 बजे से रंगारंग गैर नृत्य, होली मिलन व बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे अपना नाम अध्यक्ष व सचिव के पास दे सकते हैं।

## आगामी गर्मी में राज्य में कम होगी लू की संभावना : आईएमडी

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। इस गर्मी में राज्य में उच्च पारा बढ़ने से आशंकित लोगों के लिए यहां कुछ राहत है। भारत मौसम विज्ञान विभाग-हैदराबाद (आईएमडी-एच) ने घोषणा की है कि इस गर्मी में हैदराबाद सहित राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से सामान्य से कम रहेगा। आईएमडी-एच में वैज्ञानिक-सी डॉ. ए. श्रावणी का कहना है कि मार्च, अप्रैल और मई में राज्य में तापमान सामान्य से कम रहने की उम्मीद है, इस साल लू की स्थिति कम होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, राज्य जो आम तौर पर नगण्य सर्दी और बड़ी गर्मी की बारिश का अनुभव करता है, में मार्च में सामान्य से सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है। देश में इस महीने औसतन 83 से 11 फीसदी बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, हैदराबाद, दक्षिण-पश्चिमी जिला, ने ऐतिहासिक रूप से गर्मियों के दौरान महत्वपूर्ण वर्षा की कमी का अनुभव किया है। तेलंगाना स्टेट डेवलपमेंट सोसाइटी के अनुसार, 2004 और 2022 के बीच, शहर में गर्मियों के दौरान केवल पांच बरसात के दिन देखे गए और 81 सूखे दिनों का अनुभव किया गया। डॉ. श्रावणी का कहना है कि राज्य में फरवरी में अधिकतम तापमान सामान्य रहा, हालांकि कुछ जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया, जो सुसंगत नहीं था। हैदराबाद में पारा पांच बार 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक और दो बार लगभग 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वह कहती हैं कि उत्तर पश्चिम भारत, मध्य और पश्चिमी भारत में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण फरवरी में चरम मौसम की स्थिति का अनुभव हुआ, जो सर्दियों में पर्याप्त बारिश लाने में विफल रहा। इस बीच, आईएमडी-एच के सात दिनों के पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि हैदराबादमें अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की उम्मीद है।

वर्तमान में, भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में ला नीना की स्थिति या सामान्य से कम तापमान प्रचलित हैं। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, ला नीना के कमजोर होने और एल नीनो सदर्न ऑसिलेशन (ईएनएसओ) की ओर मुड़ने की संभावना है, जो प्री-मॉनसून सीज़न के दौरान 'तटस्थ स्थिति' है। ला नीना की स्थिति, जो लगभग तीन वर्षों तक बनी रही, बेहतर मानसून वर्षा से जुड़ी हुई है, विशेष रूप से उत्तर पश्चिम भारत में अल नीनो की स्थिति कम मानसूनी वर्षा से जुड़ी है।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I was earlier known as Myanka Chellani. Now known as MYANKA CHANDRAKANT CHELLANI, W/o. Chandrakant Bhojraj Chellani

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं



देवांश सिंह
माता : सीमा सिंह
पिता : सौरभ सिंह

### आईपीएल मैचों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : चौहान



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आज आयुक्त कार्यालय नेरेडमेट में राचकोंडा आयुक्त डीएस चौहान ने आगामी आईपीएल-2023 क्रिकेट टूर्नामेंट की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। आयुक्त ने अधिकारियों को राचकोंडा आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र में होने वाले मैचों के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानी बरतने का निर्देश दिया। सीपी ने अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और दर्शकों को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। आईपीएल प्रबंधन टीम को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि टिकटों के वितरण में कोई भ्रम नहीं हो। बैठक में डीसीपी मल्काजगिरी जानकी, एसीपी नरेश रेड्डी, इंस्पेक्टर उप्पल, के. शनमुगम आदि ने भाग लिया।

### पदक जीतने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की ओर से 15 वीं अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2022-23 में श्रीबाला, डीसीपी, राचकोंडा और जी. नरसिम्हा रेड्डी, एडिशनल डीसीपी, साइबराबाद भाग लिया और कांस्य पदक जीता। 15 वीं अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप-2022-2023 चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप के लिए तेलंगाना से चुनी गई श्रीमती श्रीबाला, डीसीपी, राचकोंडा और जी नरसिम्हा रेड्डी, अतिरिक्त डीसीपी, साइबराबाद ने 45 प्लस मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में तेलंगाना के 15 शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। तेलंगाना की ओर से तरुण जोशी, आईजीपी, प्रशिक्षण ने टीम मैनेजर के रूप में कार्य किया। विजेता पुलिस अधिकारियों जी नरसिम्हा रेड्डी, अतिरिक्त डीसीपी, साइबराबाद और श्रीबाला, डीसीपी, राचकोंडा को तेलंगाना के डीजीपी अंजनी कुमार व अभिलाषा बिष्ट अतिरिक्त डीजीपी, कल्याण व खेल ने सम्मानित किया।



# यूपी में गर्मी ने 122 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा

## प्रयागराज और वाराणसी का पारा 35सी तक पहुंचा, इस महीने पारा 40 पार पहुंचने का अनुमान

लखनऊ/कानपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मौसम में ग्लोबल वार्मिंग का भी प्रकोप देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि मार्च के महीने में भी सामान्य से 4 से 5 सी ज्यादा पारा रहेगा। फिलहाल बीते 24 घंटे में प्रयागराज 35.2सी के साथ सबसे ज्यादा गर्म शहर रहा। इसके बाद दूसरा सबसे गर्म शहर वाराणसी रहा, यहां पारा 34.5सी रिकॉर्ड किया गया। यूपी के कई शहरों में मार्च में तापमान 40सी के पार जा सकता है।




**फरवरी में टूटा 122 साल का रिकॉर्ड**

मार्च में हीट वेव की संभावना नहीं है। फरवरी से ही गर्मी का तापमान चढ़ने लगा था। दिसंबर-2022 रिकॉर्ड में सबसे गर्म रहा। अब फरवरी 2023 पिछले 122 वर्षों में, यानी 1901 के बाद से सबसे गर्म रहा। अधिकतम तापमान का मासिक राष्ट्रीय औसत 29.54सी तक रिकॉर्ड किया गया।

**मार्च का महीना औसतन गर्म रहेगा**

लखनऊ मौसम विभाग के अधिकारी मोहम्मद दानिश बताते हैं कि इस बार मौसम में ग्लोबल वार्मिंग का भी असर दिखाई पड़ रहा है। फरवरी में जिस तरीके से तापमान में बढ़ोतरी सामान्य तौर से अधिक रही, ऐसा ही मौसम मार्च में भी होने की संभावना है। मार्च में औसत तापमान 31.1सी होता है, लेकिन मौजूदा समय में ही टेंपरेचर 1.1सी अधिक है। इसलिए यह अनुमान है कि मार्च में इस बार औसत तापमान से अधिक तापमान होने की पूरी संभावना है। मार्च के सामान्य तापमान से करीब 3 से 4 डिग्री अधिक टेंपरेचर रिकॉर्ड किया जाएगा। मार्च में लू की संभावना कम है।

**लखनऊ का पारा सामान्य से 3सी ज्यादा**

आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश बताते हैं कि मौजूदा समय में लखनऊ का पारा सामान्य से 3°सी अधिक है। बीते 24 घंटे में 32सी लखनऊ का टेंपरेचर रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। मार्च के महीने में सामान्यता लखनऊ का पारा तीन से चार डिग्री अधिक रहने की पूरी संभावना है।

**कानपुर में पारा 30 डिग्री पार**

कानपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 30.2सी और न्यूनतम 13.6सी रिकॉर्ड किया गया। वहीं मार्च में तापमान 40सी के पार जा सकता है। सीएसए के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि इस सप्ताह तापमान में तेजी से वृद्धि नहीं होगी। इस वर्ष मौसम में बदलाव अधिक दिख रहा है। फरवरी में इस बार अधिक गर्मी पड़ी है, जबकि यह महीना गुलाबी सर्दी का माना जाता है।

### कानपुर में भीषण हादसा, पेड़ से टकराई तेज रफ्तार पिकअप, तीन की मौत

घाटमपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। मुगल रोड पर परास मोड़ से आगे देवमनपुर गांव के पास गुरुवार भोर पहर एक तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं और दो बच्चे घायल हो गए। सभी जालौन के रहने वाले थे और फतेहपुर जा रहे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। जालौन के सावनाका मोहल्ला के रहने वाले 50 साल के गुड्डू आइसक्रीम बेचने का काम करते हैं। मोहल्ले के कई अन्य लोग भी यही काम करते हैं। सभी दूसरे जनपद जाकर कई-कई दिन रुककर आईसक्रीम बेंचने का धंधा करते हैं। रात गुड्डू अपनी पिकअप लेकर फतेहपुर के लिए निकले थे।

### नाबालिग लड़की का रेप 3 हैवानों ने अगवा किया, एक ने घर में बंदकर किया गंदा काम

सीतामढ़ी, 2 मार्च (एजेंसियां)। सीतामढ़ी में एक नाबालिग के साथ रेप हुआ। पहले उसे गांव के 3 हैवानों ने अगवा किया। इसके बाद पूरी रात बंधक बनाकर एक हैवान ने रेप किया। इतना ही नहीं किसी को कुछ बताने पर बेच देने की धमकी भी दी। घटना परिहार थाना इलाके की है। मामले के बाद लड़की के पिता में थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले में पर थानेदार मोसिर अली ने कहा कि रेप की बात सामने आई है। मामले में गांव के फकीर चंद, अजमल, अफज समेत 5 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

## शत्रु संपत्ति अतिक्रमण मामले में सपा नेता आजम खान की बहन और बड़े बेटे को समन

बरेली, 2 मार्च (एजेंसियां)। रामपुर की एक स्थानीय अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक नसीर अहमद खान, वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की बहन और बड़े बेटे तथा अन्य को शत्रु संपत्ति के अतिक्रमण के मामले में बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया है. अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर शत्रु संपत्ति के अतिक्रमण के मामले में 13 लोगों को आरोपी बनाया गया. कुछ आरोपी पूर्व में सुनवाई के दौरान अदालत में पेश नहीं हुए. अमरनाथ तिवारी ने कहा, ''जिन लोगों को चार मार्च को



अपना बयान दर्ज कराने के लिए अदालत ने समन भेजा है उनमें मौजूदा सपा विधायक नसीर अहमद खान, आजम खान के बड़े बेटे अदीब आजम खान, आजम खान की बहन निखत अफ़लाक और दो अन्य शामिल हैं.'' इससे पहले, समाजवादी पार्टी (सपा) से रामपुर जिले के स्वार क्षेत्र से निर्वाचित अब्दुल्ला आजम खान को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराये जाने के बाद उनका नाम रामपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से काट दिया गया था. रामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय रामपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक आकाश सक्सेना के एक आवेदन पर आया, जिसमें मांग की गई थी कि अब्दुल्ला आज़म खान का नाम मतदाता सूची से काट दिया जाए. अब्दुल्ला आजम खान भी आजम खान के बेटे हैं.

## पटना के मेयर चुनाव में

### महज 5429 वोट पाने वाली इस सेलिब्रिटी पर डीजीपी भट्टी ने लगवा दी लंबी दौड़



पटना, 2 मार्च (एजेंसियां)। सौंदर्य प्रतियोगिता मिसेज इंडिया की विजेता रहीं तो चर्चा में थीं। मेयर चुनाव में उतरी थीं तो चर्चा में थीं। लेकिन, मेयर चुनाव का परिणाम आया तो चर्चा से गायब हो गईं, क्योंकि विजयी सीता साहू के 154791 वोटों के सामने महज 5429 वोटों पर थीं श्वेता झा। पिछले महीने एक बार फिर चर्चा में आईं, जब पटना के कंकड़बाग में इनकी कार को कुछ लोगों ने तोड़-फोड़ दिया। तब श्वेता झा ने डीजीपी आर. एस. भट्टी को याद किया था। इस बार डीजीपी भट्टी ने इन्हें याद कर लिया है। याद भी ऐसा-वैसा नहीं। पुलिस के चक्कर में पड़ गई हैं। यहां से वहां दौड़ लगानी पड़ रही है। क्योंकि, इनका पिस्टल लहराता वीडियो सामने आया है। बियाडा की जिप्सी का इस्तेमाल करती दिखी हैं।

## शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान के खिलाफ दर्ज हुआ केस, विवादित संपत्ति का मामला



लखनऊ, 2 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गौरी खान के खिलाफ यह एफआईआर संपत्ति विवाद में दर्ज की गई है और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला आरोपित किया गया है। जानकारी के अनुसार मुंबई के रहने वाले जसवंत शाह ने गौरी खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया गया था कि गौरी खान जिस कंपनी की गौरी ब्रांड एंबेसडर थीं, वह कंपनी उसने 86 लाख रुपये चार्ज करने के बावजूद फ्लैट का कब्जा देने में नाकामयाब रहा है। शिकायतकर्ता जसवंत शाह का आरोप है कि उन्होंने लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में तुलसियानी गोल्फ व्यू स्थित फ्लैट बुक कराया था लेकिन कंपनी ने 86 लाख रुपये का भुगतान करने के बाद भी वो फ्लैट किसी और को दे दिया है। जसवंत शाह ने इस धोखाधड़ी के मामले में न केवल गौरी खान बल्कि तुलस्यानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक अनिल कुमार तुलस्यानी और उसके निदेशक महेश तुलस्यानी के खिलाफ भी शिकायत दर्ज की गई थी। मामले में गौरी खान के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत के बाबत जसंवत शाह का कहना है कि चूंकि गौरी खान तुलस्यानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट लिमिटेड की ब्रांड एंबेसडर थीं। जिस कारण वो तुलस्यानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट लिमिटेड से प्रभावित हुआ और फ्लैट की बुकिंग कराई थी।

### हिरासत में चित्रकूट जेल अधीक्षक और जेलर अब्बास और निखत मुलाकात मामले में बड़ा एक्शन



चित्रकूट, 2 मार्च (एजेंसियां)। बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी और निखत की मुलाकात के मामले में चित्रकूट जेल के अधीक्षक अशोक कुमार सागर और जेलर संतोष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों को पुलिस जल्द जेल भेज सकती है। दोनों पर जेल में अब्बास अंसारी और निखत को अनाधिकृत रूप से मिलाने का आरोप है। डिप्टी जेलर चंद्रकला को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बताते चलें कि चित्रकूट जिला जेल में 10 फरवरी को डीएम अभिषेक आनंद व एसपी वृंदा शुक्ला ने लखनऊ से मिली सूचना के आधार पर छापा डाला था। वहां से बंदी विधायक अब्बास अंसारी से गैर कानूनी तरीके से मिलते हुए उनकी पत्नी निखत बानो व उसके चालक नियाज को पकड़ा था। निखत के पास से विदेशी मुद्रा समेत कई मोबाइल व अन्य सामग्री बरामद हुई थी। 11 फरवरी को दोनों को जेल भेजा गया था। 17 फरवरी को दोनों को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। अब दोनों जेल में हैं। इसी बीच 20 फरवरी को मददगार सपा नेता फराज खान व दूसरे नवनीत सचान को 24 फरवरी को पुलिस ने पकड़कर लखनऊ जेल भेजा है।

## जिन्होंने राम को कोसा, उन्हें जनता ने कहां पहुंचा दिया

### वो भाग खड़े हुए: सीएम योगी का वार



लखनऊ, 2 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के विधानपरिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिन्होने राम को कोसा था,और कहते थे कि अयोध्या मे परिंदा भी पर नहीं मार सकता,उन्हे जनता ने कहां पहुंचा दिया,देख सकते हैं. अच्छा होता वो चर्चा मे भाग लेते, लेकिन वो भाग खड़े हुए. तुलसीदास जी ने मध्यकाल मे ही कहा था कि मेरा एक ही राजा है,राजा राम. सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बजट को एक थीम के साथ जोड़ा गया है. 2017 के पहले नौजवानों के सामने पहचान का संकट था. संगठित अपराध के साथ पैरलल सरकार चलती थी. बहन-बेटियों को सुरक्षा का खतरा था. आज छह वर्ष मे पहचान बदली. नौजवान आज गर्व से कहता है कि वह उत्तर प्रदेश का है. इसकी झलक पिछले दिनों में हुए कार्यक्रमों में देखने को मिला. प्रदेश मे ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन हुआ. पहले इन्वेस्टर समिट प्रदेश के बाहर दिल्ली,मुंबई मे होते थे.

**आज बेहतर लॉ एंड ऑर्डर है: योगी**

योगी ने कहा कि हमने 2018,2022 मे इन्वेस्टर समिट करके दिखा दिया. 33 लाख के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश के हर क्षेत्र के लिए आए. इसके लिए टीम यूपी लगातार काम करती रही. आज बेहतर लॉ एंड ऑर्डर है. बेहतर कनेक्टिविटी है. हमने सेक्टोरियल पॉलिसी बनाई है. एंटी भू माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है. आज हमारे पास भारी भरकम लैंड बैंक मौजूद है.'

**बजट समग्र विकास के लिए : योगी**

सीएम योगी ने कहा कि ये बजट सर्व समावेशी और समग्र विकास के लिए है. ये आत्मनिर्भर बनाने वाला है. वन ट्रिलियन इकॉनमी के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं. हमने जो कहा, कर के दिखा दिया. इस बजट मे हमने लोक कल्याण संकल्प पत्र के वादों को शामिल किया है. स्टेट एकसाइज़ मे आज 45 हजार करोड़ का लाभ प्राप्त हो रहा है. ये पैसे प्रदेश के थे. ये पहले इंग्लैंड मे होटल और, ऑस्ट्रेलिया मे टापू खरीदने मे चला जाता था!! ये लोग प्रदेश के बच्चों के हक को हड़प जाते थे,तब आपको जाति नही याद आती थी क्या? हम बच्चों के लिए पीएम श्री योजना के लिए स्कूल बनाने जा रहे हैं.अटल आवासीय योजना में उन बच्चो के भविष्य संवारने का कार्य हो रहा है. माध्यमिक विद्यालयों के रेनोवेशन के लिए बजट मे पैसे का प्रावधान है.

## बिहार में अब जात-पात और चोली

### लहंगा गाने वालों की खैर नहीं, सदन में कांग्रेस की विधायक ने उठाया मुद्दा



पटना, 2 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में भोजपुरी गीत लोगों को तो खूब पसंद आते हैं, लेकिन इन गानों पर अश्लीलता फैलाने के भी आरोप लगते हैं. भोजपुरी में अक्सर जाति को लेकर गाने गाए जाते हैं. चोली-लहंगा शब्द इस्तेमाल कर डबल मीनिंग वाले गाने गाए जाते हैं. इसे लेकर काफी बवाल मचता है. कुछ गानों में तो काफी अश्लील और आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया जाता है. इन गाने को लेकर अब सियासी गलियारों में भी हलचल है. बिहार विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है. इस दौरान भोजपुरी के अश्लील गाने का मुद्दा सदन में भी उठाया गया है. बुधवार को कांग्रेस की एक विधायिका ने ये मुद्दा सदन में उठाया है.

**प्रतिमा दास ने सरकार से पूछे सवाल**

भोजपुरी फिल्म और भोजपुरी एल्बम में अश्लीलता को लेकर बिहार विधानसभा में एक महिला विधायक ने इस मुद्दे को ध्यानाकर्षण में लाया है. कांग्रेस की महिला विधायक प्रतिमा दास ने सरकार से सवाल पूछा था कि जिस तरह के अश्लील गीत बनाए जा रहे हैं, उसमें कोई रोक-टोक नहीं ही नहीं है. भोजपुरी गायक अश्लीलता की हद पार करते हुए भोजपुरी गीत गा रहे हैं, जिसे समाज और परिवार के साथ सुनना शर्मिंदगी की बात हो गई है. महिला विधायक ने पूरी प्राथमिकता के साथ इस मुद्दे को उठाया है. हालांकि सरकार की ओर से आश्वासन भी दिया गया है कि इस मुद्दे को लेकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

**अश्लील भोजपुरी गीत**

बिहार में युवाओं की जुबान पर भोजपुरी गीत चढ़कर बोलता है. त्योहार से लेकर शादी में भी गाने बजते हैं. हालांकि कुछ सॉन्ग्स ऐसे बनाए जाते हैं जिसमें किसी जाति समुदाय को लेकर टारगेट किया जाता है. कभी कभी तो देश और बिहार के वरिष्ठ नेताओं को गाली देकर गाने बनाए जाते हैं. इसे लेकर बवाल भी मचता है. भोजपुरी गीत में होती अश्लीलता को लेकर कई बार विवाद भी होता है. कुछ दिन पहले ही एक सिंगर पर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री से लेकर बिहार के कई नेता को लेकर अभद्र टिप्पणी वाले गाने बनाने पर बवाल हुआ है. इसके लिए भोजपुर में मामला दर्ज भी किया गया है.

## सत्ता पक्ष पर भड़के सुशील सिंह

### कहा- मानसिक दिवालियापन को दर्शाते हैं नेताओं के विवादित बयान

आरा, 2 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के आरा में एक निजी क्लीनिक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए बीजेपी सांसद सुशील सिंह ने राजनीति से जुड़े कई सवालों का जवाब दिया. उन्होंने कहा कि जिस तरह से सत्ताधारी दल के नेताओं की ओर से बयान दिए जा रहे हैं, उसको मैं कभी दोहरा नहीं सकता लेकिन इस तरह के बयान से उनकी मानसिकता का पता चलता है. बीजेपी सांसद ने



कहा कि देश की सेवा में अपनी जान गंवाने वाले जवानों के सम्मान के प्रति क्या सोंच रखते हैं और उनकी सोच समाज के साथ-साथ देशहित में निंदनीय है.

## एससी/एसटी एक्ट के मामलों पर हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, समझौते के लिए करना होगा ये काम

इलाहाबाद, 2 मार्च (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि अगर एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो जाता है, तो शिकायत दर्ज कराने वाले पीड़ित को शासन द्वारा दिए गए मुआवजे को राजकीय कोष में जमा करना होगा। बगैर मुआवजा जमा किए संबंधित न्यायालय द्वारा समझौता सत्यापित नहीं किया जाएगा। अदालत ने कहा, समाज कल्याण विभाग से प्राप्त धन जमा करना अनिवार्य होगा और पार्टियों के बीच किसी भी समझौते के लिए यह शर्त होगी। दरअसल, झब्बू दुबे और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर एक आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने कहा, जब पक्षों के बीच समझौता हो जाता है, तो पीड़ित को कोई खतरा नहीं होता है। ऐसे में मुआवजे के रूप में दिए गए पैसे को पीड़ित को रखने का कोई औचित्य नहीं हो सकता है। पीड़ित को उस पैसे को राज्य सरकार को वापस करना चाहिए। यह निर्दोष करदाताओं की गाढ़ी कमाई है। गौरतलब है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत मामला दर्ज कराने पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के पीड़ित को राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अदालत ने निर्देश दिया कि जहां पीड़ित और अभियुक्त के बीच समझौता हुआ था, उसे संबंधित सत्र न्यायाधीश, एससी/एसटी अधिनियम द्वारा सत्यापित किया जाएगा, इसमें शीर्ष अदालत द्वारा गणना किए गए कारकों को ध्यान में रखा जाएगा। संतुष्ट होने के बाद संबंधित सत्र न्यायाधीश पीड़ित को 10 दिनों के भीतर राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग से प्राप्त पूरी राशि वापस जमा करने के लिए कहेगा और फिर अनुबंधों की पुष्टि करते हुए उपयुक्त आदेश पारित करेगा।

### धनरूआ खुब्बल यादव हत्याकांड में दो अपराधी गिरफ्तार, देसी कट्टा और 27 जिंदा कारतूस जब्त

पटना, 2 मार्च (एजेंसियां)। पटना के धनरूआ में जमीन विवाद में हुए खुब्बल हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरप्तार किया है.उनके पास से एक देसी पिस्तौल और 27 गोलियां जब्त की गई है. इस हत्याकांड में पीड़ित परिवार की ओर से 8 नामजद अभियुक्त बनाए गए थे. मामला 6 माह पूर्व का है. जहां धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर बाजार में अपनी दुकान बंद कर अपने घर जौदीचक जा रहे खुब्बल यादव को घात लगाए अपराधियों ने शाम को गोली मारकर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गए थे. दो आरोपी गिरफ्तार इस घटना में 8 आरोपियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद से पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही थी. ऐसे में उनके घर पर लगातार नेता मंत्री पहुंचकर पुलिस पर दबाव बना रहे थे. जिसको लेकर गुप्त सूचना के आधार पर बीती शाम कुशवन गांव के पास से शैलेश कुमार और राजू पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है. इनके पास से एक देसी कट्टा और तीन मोबाइल और 27 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. जबकि एक अभियुक्त धर्मवीर कुमार भागने में सफल रहा. जिसके पास एक देसी कट्टा और एक पिस्तौल था. गिरफ्तार शैलेश और राजू पासवान के ऊपर पहले से ही दो हत्या एक आमर्स एक्ट और 3 हत्या के प्रयास के मामले दर्ज है.

## उमेश पाल हत्याकांड: अतीक अहमद की बीवी शाइस्ता फरार

प्रयागराज, 2 मार्च (एजेंसियां)। उमेश पाल मर्डर केस में उत्तर प्रदेश की पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। इस बीच, खबर है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व सांसद अतीक अहमद की बीवी शाइस्ता परवीन घर छोड़कर फरार हो गई हैं। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। इस बीच, पुलिस की एक टीम आसपास के इलाकों में दबिश देकर शाइस्ता को खोज रही है। वहीं, हत्याकांड के बाद जारी पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के तहत बुधवार (1 फरवरी) को माफिया अतीक अहमद के खास जफर अहमद का चकिया स्थित मकान प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, अतीक के भाई अशरफ की बीवी जैनब



रूबी को हिरासत में लिया गया है। उससे ये पुछा जा रहा है कि शाइस्ता कहां गई। रिपोर्ट के अनुसार, जैनब अपने मायके इटावा में रहती थी। पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के अन्य गुर्गों के बारे में भी पूछताछ की। मगर, जैनब चुप रही। उसने पुलिस के हर सवाल का ना में जवाब दिया। पुलिस ने जैनब के मायके से अन्य लोगों को भी कस्टडी में ले लिया है। पुलिस को ऐसी आशंका है कि अपराधी गंगा पार कर के फरार हुए हैं या वहीं आसपास के इलाकों में छिपे हुए हैं। पुलिस इस आशंका के मद्देनजर गंगा पार के इलाकों में दबिश दे रही है। पुलिस को ऐसी आशंका है कि अतीक का बेटा असद अहमद अदालत में सीधे सरेंडर करने पहुंच सकता है। इस आशंका पर जिला कचहरी के आसपास के इलाकों पर भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी असद के सरेंडर की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। इससे पहले सपा के पूर्व सांसद और गैंगस्टर अतीक अहमद ने अपनी सुरक्षा के लिए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और दावा किया कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड मामले में आरोपियों के तौर पर गलत तरीके से शामिल किया गया है और यूपी पुलिस द्वारा उसे फर्जी एनकाउंटर में मारा जा सकता है। वहीं, आज प्रयागराज में सफदर अली के घर पर बुल्डोजर की कार्रवाई होने वाली है। सफदर अली हथियारों की सप्लाई करता था। बताया जाता है कि अतीक अहमद का खास था और गैंग को आर्म सप्लाई करता था। इसके घर पर नोटिस चस्पा कर घर खाली कराया जा रहा है । इस वक़्त साबरमती केंद्रीय जेल में कैद अहमद ने अपनी याचिका में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में दिये गये उस कथित बयान का हवाला दिया कि उसे पूरी तरह से मिट्टी में मिला दिया जायगा और दावा किया कि उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान का वास्तविक और प्रत्यक्ष खतरा है।

### किसकी शह पर विवादित बयान दे रहे हैं बलियावी, औवेसी की काट के लिए महागठबंधन ने मैदान में उतारा?



पटना, 2 मार्च (एजेंसियां)। गुलाम रसूल बलियावी ने एकबार फिर विवादित बयान दिया है. बलियावी ने कहा है कि सत्ता में बैठे लोग बुलडोजर लेकर पागलों की तरह हमारी मस्जिदों को तलाश रहे हैं. बिहार के इस जेडीयू नेता ने कहा कि मस्जिदों की जमीन हमारे बाप-दादा ने दी है. इसे जकात के पैसे से बनवाया गया है. जेडीयू के पूर्व एमएलसी गुलाम रसूल बलियावी ने कहा कि हमारी मस्जिदें हुकूमत के पैसों से नहीं बनी है. जो इमारतें आज खड़ी हैं उसके लिए हमने सीमेंट की बोरियां मांगी है. यह जकात के पैसों से बना है. मदरसों के लिए हमने दामन फैलाया है. लेकिन आज सत्ता में बैठे कुछ लोगों का बुलडोजर आवारा पागल की तरह हमारी मस्जिदों की तलाश कर रही है. बलियावी ने कहा कि अब कागज ढूंढे जा रहे हैं. इसके बाद मैं उलेमाओं से कह रहा हूं अगर अब भी होश में नहीं आए तो लाशें तो रहेंगी लेकिन कफन ओढ़ाने वाला कोई नहीं रहेगा. यह पहली बार नहीं है जब जेडीयू नेता गुलाम रसूल बलियावी ने इस तरह के बयान दिए हों. इससे पहले भी उन्होंने सामाजिक ताने बाने को नुकसान पहुंचाने वाले बयान दिए थे.

# दिल्ली में लोकसभा की सभी 7 सीटें जीतने के लिए 'आप' की नई कैबिनेट का जातीय समीकरण

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद अरविंद केजरीवाल ने कैबिनेट फेरबदल का फैसला किया है. केजरीवाल ने सौरभ भारद्वाज और आतिशि को कैबिनेट मंत्री बनाने की सिफारिश उप-राज्यपाल को भेजा है. 10 साल बाद केजरीवाल कैबिनेट में किसी महिला को जगह मिली है. कैबिनेट फेरबदल में 2024 चुनाव को भी फोकस किया गया है. आतिशि को कैबिनेट में जगह देकर आप जहां जातिगत समीकरण फिट करने की कोशिश में है, वहीं उनके सहारे पार्टी आधी आबादी में भी पैठ करना चाहती है. 2019 में जब केजरीवाल तीसरी बार कैबिनेट मंत्री बने थे, तो उन्होंने पुरानी कैबिनेट ही बरकरार रखने का फैसला किया था, लेकिन पिछले 3 साल में 3 मंत्री बदले जा चुके हैं. आतिशि के अलावा कैबिनेट में ब्राह्मण जाति से आने वाले सौरभ भारद्वाज को भी जगह दी गई है. भारद्वाज अरविंद केजरीवाल सरकार में 2013 में भी मंत्री रह चुके हैं. दिल्ली कैबिनेट में आतिशी-सौरभ के साथ-साथ गोपाल राय, इमरान हुसैन, राज कुमार आनंद और कैलाश गहलोत हैं. आप ने जातिगत के अलावा मंत्रिमंडल में क्षेत्रिय समीकरण का भी ख्याल रखा है. केजरीवाल कैबिनेट में कौन से मंत्री किस समीकरण को साधने का काम करेंगे.







1. गोपाल राय- भूमिहार जाति से आने वाले गोपाल राय यूपी के मऊ जिले से आते हैं. राय को 2014 में कैबिनेट मंत्री बनाया गया था. आंदोलन के जरिए गोपाल राय की जमीन पर मजबूत पकड़ है. राय दिल्ली प्रदेश आप के अध्यक्ष भी हैं और पूर्वांचल के लोगों में खासे लोकप्रिय हैं. दिल्ली में 15 फीसदी के आसपास पूर्वांचल के वोटर्स हैं, जिनका डेढ़ दर्जन से अधिक सीटों पर दबदबा है. पिछले चुनाव में आप ने इन इलाकों में एकतरफा जीत दर्ज की थी. उत्तर-पूर्वी के बाबरपुर से गोपाल राय विधायक हैं. यह सीट 2015 से पहले बीजेपी का गढ़ हुआ करता था. राय ने बीजेपी के कद्दावर नेता नरेश गौड़ को इस सीट से हराया था.

2. इमरान हुसैन- बल्लीमारान से विधायक इमरान हुसैन केजरीवाल की सरकार में खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग के मंत्री हैं. हुसैन दिल्ली कैबिनेट में एकमात्र मुस्लिम चेहरे भी हैं. 2015 में केजरीवाल कैबिनेट में पहली बार शामिल किया गया था. हुसैन को आसिम अहमद खान की जगह पर मंत्री बनाया गया था. दिल्ली में मुस्लिम वोटरों की संख्या भी करीब-करीब 15 फीसदी हैं. पुरानी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली के अधिकांश सीटों पर मुसलमान वोटर निर्णायक स्थिति में रहते हैं. हाल ही के नगर निगम चुनाव में केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम बहुल इलाकों में हार का सामना करना पड़ा था.

3. राजकुमार आनंद- यूपी के अलीगढ़ में जन्मे राज कुमार आनंद को हाल ही में केजरीवाल कैबिनेट में शामिल किया गया है. उन्हें विवादित टिप्पणी करने वाले राजेंद्र पाल गौतम की जगह मंत्री बनाया गया. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी दलित वोटरों की आबादी करीब 17 फीसदी के आसपास है. दिल्ली में विधानसभा की 12 सीटें दलितों के लिए आरक्षित की गई है. लोकसभा की भी एक सीट रिजर्व कैटेगरी में है. दलित वोटरों का दिल्ली विधानसभा के 20 सीटों पर सीधा दबदबा है. लोकसभा की 3 सीटों पर भी दलित वोटर ही जीत और हार तय करते हैं. यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल ने 49 दिन की सरकार में 2 दलित राखी बिड़लान और गिरिश सोनी को मंत्री बनाया था. हालांकि, उसके बाद कैबिनेट में सिर्फ एक दलित को जगह मिल पाई. राज कुमार आनंद के सहारे दिल्ली के दलित वोटरों को साधने की कोशिश में आप है. आनंद पश्चिमी यूपी से आकर दिल्ली में बसे वोटरों के बीच काफी पैठ रखते हैं.

4. कैलाश गहलोत- जाट परिवार से आने वाले कैलाश गहलोत नजफगढ़ से विधायक हैं. दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में गहलोत की पकड़ मजबूत मानी जाती है. दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में 15 फीसदी मतदाता करीब एक दर्जन सीटों पर असर रखती है. बाहरी दिल्ली की अधिकांश सीटों पर जाट मतदाताओं का भी दबदबा है. 20 फीसदी मतदाता दिल्ली में किंगमेकर की भूमिका निभाते हैं. राष्ट्रीय राजधानी में जाट वोटर इसलिए भी मायने रखते हैं क्योंकि पश्चिमी यूपी और हरियाणा के बॉर्डर इससे लगे हुए हैं. गहलोत पर हाल ही में जेल बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने पैसा लेने का आरोप लगाया था. इसके बावजूद गहलोत पर आप ने कोई कार्रवाई नहीं की. सिसोदिया और जैन के जाने के बाद माना जा रहा है कि गहलोत का कद कैबिनेट में सबसे बड़ा रहेगा.

5. सौरभ भारद्वाज- आप का ब्राह्मण चेहरा सौरभ भारद्वाज 49 दिन की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं. भारद्वाज टीवी पर पार्टी का चेहरा भी हैं. ईवीएम हैक किया जा सकता है, इसका लाइव डेमो विधानसभा के भीतर सौरभ भारद्वाज ने ही दिया था. भारद्वाज अन्ना आंदोलन के वक्त से ही आप से जुड़े हुए हैं. 2013 में भारद्वाज ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता वीके मल्होत्रा के बेटे अजय मल्होत्रा को ग्रेटर कैलाश सीट से हराया था. इसके बाद वे लगातार 3 बार से विधायक हैं. सौरभ भारद्वाज को संगठन और सरकार दोनों के बीच काम करने का अनुभव है. राजधानी में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब 10 फीसदी है. इसी वोटबैंक को देखते हुए कांग्रेस ने शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बताया था, लेकिन शीला की सरकार जाने के बाद ब्राह्मण वोटर बीजेपी की ओर मूव कर गए. भारद्वाज को कैबिनेट में शामिल कर आप इन वोट बैंक को अपनी ओर खिंचने की कोशिश करती दिख रही है.

6. आतिशि राजपूत- दिल्ली में राजपूत वोटर्स सिर्फ 1 फीसदी है, इसके बावजूद केजरीवाल कैबिनेट में राजपूत मंत्रियों का दबदबा कायम रहता है. 2015 में केजरीवाल ने सिसोदिया के अलावा जितेंद्र तोमर को भी राजपूत कोटा से मंत्री बनाया था. अब जबकि सिसोदिया और तोमर कैबिनेट में नहीं है तो इनकी भरपाई का जिम्मा आतिशि को दी गई है. राजपूत बिरादरी से आने वाली आतिशि कालकाजी सीट से विधायक हैं. केजरीवाल कैबिनेट को 10 साल बाद आतिशि के रूप एक महिला मंत्री मिल रही है. आतिशि के जिम्मे आधी आबादी को भी साधना है. तेजतर्रार युवा नेता आतिशी की संगठन में भी मजबूत पकड़ है और सिसोदिया के करीबी मानी जाती हैं.

### कैबिनेट फेरबदल से 2024 पर नजर

दिल्ली में लोकसभा की कुल 7 सीटें हैं और सभी पर बीजेपी का कब्जा है. राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद आप की कोशिश अब संसद में मजबूत दावेदारी मौजूद करवाने की है.पार्टी ने इसके लिए लंबे वक्त से तैयारी कर रही है. कैबिनेट फेरबदल पर भी 2024 का छाप साफ दिख रहा है. एमसीडी में जीतने का बाद आप का पूरा फोकस दिल्ली लोकसभा चुनाव पर है.

### सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद दिया था इस्तीफा

शराब टेंडर घोटाले में सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था. कोर्ट से इस मामले में राहत नहीं मिली. सर्वोच्च अदालत ने कहा कि आप हाईकोर्ट जाइए. सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद मनीष सिसोदिया ने इस्तीफा दे दिया था. सिसोदिया के साथ ही सत्येंद्र जैन ने भी मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा भेज दिया था. मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैन 9 महीने से जेल में बंद हैं. सिसोदिया पर आरोप है कि उन्होंने शराब माफियाओं से पैसे लेकर पहले ही पॉलिसी लीक कर दिया था. सिसोदिया ने उस वक्त एक दिन में 3 फोन भी बदले थे.

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बोले
# कश्मीरी पंडितों को बेघर करने वालों को अल्लाह का अजाब भुगतना पड़ेगा



बरेली, 2 मार्च (एजेंसियां)। बरेली में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि अल्लाह इंसाफ पसंद और इंसान की बात करने वालों को पसंद करता है। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडितों को रातों-रात उजाड़ा गया। उनको घर छोड़ने पर मजबूर किया गया। ऐसा करने वालों को अल्लाह का अजाब भुगतना पड़ेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को सर्किट हाउस में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी की 'मुफ्ती आजम और उनके खुल्फा' किताब का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अल्लाह लोगों की मदद करने की बात करता है। दूसरों पर जुल्म की मना करता है। जिनके ऊपर जुल्म किया जाता है, उनको लड़ने की इजाजत है। मगर जुल्म करने के लिए लड़ने की इजाजत कुरान नहीं देता। आरिफ मोहम्मद खान कहा कि कश्मीरी पंडितों को घर छोड़ने पर मजबूर किया गया था। अल्लाह का अजाब (सजा) उन पर बरपेगा। उन्होंने मौलाना शहाबुद्दीन रजवी पर पर कहा कि सोचिए सऊदी अरब में पैदा हुए होते तो यह किताब तक नहीं छाप सकते हैं। इस देश में हजारों साल विदेशी हुकूमत रही, लेकिन इस देश की संस्कृति पर कभी खतरा नहीं पैदा हुआ। उन्होंने बरेली के एक मुस्लिम नेता का नाम लिए बिना कहा है कि खुदा चाहता तो सभी एक ही दीन के लोग होते, लेकिन जब अल्लाह अलग अलग धर्म के लोगों को बनाए रखना चाहता है तो तुम लोग अल्लाह के मर्जी में दखल दे रहे हो। राज्यपाल किताब का विमोचन करने के बाद सर्किट हाउस से पुराना शहर में कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए रवाना हो गए।

# बच्चों को वियाग्रा देकर आतंकी महिलाएं बना रहीं संबंध
## किसी ने आंतक के लिए छोड़ा देश तो कोई टीचर की नौकरी छोड़ बनी आतंकी

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। सीरिया के रिफ्यूजी कैंप 'द अल होल' में 13 साल के बच्चों को वियाग्रा दिया जा रहा है। उनके साथ ऐसा सीरिया डिटेशन कैंप में रहने वाली आईएसआईएस महिलाएं कर रही हैं। ऐसा करने के पीछे उनका मकसद इस्लामी आबादी को बढ़ाना बताया जा रहा है। ये महिलाएं बच्चों को वियाग्रा देकर उनसे संबंध बनाती हैं।




### कैंप के गार्ड से बच्चों ने की शिकायत

इस मामले का खुलासा दो बच्चों की शिकायत के बाद हुआ। दरअसल, कैंप में रह रहे 13 साल के अहमत और 14 साल के हमीद ने मदद के लिए गार्ड से गुहार लगाई। खबरों की मानें तो दोनों बच्चों ने गार्ड से कहा कि 'हमें आतंकी महिलाओं के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। क्या आप हमें यहां से बार निकाल सकते हैं?' अहमत और हामिद ने हाल ही में खुले ऑर्केश रिहैब फैसिलिटी के कर्मियों को बताया कि कई आईएसआईएस महिलाओं ने उनका यौन शोषण किया। उनमें से एक को कुछ ही दिनों में आठ महिलाओं के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया था। बता दें कि साल 2019 में आईएसआईएस के हारने के बाद, सीरियाई सरकार ने लगभग 8,000 महिलाओं और बच्चों को हिरासत में ले लिया, जो आतंकी संगठन से जुड़े थे। पुरुष आईएसआईएस आतंकियों को अलग शिविरों में रखा जाता है।

### 100 से अधिक लड़कियों-बच्चों को हथियार चलाना सिखाया

अमेरिका के कंसास की रहने वाली 42 साल की एलिसन फ्लूक-एकरेन मां होने के साथ ही स्कूल टीचर भी थी। लेकिन बाद में वो आईएसआईएस की लीडर बन गई। एलिसन ने 2011 में आंतकी ग्रुप के साथ काम करने के लिए अमेरिका छोड़ दिया और पहले लीबिया फिर सीरिया में उनके साथ काम किया। साल 2021 में एलिसन फ्लूक-एकरेन ने माना कि उसने सीरिया में आईएसआईएस की महिला मिलिट्री ग्रुप को लीड किया था। और वो वहां आर्म्स की ट्रेनिंग देती थी। एलिसन को पिछले साल अक्टूबर में ही दोषी पाया गया था और 20 साल की सजा सुनाई गई थी। एलिसन पर 100 से ज्यादा बच्चों-लड़कियों को ट्रेनिंग देने का भी आरोप था। लेकिन वर्जीनिया कोर्ट में एलिसन ने अपना जुर्म कबूलते हुए कहा कि उसने महिला और लड़कियों को ट्रेनिंग दी है। लेकिन उसने बच्चों को कभी ट्रेनिंग नहीं दी है।

### 15 साल की उम्र में आतंक का रास्ता चुनने वाली शमीमा बेगम

शमीमा बांग्लादेश मूल की ब्रिटिश नागरिक हैं। साल 2015 में अपनी दो सहेलियों के साथ आईएसआईएस में शामिल होने के लिए सीरिया चली गई। उस वक्त उसकी उम्र मात्र 15 साल थी। सीरिया जाने के बाद बाकी दो लड़कियों का तो कोई पता नहीं चल सका। जबकि, शमीमा ने तुर्की पहुंचने के 10 दिन बाद रक्का में डच आतंकी से शादी कर ली। शमीमा पर आरोप है कि वो फिदायीन हमलावरों के लिए जैकेट बनाने में माहिर है। हालांकि वो इससे इनकार करती है। साल 2019 में वो आईएसआईएस का साथ छोड़कर अल हॉल रिफ्यूजी कैंप में रहने लगी। उस वक्त वो तीसरी बार मां बनने वाली थी। वो पहले भी दो बार मां बन चुकी है लेकिन उसका एक भी बच्चा आज जिंदा नहीं है। शमीमा ने एक इंटरव्यू में कहा कि उसकी गलती बस इतनी है कि उसने एक आतंकी से शादी की। इसके अलावा उसने कोई गलत काम नहीं किया है।

## डिफेंस कॉलोनी में पति ने किया सुसाइड, सदमे में पत्नी ने भी दे दी जान, पुलिस कर रही मामले की जांच

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। साउथ दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाना इलाके के हुडको प्लेस में एक पति-पत्नी के आत्महत्या की खबर से हर ओर सनसनी मच गई है। बताया जा रहा है कि पहले पति ने आत्महत्या की और बाद में उसके मौत के सदमें में पत्नी ने भी जहर खाकर अपनी जान दे दी। दोनों की एक साल पहले ही शादी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान अजयपाल (37) और मोनिका (32) के रूप में हुई है। अजयपाल एयरफोर्स में अधिकारी रह चुके हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार गुरुवार तड़के मोनिका ने जब पति को बेहोश हालत में और उनके मुंह से झाग निकलते देखा तो वह घबरा गई। वह पति अजयपाल को लेकर अस्पताल पहुंची जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद वह अस्पताल से घर आई और उसने खुद भी जहर पी लिया।

# 1993 सीरियल धमाकों के सरकारी गवाह ने मुंबई पुलिस को शराब के नशे में किया कॉल, हुआ गिरफ्तार

मुंबई, 2 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई में पुलिस ने एक 52 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी की पहचान मंजूर कुरैशी के तौर पर की है. मंजूर कुरैशी पर आरोप है कि उसने नशे के हालत में पुलिस को कॉल कर झूठी शिकायत की है. मंजूर कुरैशी ने कॉल कर जानकारी दी थी कि दो लोगों ने उसे बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार को गोली मारने के लिए कहा है. उसने कहा कि वो पुलिस को कॉल इस वजह से कर रहा है, ताकि उसे मदद मिल सके. बता दें कि आरोपी साल 1993 में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में सरकारी गवाह रह चुका है. साथ ही आरोपी कई साल जेल में भी बिता चुका है. बांद्रा इलाके के निर्मल नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी मंजूर कुरैशी ने 28 फरवरी के दिन मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को कॉल किया.

### शराब के नशे में किया कॉल

पुलिस ने कॉल के आधार पर बांद्रा इलाके में तलाशी लेना शुरू किया और कॉलर का पता लगाया. जिसके बाद पुलिस ने देखा कि वो शराब के नशे में था. पुलिस ने एक दिन इंतजार किया ताकि उसका नशा उतरे और आगे की जांच की जा सके. सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के रिश्तेदारों से पूछताछ की और कई लोगों से मामले को समझा. जिसके बाद पुलिस को पता चला कि मंजूर कुरैशी ने अपने रिश्तेदारों से शराब के लिए पैसे मांगे थे. उसके रिश्तेदारों परवेज कुरैशी और जावेद कुरैशी ने जब उसे पैसे देने से इंकार कर दिया, तब आरोपी मंजूर ने उन दोनों को सबक सिखाने के लिए मुंबई पुलिस के कंट्रोल पर कॉल कर दिया. जिसमें उसने कहा कि उसे उन दोनों ने बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार को गोली मारने को कहा है.



### आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने मंजूर के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 (2), 505(1) और 182 के तहत मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है. बता दें कि पुलिस मंजूर कुरैशी को पहले भी कई मामलों में गिरफ्तार कर चुकी है. साथ ही उसने 12 मार्च 1993 को बॉम्बे में दो घंटे के भीतर सिलसिलेवार 12 धमाके हुए थे, उसमें सरकारी गवाह के तौर पर भी रह चुका है.

### सीरियल ब्लास्ट में 14 दोषियों को सुनाई गई थी फांसी

मुंबई 1993 सीरियल बम धमाकों में 257 लोगों की मौत हुई थी, साथ ही करीब 713 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए थे. जिसके बाद मुंबई पुलिस ने इस केस में 4 नवंबर, 1994 को 10 हजार पन्नों की चार्जशीट दायर की थी. टाडा कोर्ट में 22 साल तक इस मामले की सुनवाई चली. 600 लोगों की गवाही के बाद 2006 में कोर्ट ने मुख्य आरोपी टाइगर मेमन के भाई याकूब मेमन और संजय दत्त समेत 100 लोगों को दोषी ठहराया था, जबकि 23 लोग बरी हुए थे. इस केस में अब तक कुल 14 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई. इनमें से याकूब मेमन को 2015 में फांसी पर चढ़ाया जा चुका है. अबू सलेम समेत 22 दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई. अवैध हथियार मामले में संजय दत्त अपनी सजा पूरी कर चुके हैं. फिलहाल इस मामले में टाइगर मेमन और दाऊद इब्राहिम समेत 27 आरोपी फरार हैं.

# "क्योंकि सास भी कभी बहू थी, सीरियल में मुझे मिलते थे 1,800 रुपए"
## स्मृति ईरानी के बयान पर लोग करने लगे सिलेंडर के दाम कम करने की मांग



नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के बाद विरोधी सरकार पर हमलावर हैं। सोशल मीडिया पर लोग केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को निशाने पर लेकर तंज कस रहे हैं। इसी बीच आईआईएम उदयपुर पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने पुराने दिनों को याद करने हुए कहा कि भारत में पहला मेक्डोनल्स रेस्टोरेंट खुला था, मैं उसमें काम करती थी। वहां से आज केन्द्रीय मंत्री बनने का सफर महिला होते हुए मैंने तय किया।

### क्या बोलीं स्मृति ईरानी?

स्मृति ईरानी ने यह भी कहा कि "क्योंकि सास भी कभी बहू थी" टीवी सीरियल की शुरुआत में मुझे 1800 रुपए मिलता था। सक्रिय राजनीति में आने की इच्छा के कारण मैंने इस सीरियल को छोड़ा था। सीरियल को ऐसे समय छोड़ा, जब यह खासा लोकप्रिय हो रहा था। उन्होंने कहा कि भारत इकलौता देश हैं जहां महिलाएं हर पहलू में दूसरे देशों से आगे हैं। देश के सर्वोच्य पद पर महिला द्रोपदी मुर्मू हमारे लिए सबसे बड़ा उदहारण हैं। सोशल मीडिया पर स्मृति ईरानी के इस बयान पर तमाम लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

### यूजर्स की प्रतिक्रियाएं

सोशल मीडिया पर लोग केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के इस बयान पर गैस सिलेंडर के दाम का जिक्र कर महंगाई घटाने की मांग करने लगे। यूजर ने लिखा कि आज अगर इतनी ही सैलरी मिल रही होती तो 2 सिलेंडर भी ना मिल पाते। एक यूजर ने लिखा कि लगता है भाजपा के नेताओं को झूठ बोलने की अलग से ट्रेनिंग दी जाती है इतने सहज और आत्मविश्वास के साथ झूठ बोलते हैं। क्या ही कहा जाए। यूजर ने लिखा कि आज 1102 रुपया गैस का सिलेंडर है। बहु सांस को बोल रही गैस जरा कम खर्च करना। मेरी नौकरी भी चली गई है। यूजर ने लिखा कि गनीमत है तब मोदी सरकार नहीं थी, नहीं तो सारी सैलरी गैस सिलेंडर में ही खर्च हो जाती। यूजर ने लिखा कि अच्छा अब समझ आया कि जब तक सिलेंडर की कीमत 1800 तक नहीं आयेगी.. तबतक ये कुछ नहीं बोलेंगी। यूजर ने लिखा कि तो एलपीजी सिलेंडर का भी दाम 1800 करना चाहिए। बता दें कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला विकास को लेकर किए गए कामों पर जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आपका रोल मॉडल कौन हैं तो उन्होंने अपनी मां को रोल मॉडल बताया। वे बोलीं, जब मैं पहली बार सांसद का चुनाव जीती और दिल्ली में मुझे जो सरकारी आवास मिला था। उसके सामने ताज होटल था, जिसमें मेरी मां काम करती थीं। मैंने एक दिन उस होटल में जाकर सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# तीन शादी और तीन तलाक: पहली पत्नी छोड़ ट्रांसजेंडर से की शादी
## बिरादरी ने निकाला तो लाया तीसरी बीवी और अब...




नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर पूर्वी दिल्ली से एक तीन तलाक का मामला सामने आ रहा है जिसमें एक पति ने अपनी पहली पत्नी को तीसरी शादी के बाद न सिर्फ मारपीटकर अपने घर से निकाल दिया बल्कि उससे पहले उसने तलाक-तलाक-तलाक कहकर तीन तलाक दे दिया। पीड़ित महिला ने भजनपुरा थाने में घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने 'मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज एक्ट- अगेंस्ट ट्रिपल तलाक' कानून के तहत शिकायत दर्ज की है। पुलिस ने जानकारी दी है कि उन्हें 30 जून 2022 को भजनपुरा थाने में घरेलू हिंसा की शिकायत मिली थी। महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी शादी आफताब से 32 साल पहले हुई थी। उनकी शादी से छह बच्चे हैं। उसके पति ने उसे छोड़कर एक किन्नर से शादी कर ली। इसके फलस्वरूप उसे बिरादरी से बाहर कर दिया गया। अब उसके पति ने दूसरी बीवी को छोड़कर एक अन्य महिला से तीसरी शादी कर ली है। महिला ने अपनी शिकायत में आगे बताया कि तीसरी शादी के बाद वह करदमपुरी में रहने लगा। अब वह उसे घर से निकलने के लिए दबाव बनाने लगा है। सात जुलाई 2022 को उसके पति ने उसे पीटा और घर से निकालने से पहले तीन तलाक दे दिया। महिला की शिकायत अब क्राइम अगेंस्ट वुमन सेल को काउंसलिंग के लिए भेजी गई है। उसकी शिकायत के आधार पर तीन तलाक कानून की धारा 4 के अनुसार आरोपी पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले भगवंत मान
## बॉर्डर सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर चर्चा

चंडीगढ़, 2 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में ड्रोन घुसपैठ, बॉर्डर सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर चर्चा हुई। अजनाला में खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके समर्थक तलवार और बंदूकें लेकर अपने एक सहयोगी की रिहाई के लिए पुलिस से भिड़ने की घटना के बाद सीएम और गृहमंत्री की पहली मुलाकात है। पंजाब की आप सरकार राज्य में कथित रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर विपक्षी दलों के निशाने पर है। जहां भाजपा ने राज्य में राज्यपाल शासन की मांग की है, वहीं पंजाब कांग्रेस ने अजनाला में पुलिस कर्मियों पर हमला करने के लिए अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों की गिरफ्तारी की मांग की है। मुख्यमंत्री मान के पास ही गृह मंत्रालय भी है। अजनाला की घटना के बाद सीएम ने कहा था कि उनकी सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखेगी और किसी को भी इसकी शांति भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पंजाब के आतंकवाद के दौर का जिक्र करते हुए मान ने कहा कि अतीत में काले दिनों के कारण राज्य और यहां के लोगों ने बहुत कुछ झेला है और वे केवल शांति और प्रगति चाहते हैं। मान ने यह भी कहा कि हालांकि कुछ विखंडित करने वाली ताकतें लगातार राज्य की शांति और प्रगति को पटरी से उतारने की कोशिश कर रही हैं,



स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 3 मार्च- 2023

# शिक्षा: सामाजिक परिवर्तन का उपकरण



सलिल सरोज

शिक्षा, समाज, राजनीति, धर्म और संस्कृति का अटूट संबंध है। सामाजिक परिवर्तन एक सतत घटना है। हम अब एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जो तेजी से बदल रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के चमत्कारों ने जीवन के तरीके और जीवन के प्रति दृष्टिकोण को इतना बदल दिया है कि हम नहीं जानते कि इसके साथ कैसे तालमेल बिठाया जाए और उचित समायोजन कैसे किया जाए। सामाजिक मूल्य, मानवीय मूल्य, अंततः एक निश्चित समय में समाज के स्वास्थ्य और बीमारी का निर्धारण करते हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि छात्र वही करते हैं जो शिक्षक करते हैं; लोग शासकों - राजनेता और नौकरशाह का अनुसरण करते हैं; बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा, उनके वफादार अनुयायियों को उनके धार्मिक नेताओं द्वारा ढाला जाता है। हालांकि, आज जीवन के हर क्षेत्र में उथल-पुथल और भ्रम है। बच्चे, जो अपने माता-पिता द्वारा लाड़-प्यार में अनुशासनहीन कर दिए जाते हैं, उन्हें वयस्क होने पर अनुशासित और आज्ञाकारी होने का आदेश दिया जाता है। लड़कियों और लड़कों, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग मूल्य और मानदंड निर्धारित हैं। चरित्र जो एक व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता है, बचपन में परिवार और समाज दोनों में नजरअंदाज कर दिया जाता है। ₹चरित्र वह है जिस पर किसी राष्ट्र की नियति का निर्माण होता है।₹ जवाहरलाल नेहरू बताते हैं कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोग गांधीजी से कैसे प्रभावित हुए थे। परिस्थितियों से मजबूर लोगों के लिए खुद को अपने सामान्य स्तर से ऊपर उठाने के लिए, पहले की तुलना में और भी निचले स्तर पर वापस जाने के लिए उपयुक्त हैं। आज हम कुछ ऐसा ही देखते हैं ... इससे भी बुरा यह है कि इन मानकों को बढ़ाने के लिए सामान्य रूप से कम किया जा रहा है। गांधी ने अपना जीवन सामाजिक उत्थान को समर्पित कर दिया था। कई बार राजनीति विद्वेष पैदा कर देती है। भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद समाज के हर तबके में व्याप्त है। जनसंख्या, गरीबी, बीमारी, कुपोषण और अशिक्षा पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। दहेज, दुल्हन को जलाना, आतंकवाद दिन का क्रम है। महिला विकास राजनेताओं का फोकस है, लेकिन पुरुष विकास का नहीं। छोटे चरित्र के पुरुषों और महिलाओं के साथ कोई राष्ट्र नहीं हो सकता।₹ संसद में पारित कानूनों को ठीक से लागू नहीं किया जाता है क्योंकि अधिकांश आम लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी नहीं होती है और उनका प्रचार-प्रसार करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और सत्ता के भूखे राजनेताओं द्वारा शोषण किया जाता है। समन्वय, व्यापक योजना और प्रबंधन की कमी है और सबसे महत्वपूर्ण आम लोगों की चिंता मूल विषय से नदारद है। आजादी के बाद भी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों के आरक्षण के अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए किसी ने गंभीरता से प्रयास नहीं किया। साधन, जो सीमित हैं, बर्बाद हो जाते हैं। आईआईटी, प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों ने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 80% विकसित देशों में चले जाते हैं। उच्च पदों पर बैठे लोगों के बच्चों को उन लोगों के लिए कोई सरोकार, कोई दायित्व नहीं है जिनका पैसा उनकी शिक्षा और प्रशिक्षण में जाता है। उन्हें न तो अपने देश पर गर्व है और न ही देश उन्हें बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन देता है। एक व्यक्ति जितनी अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त करता है, उतनी ही अधिक डिग्रियाँ प्राप्त करता है, दहेज की माँग भी उतनी ही अधिक होती है। डिग्री केवल भौतिक मामलों में आत्म-उन्नति के लिए, किसी की स्थिति को बढ़ाने और जल्दी पैसा बनाने के लिए एक साधन है। इन सभी बीमारियों के लिए शिक्षा को रामबाण माना जाता है। विद्वानों, वैज्ञानिकों और तकनीशियनों को गरीबी, बेरोजगारी, बीमारी और मानव पतन से लड़ने की आवश्यकता है। शिक्षा की वर्तमान प्रणाली में कुछ दोष हैं। हमारे जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए विज्ञान आवश्यक है लेकिन मानविकी की तुलना में विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में छात्रों को प्रशिक्षित करना महंगा है। राष्ट्रीय परंपरा की उपेक्षा की गई है। वर्तमान पीढ़ी जड़विहीन है। सामान्य शिक्षा की क्या जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा परिषद छात्रों को उनकी महान राष्ट्रीय विरासत और विज्ञान के साथ-साथ पारंपरिक मूल्यों को समझने में शिक्षित करके राष्ट्रीय भावना को विकसित करने में रुचि रखती थी। सत्य और असत्य की दुनिया, सही और गलत, सुंदरता और कुरूपता की दुनिया विज्ञान की दुनिया से अलग है। धर्म एक अन्य बाध्यकारी शक्ति है, हालांकि ऐसा लगता है कि यह समाज को विभाजित कर रहा है। हमारे महाकाव्य, हमारे साहित्यिक ग्रंथ, हमारे धार्मिक तीर्थ, देश की एकता की घोषणा करते हैं। आखिरकार धर्म सही विश्वास, सही भावना और सही कार्य है ..., यह बौद्धिक विश्वास, भावनात्मक परमानंद या सामाजिक सेवा तक ही सीमित नहीं है। शिक्षा की किसी भी अच्छी प्रणाली का उद्देश्य व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए, जिससे वह ज्ञान और ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम हो सके। साहित्य, धर्म और दर्शन का अध्ययन उसे ज्ञान प्राप्त करने में मदद करता है। तभी वह ब्रह्मांड के नियमों को समझ सकता है अन्यथा वह लालच, चिंता आदि से पीड़ित होगा।


भारतीय संस्कृति जितनी बदलती है, उतनी ही वैसी ही रहती है। जानकारी, ज्ञान, विज्ञान सब व्यर्थ है अगर एक शिक्षित व्यक्ति में चीजों को शांति से देखने की क्षमता नहीं है। राजनीति अब शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग बन चुकी है। यह शिक्षक संघों, छात्र संघों आदि में विशेष रूप से स्पष्ट है। हड़तालों और चुनावों के दौरान पैसा और शक्ति तबाही मचाते हैं। यहां तक कि पदोन्नति भी सत्ता में बैठे लोगों की सनक पर निर्भर करती है। इसलिए, प्रतिबद्ध शिक्षकों को इस प्रक्रिया में नजरअंदाज किया जाता है, वे हतोत्साहित और निराश होते हैं। डर की राजनीति हावी है। शैक्षणिक माहौल खराब हो गया है, हालांकि किसी तरह शिक्षण संस्थान अभी भी ज्ञान प्रदान करने का प्रबंधन करते हैं। शिक्षा के लिए अनुदान के आवंटन में कमी, (बजट में शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दी गई) के परिणामस्वरूप मानकों में गिरावट आई। जिस समाज में सम्मान भौतिक संपत्ति पर निर्भर करता है, वहां शिक्षकों का सम्मान गायब हो जाता है। शिक्षण अब एक विद्वान की पहली पसंद नहीं है। नतीजा यह होता है कि बेहतरीन दिमाग वाले अब इस पेशे की ओर आकर्षित नहीं होते। राजनेता, शिक्षाविद् और समाज सुधारक आज समाज में अराजक स्थितियों के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण करते हैं। शिक्षा पूरे मनुष्य के लिए सोचने, महसूस करने,और अपने होने का परिचायक है और बिना सोचे इसे हासिल नहीं किया जा सकता है उपकरण, पुस्तकालय, भवन महान शिक्षकों के लिए कोई विकल्प नहीं हैं। सर्वश्रेष्ठ विद्वानों को शिक्षण पेशे में होना चाहिए।

विश्वविद्यालय के शिक्षक को आराम से रहने में मदद की जानी चाहिए यदि वह खुद को सीखने, सिखाने और अनुसंधान के लिए समर्पित करना चाहता है। चूंकि विश्वविद्यालयों में भर्ती होने वाले युवा को कम वेतन दिया जाता है, वे बौद्धिक मूल्यों की सराहना करने में विफल रहते हैं और पाठ्यपुस्तक लिखने या फेलोशिप प्राप्त करने में रुचि रखते हैं। जैसा कि शिक्षक के उदाहरण का विद्यार्थियों पर बहुत प्रभाव पड़ता है, हम शिक्षण पेशे के प्रति अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। एक अधिक प्रबुद्ध सार्वजनिक दृष्टिकोण आवश्यक है डॉ एस राधाकृष्णन, शिक्षक, दार्शनिक और राजनेता कहते हैं। विश्वविद्यालय शांति के लिए सबसे मजबूत प्रभावों में से एक हैं। दुनिया की वर्तमान स्थिति सोचने वाले लोगों के लिए हैरान करने वाली और खतरनाक है।

## चुभने लगी महंगाई

पूर्वोत्तर के दामों में जिस तरह से एकमुश्त पचास रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है, निश्चित ही वह चुभने वाली है। रसोई गैस के सिलेंडरके राज्यों का चुनाव परिणाम आने के एक दिन पहले ही रसोई गैस के सिलेंडर के दाम हैदराबाद में पहले ही 1106 रुपए थे अब इसके लिए 1156 रुपए चुकाने पड़ेंगे। देश की राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत अब 1,103 रुपए हो गई है। वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में साढ़े तीन सौ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। अब उन्नीस किलोग्राम के वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले गैस सिलेंडर के दाम 2,119.5 रुपए तक पहुंच चुके हैं। अलग-अलग राज्यों में वहां की कीमतों के अनुपात में बढ़ोतरी की गई है। होली त्योहार से ऐन पहले हुई यह वृद्धि स्वाभाविक है कि लोगों को की होली के रंग में भंग डाल सकती है। महंगाई पहले ही सुरसा की तरह मुंह बाए अट्टहास कर रही है ऊपर से डीजल व पेट्रोल के दाम भी कोई राहत नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में रसोई गैस की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी ने जलती आग में घी का काम किया है। सरकार ज्यादातर गैर-उज्ज्वला उपयोगकर्ताओं को अब कोई सबसिडी नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन पाने वाले 9.58 करोड़ गरीबों को प्रति सिलेंडर दो सौ रुपए सबसिडी मिलती है। अब सबसिडी के बाद हैदराबाद में उन्हें भी एक सिलेंडर के लिए 956 रुपए चुकाने होंगे। साफ है कि गरीब और निम्न मध्यवर्गीय लोगों को इस कमरतोड़ महंगाई ने पस्त कर दिया है। निकट भविष्य में किसी तरह की कोई राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी खबरें बहुत अच्छी नहीं आ रही हैं। कोरोना महामारी की मार से उबर रही अर्थव्यवस्था को रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। इसकी वजह से झटके पर झटके सहने पड़ रहे हैं। नतीजतन विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन के कारण देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2022-23 के वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घट कर 4.4 फीसद पर आ गई है। जबकि 2021-22 की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था 11.2 फीसद की दर से बढ़ी थी। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर सात फीसद रहने का अनुमान है जो पिछले वर्ष 9.1 फीसद की थी। माना कि जीडीपी की वृद्धि दर को प्रभावित करने वाले कई अंतरराष्ट्रीय कारक होते हैं और यह कभी तेज तो कभी सुस्त होती रहती है, लेकिन सरकार देश के वंचित तबकों के प्रति अपनी जवाबदेही और दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। महामारी के बाद महंगाई की मार झेल रहे सबसे पिछली कतार में खड़े लोगों के लिए रसोई गैस के सिलेंडर जैसी बुनियादी चीज की बेलगाम कीमतें काफी परेशानी में डाल सकती हैं। सच तो यह है कि सबसिडी के बावजूद उज्जवला योजना तक के सिलेंडर के ऊंचे दाम इसके दायरे में आने वाले उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर हो रहे हैं। खुद सरकार संसद में बता चुकी है कि उज्ज्वला योजना के चार करोड़ तेरह लाख लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर नहीं भरवाया तो 7.67 करोड़ लाभार्थियों ने सिर्फ एक बार भरवाया। सरकार तर्क दे सकती है कि रसोई गैस के सिलेंडर के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों से तय होती हैं। यह कीमत डालर में होती है और डालर व रुपए की विनिमय दर के आधार पर तय होती है। मतलब यह कि डालर के मुकाबले रुपया कमजोर हो तो दाम अपने आप बढ़ जाते हैं। लेकिन अगर बीते चौदह महीनों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो इस दौरान रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें आठ बार बढ़ी हैं और कुल बढ़ोतरी 256 रुपए की हुई है। इस बढ़ोतरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों का हवाला देकर उचित ठहराना हजम नहीं हो रहा है। ऐसे में सरकार से अपेक्षा है कि वह समय रहते रसोई गैस जैसी सबसे बुनियादी चीजों के दाम काबू में रखे, ताकि लोग आसानी से जी-खा सकें।

## रूस यूक्रेन जैविक युद्ध की तरफ बढ़ रहा है



संजीव ठाकुर

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा।

यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्‍घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं।

## दिलों की मैल धोने को फिर आ गई होली

भारतीय संस्कृति की आत्मा पर्व त्योहारों से बसती है। यहां की बहुरंगी बहुभाषी सांस्कृतिक विरासत की छटा देश के विभिन्न भागों में एक ही त्यौहार को अलग-अलग नामों रूपों से मनाए जाने में दिखाई देती है। लगभग प्रतिदिन देश के किसी न किसी भाग में कोई न कोई पर्व होता है इसीलिए कहा जाता है कि 'सात वार और नौ त्यौहार'। अनंत त्योहारों की इस श्रृंखला में होली जैसे पर्व शिरोमणि है। फाल्गुन पूर्णिमा को मनाये जाने वाले रंगोत्सव की पूर्व संध्या पर होलिका दहन किया जाता है। वैसे वसंत पंचमी जो माघ मास के शुक्ल पक्ष की पाँचवीं तिथि को पड़ती है से ही होली का प्रारंभ हो जाता है। हर गाँव, क़स्बे, शहर में एक निश्चित स्थान पर वसंत पंचमी के दिन होली की स्थापना की जाती है। चालीस दिनों तक लोग वहाँ पर लकड़ियाँ डालते हैं। होलिका दहन के दिन उचित मुहूर्त में उसे अग्नि से प्रज्वलित कर दिया जाता है। विशेष यह कि भद्रा नक्षत्र में होलिका दहन वर्जित है। इस आग में नई फसल की गेहूँ की बालियों और चने के होले को भी भूना जाता है। होलिका का दहन समाज की समस्त बुराइयों के अंत का प्रतीक है। यह बुराइयों पर अच्छाइयों की विजय का सूचक है वसंत का संदेशवाहक राग-रंग का यह लोक पर्व राग अर्थात संगीत और रंग प्रमुख अंग के रूप समाए है। प्रकृति इस समय रंग-बिरंगे यौवन के साथ अपनी चरम अवस्था पर होती है। आज बहुत कुछ बदला है लेकिन हमारे बचपन में पूरे चालीस दिनों रात्रि में परम्परागत भारतीय वाद्यों यथा ढोलक, झाँझ, मंजीरे, नगाड़ा की धुन पर फाग, धमार, चैती और ठुमरी की गूंज मीलों दूर तक सुनाई देती थी। वास्तव में इन दिनों खेतों में फसले लगभग तैयार होती हैं। गीदड़, नीलगाय आदि उसे बर्बाद कर सकते थे इसलिए किसान रातभर जागरण करते थे। नगाड़े की आवाज सुन गीदड़ आदि दूर भाग जाते थे। इस तरह फसल और संस्कृति की रक्षा साथ साथ होती थी। होली के पर्व से अनेक कहानियों प्रचलित हैं। परंतु सबसे प्रसिद्ध कहानी स्वयं को ईश्वर मानने वाले हिरण्यकशिप और उसके ईश्वर भक्त पुत्र प्रह्लाद की है, जिसे होलिका अपनी गोद में लेकर आग में बैठती है। लेकिन प्रभु कृपा से होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद का बाल भी बांका न हुआ। एक अन्य कथा राक्षसी ढुंढी, राधा कृष्ण के रास और कामदेव के पुनर्जन्म से भी जुड़ी है। माना जाता है कि श्रीकृष्ण ने इस दिन पूतना नामक राक्षसी का वध किया था। इसी खुशी में गोपियों और ग्वालों ने रासलीला करते हुए रंग खेला था। होली का वर्णन, जैमिनी के पूर्व मीमांसा - सूत्र और कथा गार्ह्यसूत्र, नारद पुराण और भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रंथों में भी मिलता है। होली में हँसी-ठिठोली का मूल 'अभिगर अपगर संवाद' नामक ग्रंथ में मिलता है। साहित्य संस्कृति की पिचकारी से एक-दूसरे पर आक्षेप-प्रत्याक्षेप करते हुए हास-परिहास करने और विभिन्न प्रकार की बोलियाँ बोलने की बहुत समृद्ध परंपरा रही है। विंध्य क्षेत्र के रामगढ़ स्थान पर स्थित ईसा से 300 वर्ष पुराने एक अभिलेख में भी इसका उल्लेख किया गया है। मध्यकालीन भारतीय मंदिरों के भित्तिचित्रों और आकृतियों में होली के सजीव चित्र देखे जा सकते हैं। प्राचीन काल के संस्कृत साहित्य में होली के अनेक रूपों का विस्तृत वर्णन है। श्रीमद्भागवत महापुराण में रसों के समूह रास का वर्णन है। अन्य रचनाओं में रंग नामक उत्सव का वर्णन है जिनमें हर्ष की प्रियदर्शिका व रत्नावली, तथा कालिदास की कुमारसंभवम् तथा मालविकाग्निमित्रम् शामिल हैं। कालिदास रचित ऋतुसंहार में पूरा एक सर्ग ही वसन्तोत्सव को अर्पित है। भारवि, माघ और अन्य कई संस्कृत कवियों ने वसन्त की खूब चर्चा की है। भक्तिकाल और रीतिकाल के हिन्दी साहित्य में होली और फाल्गुन माह का विशिष्ट महत्व रहा है। आदिकालीन कवि विद्यापति से लेकर भक्तिकालीन सूरदास, रहीम, रसखान, पद्माकर, जायसी, मीराबाई, कबीर और रीतिकालीन बिहारी, केशव, घनानंद आदि अनेक कवियों को यह विषय प्रिय रहा है। महाकवि सूरदास ने वसन्त एवं होली पर पद लिखे हैं। तो चंद बरदाई रचित महाकाव्य पृथ्वीराज रासो में भी होली का वर्णन है। अनेक कवियों ने लौकिक नायक नायिका के बीच खेली गई अनुराग और प्रीति की होली का वर्णन किया है, तो वहीं राधा कृष्ण के बीच खेली गई प्रेम और छेड़छाड़ से भरी होली के माध्यम से सगुण साकार भक्तिमय प्रेम और निर्गुण निराकार प्रेम का चित्रण किया है। सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया, अमीर खुसरो और बहादुर शाह जफर ने भी होली पर सुंदर रचनाएँ लिखी हैं जो आज भी जन सामान्य में लोकप्रिय हैं। वैदिक काल में इस पर्व को नवात्रैष्टि यज्ञ कहा जाता था। उस समय खेत के अधपके अन्न को यज्ञ में दान करके प्रसाद लेने का विधान समाज में व्याप्त था। अन्न को होला कहते हैं, इसी से इसका नाम होलिकोत्सव पड़ा। हम भारतीय चैत्र शुदी प्रतिपदा को अपना नववर्ष मनाते हैं। इस उत्सव के बाद ही चैत्र महीने का आरंभ होता है। अतः यह पर्व नवसंवत का आरंभ तथा वसंतागमन का प्रतीक भी है। इसी दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म हुआ था, इस कारण इसे मन्वादितिथि कहते हैं। भारत में होली का उत्सव अलग -अलग प्रदेशों में भिन्नता के साथ मनाया जाता है। ब्रज की होली आज भी सारे देश के आकर्षण का बिंदु होती है। बरसाने की लठमार होली, काफी प्रसिद्ध है। इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएँ उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। मथुरा और वृंदावन में भी एक पखवाड़े होली मनाई जाती है। कुमाऊँ की गीत बैठकी में शास्त्रीय संगीत की गोष्ठियाँ होती हैं। हरियाणा की धुलंडी में भाभी द्वारा देवर की धुनाई की प्रथा है। बंगाल की दोल जात्रा चैतन्य महाप्रभु के जन्मदिन के रूप में होती है जहां समूह में नाचना गाना बजाना होता है। महाराष्ट्र की रंग पंचमी में सूखा गुलाल खेलते हैं तो गोवा में शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। पंजाब का होला मोहल्ला सिक्ख गुरुओं द्वारा आरंभ की गई परम्पराओं की यादें ताजा करता हैं। विशेष रूप से आनंद साहिब का होला मोहल्ला जहां अनेक प्रकार के करतब और शक्ति प्रदर्शन की परंपरा है। तमिलनाडु की कमन पोडिगई मुख्य रूप से कामदेव की कथा पर आधारित वसंतोतसव है जबकि मणिपुर के याओसांग में योंगसांग उस नन्हीं झोंपड़ी का नाम है जो पूर्णिमा के दिन प्रत्येक नगर-ग्राम में नदी अथवा सरोवर के तट पर बनाई जाती है।

-डा. विनोद बब्बर

## घर बनता है घरवालों से




रजनीश कपूर

मशहूर कवि अशोक चक्रधर की कविता 'घर बनता है घरवालों से' हमें सिखाती है कि घर केवल खिड़की दरवाज़ों से नहीं बल्कि उसमें रहने वालों से बनता है। मनुष्य का जीवन रिश्तों से जुड़ा रहता है। रिश्ते यदि मधुर रहें तो जीवन सुखी और खुशहाल रहता है। परंतु रिश्तों में खटास आते ही व्यक्ति टूट जाता है। एक छत के नीचे रहने वाले लोग विभिन्न रिश्तों से जुड़े रहते हैं। रिश्ते चाहे खून के हों या न हों उनमें गहराई तभी आती है जब वे दिल से बनते हैं। पहले के युग में संयुक्त परिवार होते थे, जो साथ में रहते थे। बड़े परिवारों को साथ में रहने के लिए बड़े मकान की ज़रूरत होती थी। ज़माना बदला और ज़माने के साथ परिवार भी बदले। संयुक्त परिवार अब एकल परिवार होने लग गये। समय की माँग और कामकाज के चलते जो परिवार हमेशा साथ में रहते थे वे अब केवल त्योहारों में ही साथ नज़र आने लग गये। ऐसे में घर के बड़े बुजुर्गों ने परिवार के लिए जो विशाल घर बनाए थे वे वीरान होने लग गये। फिर वो दौर आया जब पुराने मकानों को तोड़ कर उसे बहुमंज़िला अपार्टमेंट का रूप दिये जाने लगा। लोग साथ में रहते हुए भी अलग-अलग रहने लगे। ऐसे ही एक घर की कहानी को दर्शाती है फ़िल्म 'गुलमोहर'। इसी शुक्रवार को डिज़्नी हॉटस्टार चैनल पर रिलीज़ होने वाली इस फ़िल्म में दिल्ली के एक संपन्न बत्रा परिवार की कहानी को दिखाया गया है। जो अपने 34 साल पुराने मकान को बिल्डर को बेच कर जा रहे हैं। इस घर का नाम 'गुलमोहर विला' है, जो दिल्ली के एक पॉश इलाक़े में स्थित है। परिवार की मुखिया कुसुम बत्रा (शर्मिला टैगोर) के आग्रह पर परिवार उस घर को छोड़ने से पहले आख़िरी बार होली का त्योहार मनाने के लिए जैसे-तैसे राज़ी हो जाता है। फ़िल्म की कहानी उस घर में बत्रा परिवार के उन अंतिम चार दिनों पर दर्शाई गई है। जब पैकर्स पेकिंग करने में जुटे हैं। इन चार दिनों में चार दशकों की पुरानी यादें फिर से जी उठती हैं। यादें, कुछ खट्टी कुछ मीठी इस फ़िल्म को हर पल एक नया मोड़ देती हैं। फ़िल्म में जहां आप हँसेंगे वहीं आप भावुक भी हो उठेंगे। कई वर्षों बाद फ़िल्मी पर्दे पर आनेवाले बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार, शर्मिला टैगोर और अमोल पालेकर, आपको देवर-भाभी के किरदार में नज़र आएँगे। फ़िल्म में शर्मिला टैगोर के बेटे का किरदार मनोज बाजपेयी ने बख़ूबी निभाया है। वहीं अमोल पालेकर के बेटे के किरदार में अनुराग अरोड़ा नज़र आएँगे। युवा निर्देशक राहुल चित्तेला की यह पहली फ़िल्म है जो कई किरदारों और मशहूर कलाकारों को लेकर बनाई गई है। हर किरदार के साथ एक अलग ही कहानी जुड़ी हुई है। इस फ़िल्म में एक ऐसा संदेश दिया है जिसकी तुलना दर्शक ख़ुद से कर पाएँगे। हर किसी में कुछ न कुछ करने की चाहत होती है, यदि वो चाहत पूरी न हो पाए और उसे दबा कर समझौता करना पड़े तो कैसा लगता है। इस फ़िल्म में आप ऐसी ही अनुभूति करेंगे। आज के दौर में दिल्ली के ज़्यादातर पुराने बंगले बिल्डर ख़रीद कर उन्हें बहुमंज़िला बना रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर दिल्ली जैसे शहरों में कंकरीट के जंगल खड़े किए जा रहे हैं। इससे दिल्ली को एक नया रूप दिया जा रहा है। पुराने मकानों के टूटते ही उनमें बसी यादें और उनमें छिपे राज़ भी ढह जाते हैं। तेज़ रफ़्तार में दौड़ती ज़िंदगी में बच्चे अपने माँ-बाप के साथ नहीं रहना चाहते। एक ओर जहां वे स्वतंत्र रहना चाहते हैं। वहीं उन्हें आत्मसम्मान के चलते माँ-बाप से मदद लेना भी मंज़ूर नहीं।

गुलमोहर में छिपे राज़ और यादें जैसे-जैसे सामने आते हैं फ़िल्म और भी रोचक होती जाती है। तीन पीढ़ियों की कहानी में कई रोचक क़िस्से हैं। परिवार के अलावा बंगले की देखभाल कर रहे घरेलू नौकरों की कहानी भी दर्शकों को भाएगी। युवा छायाकार ईशित नारायण के कैमरे का जादू फ़िल्म को काफ़ी आकर्षक बना देता है। जहां किरदार अपनी भावनाएँ और राज़ छिपाना चाहता हैं वहीं केमरा घुस कर उसे पकड़ लेता है। बत्रा परिवार के पुराने घर में आख़िरी चार दिनों में ज़िंदगी के हर रंग को दिखाया गया है। निर्देशक राहुल चित्तेला के अनुसार इस फ़िल्म की प्रेरणा उन्हें मशहूर फ़िल्म निर्माता मीरा नायर के वसंत विहार स्थित घर को इन्हें हालातों में बेचने से मिली। बतौर सहायक वे मीरा नायर के साथ कई चर्चित फ़िल्मों पर काम कर चुके हैं। मीरा नायर के दिल्ली वाले घर में उन्होंने कई अन्य फ़िल्मों से संबंधित कार्य भी किए थे। एक दिन जब मीरा नायर ने अपना दिल्ली वाला घर एक बिल्डर को बेच दिया, तो वहाँ पर एक आख़िरी पार्टी रखी गई। उस समय पार्टी के साथ-साथ सामान को भी पैक किया जा रहा था।

## शिक्षकों के पाले में अधिकार नहीं



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

एक दिन चिरकुटलाल मास्टर बन बैठा। कक्षा में बच्चों के सामने जा धमका। उसने सभी बच्चों से पुस्तकें निकालने के लिए कहा। सभी बच्चों ने पुस्तकें निकालीं। चिरकुटलाल ने कहा – आज हम दि कंट्री माउस एंड दि सिटी माउस पाठ पढ़ने जा रहे हैं। इसलिए सबसे पहले मुझे यह बताओ कि गाँव और शहर में क्या अंतर है? सभी बच्चे अपनी-अपनी खोपड़ी खुजलाने लगे। जब सवाल पूछा है तब उसका उत्तर भी तो देना पड़ेगा! ऊपर से मास्टर जी की धमकी अलग से! जो बच्चे गलत उत्तर देंगे उन्हें मुर्गा बनाया जाएगा। अब मास्टर जी को कौन बताए कि जब से शिक्षा का अधिकार कानून बना है तब से शिक्षकों के पाले में कोई अधिकार बचा ही नहीं है। सब के सब बच्चों के अधिकार हैं। बच्चे चाहें तो मास्टर को मुर्गा न बना दें तो वही कम है। जो भी हो बच्चे उत्तर देने के लिए तैयार थे। सभी हाथ उठाने लगे। चिरकुटलाल ने पहले एक बैक बैंचर को यह समझकर उत्तर देने के लिए उठाया कि शायद वह कुछ न बता पाये। लेकिन आजकल के बच्चे, बच्चे नहीं घूमते-फिरते आफत हैं। उनसे जितना कम पाला पड़े उतना अच्छा है। मास्टर जी के प्रश्न का उत्तर देते हुए बच्चे ने कहा - मास्टर जी! गाँव और शहर में बहुत छोटा सा अंतर है। गाँवों में कुत्ते बेकार घूमते हैं और गायों की पूजा की जाती है। वहीं शहर में कुत्तों की पूजा की जाती है और गायें बेकार घूमती हैं। गाँवों में जो अनपढ़, गंवार, अंगूठा छाप होता है वह गाय, बैल, भैंस बकरी चराता है, वहीं शहर में पढ़े-लिखे, बड़े-बड़े आफिसर के कुत्तों को घुमाते फिरते हैं। कभी-कभी तो लगता है कि वे कुत्तों को नहीं कुत्ते उन्हें घुमा रहे हैं। मास्टर जी! जिंदगी की सबसे कड़वी सच्चाई यह है कि गाँवों में वृद्धाश्रम नहीं होते। इसलिए बूढ़े-बुजुर्ग अपने घर पर पड़े सड़ते हैं जबकि शहर में अनाथाश्रम की भरमार है। यहाँ गली-गली में वृद्धाश्रम दिखायी देंगे, जिसमें चर्बी चढ़े, अमीर खानदान के बुजुर्ग माता-पिता रहते हैं। इतना सुनना था कि चिरकुटलाल की सारी की सारी मास्टरी बच्चे के सामने पानी माँग रही थी। इतना सब होने के बाद भी उसने एक और लड़के को उठाने की हिम्मत की। लड़के ने जो जवाब दिया उसकी गूँज आने वाले दिनों तक सुनायी देने वाली थी। उसने कहा – गाँव के लोग जितना भी पढ़-लिख लें लेकिन शहर वाले उन्हें गंवार ही कहते हैं, जबकि सबसे ज्यादा गंवार तो शहर में रहते हैं, जिनकी बुराई के लिए समाचार पत्र के पन्ने, न्यूज चैनल और सोशल मीडिया कम पड़ जाते हैं।

गाँवों में बच्चों को भगवान सा पूजा जाता है जबकि शहर में छोटी-छोटी बच्चियों को कामुकता की नजर से देखा जाता है। गाँव में जितना हो पाता है उसी में खुश रहना यहाँ की आदत होती है जबकि शहर में घर-परिवार के लिए समय न देने वाले उसे अमीरी का नाम देते हैं। गाँव के लोग कम से कम एक-दूसरे से घुल-मिल लेते हैं जबकि शहर के लोग बिना मतलब के सामने वाले से सीधे मुँह बात नहीं करते।

# नृसिंह द्वादशी आज

**दुख और तकलीफों से बचने होलिका दहन से पहले भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को पूजने का विधान है**



फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि पर भगवान नृसिंह की पूजा करने की परंपरा है। ये भगवान विष्णु के अवतार हैं। इन्होंने भक्त प्रह्लाद को बचाने के लिए हिरण्यकश्यप को मारा था। भगवान नृसिंह की पूजा से कुंडली और हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं। दुश्मनों पर जीत मिलती है और बीमारियां दूर होती हैं। होलिका दहन से तीन दिन पहले नृसिंह भगवान की पूजा की जाती है। नृसिंह द्वादशी 3 मार्च को मनाई जाएगी।

**भगवान विष्णु के दस अवतारों में एक**

भगवान विष्णु के दस मुख्य अवतारों में से एक नृसिंह रूप है। ये भगवान विष्णु का रोद्र रूप है। इस अवतार में श्रीहरि विष्णु जी ने आधा मनुष्य और आधा शेर का रूप धारण करके राक्षसों के राजा हिरण्यकश्यप का को मारा। फिर इन्होंने प्रह्लालाद को अपनी गोद में बैठाकर दुलार किया। इस अवतार से भगवान ने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए साहस से युद्ध करने के साथ ही प्रेम और दया का भाव भी जरूरी है और युद्ध दोनों ही जरूरी है। क्योंकि वो शक्ति किसी काम की नहीं जिसके साथ प्रेम और दया का भाव न हो।

**नृसिंह द्वादशी का महत्व**

शास्त्रों के अनुसार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को नृसिंह द्वादशी मनाई जाती है। इसका जिक्र विष्णु पुराण में आता है। भगवान विष्णु ने आधा मनुष्य और आधा शेर के शरीर में नृसिंह अवतार लेकर दैत्यों के राजा हिरण्यकश्यप का वध किया था। उसी दिन से इस पर्व की शुरुआत मानी जाती है। भगवान विष्णु के इस स्वरूप ने प्रहलाद को भी वरदान दिया कि, जो कोई इस दिन भगवान नृसिंह का स्मरण करते हुए, श्रद्धा से उनका व्रत और पूजन करेगा उसकी मनोकामनाएं पूरी होंगी। इसके साथ ही उसके रोग, शोक और दोष भी खत्म हो जाएंगे।

**भगवान नृसिंह की पूजा विधि**

भगवान नृसिंह की पूजा के लिए भी सूर्योदय से पहले उठकर नहाएं और पीले कपड़े पहनें। पीले चंदन या केसर का तिलक लगाएं। शुद्ध जल के बाद दूध में हल्दी या केसर मिलाकर अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को पीला चंदन लगाएं। फिर केसर, अक्षत, पीले फूल, अबीर, गुलाल और पीला कपड़ा चढ़ाएं। इसके बाद पंचमेवा और फलों का नैवेद्य लगाकर नारियल चढ़ाएं और धूप, दीप का दर्शन करवाकर आरती करें।

# होली पर राशि अनुसार करें इन मन्त्रों का जाप



फाल्गुन माह की पूर्णिमा को होली का त्यौहार मनाया जाता है। होली पूरे देश में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला विशेष त्योहार है। यह हिंदू कैलेंडर के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। वही इस बार होली बुधवार, 8 मार्च, 2023 को मनाई जाएगी तथा 7 मार्च को होलिका दहन होगा। ऐसे में होलिका दहन के दिन कई ऐसे मंत्र है जिनका जाप आप कर सकते हैं तथा उनसे लाभ ले सकते हैं। आइए जानते हैं उन मन्त्रों के बारे में जिनके जाप से आप कामयाबी हासिल कर सकते हैं। बताया जाता है इन मन्त्रों और पाठ से आप लाभ पा सकते हैं तथा खूब कामयाबी हासिल कर सकते हैं। आप सभी को बता दें कि होली का त्यौहार सभी के लिए विशेष होता है तथा इस दिन लोग यदि राशि के मुताबिक, मन्त्रों का जाप करें तो उन्हें लाभ हो सकता है।

**मेष राशि** - 'ॐ नमः भगवते वासुदेवाय'

**वृषभ राशि** - ॐ भूर् भुवः स्वः।
तत्सवितुर्वरेण्यं।
भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात।

**मिथुन राशि** - 'ॐ श्री क्षीं क्लीं'

**कर्क राशि** - 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडाय नमः'

**सिंह राशि** -हनुमान चालीसा एवं गायत्री मंत्र

**कन्या राशि**- 'ॐ नमः नारायणाय'

**तुला राशि** - 'ॐ क्लीं कृष्णाय नमः'

**वृश्चिक राशि** - हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ

**धनु राशि** - भूर् भुवः स्वः।
तत्सवितुर्वरेण्यं।
भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात।

**मकर राशि**- 'ॐ नमः भगवते वासुदेवाय'

**कुंभ राशि** - 'ॐ ऐ ह्रीं श्री लक्ष्मीदेव्यै नमः'


**मीन राशि** - हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ

# जीवन संतुलन जरूरी है, धन कमाने के साथ ही भक्ति भी करें

संत कबीरदास से जुड़ा एक किस्सा है। कबीरदास जी के जीवन की कई ऐसी घटनाएं हैं, जिनमें जीवन को सुखी और सफल बनाने के सूत्र छिपे हैं। कबीरदास जी कपड़ा बुनने के काम के साथ भगवान का ध्यान भी करते रहते थे। वे ये दोनों ही काम बहुत ही एकाग्रता के साथ करते थे।

एक शिष्य ने कबीरदास जी को काफी दिनों से देख रहा था। एक दिन उसने कबीरदास जी पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन मैं कई दिनों से देख रहा हूं कि आप हमेशा ही कपड़े ही बुनते रहते हैं तो आप भक्ति कब करते हैं?

कबीरदास जी अपने शिष्यों की शंकाओं का समाधान अलग अंदाज से करते थे, ताकि उन्हें जो संदेश मिले, वह जीवनभर याद रहे। उन्होंने उस शिष्य से कहा कि पहले मेरे साथ चलो थोड़ा घूम आते हैं।



शिष्य तैयार हो गया और दोनों साथ चलने लगे। रास्ते में उन्होंने देखा कि एक महिला कुएं से पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा घड़ा रखा हुआ था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए चल रही थी। उस महिला ने घड़े को पकड़ा नहीं था, लेकिन घड़ा सिर पर स्थिर था और घड़े से पानी भी छलक नहीं रहा था।

**संत कबीरदास जी की सीख**

**कबीरदास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि वह महिला पानी लेकर आ रही है, उसके सिर पर पानी है, लेकिन वह अपनी मस्ती में गाना गाते हुए चल रही है, मटका भी स्थिर है और वह गाना भी गा रही है। वह एक साथ तीन काम कर रही है। पहला, उसका ध्यान घड़े पर है। दूसरा, उसका ध्यान रास्ते पर भी है। तीसरा, वह गाना भी गा रही है। बस ठीक इसी तरह मैं अपने काम के साथ भगवान का ध्यान भी कर लेता है। काम करते-करते मैं भक्ति करता हूं। जीवन में संतुलन होना बहुत जरूरी है। हमें भी धन कमाने के साथ ही भक्ति भी करनी चाहिए। कर्म के साथ ही भक्ति भी करेंगे तो जीवन में सुख-शांति और सफलता बनी रहेगी।**

# शुक्रवार के दिन करें फिटकरी से जुड़ा उपाय



ऐसे में अधिकतर लोग आज के दिन देवी मां की विधि विधान से पूजा करते है और व्रत आदि रखते है लेकिन इसके साथ ही अगर शुक्रवार के दिन कुछ अचूक और आसान उपायों को किया जाए तो जातक को अधिक लाभ मिलता है और कारोबार में भी खूब तरक्की होने लगती है तो आज हम आपको शुक्रवार के दिन फिटकरी से जुड़े उपाय बता रहे है जो आपकी हर समस्या को दूर कर सकते है।

**फिटकरी से जुड़ा अचूक उपाय**

अगर विरोधी कारोबार में आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे है या फिर आपको व्यापार में घाटे का सामना करना पड़ रहा है। तो ऐसे में आप फिटकरी से जुड़ा उपाय कर सकते है। इसके लिए एक कटोरी हरे मूंग को नमक वाले पानी में भिगो दें। फिर अगले दिन इन मूंग को निकालकर साफ पानी में धो लें और किसी जानवर को खिला दें। मान्यता है कि इस उपाय से कारोबार में होने वाली हानि और घाटा रूक जाता है और तरक्की के योग बनने लगते है। बिजनेस में मनचाही सफलता पाने के लिए आज यानी शुक्रवार के दिन चार मुखी रुद्राक्ष की विधिवत पूजा करें और उसे धारण करें मान्यता है कि इस उपाय को करने से व्यक्ति में योग्यता का संचार होने लगता है और बिजनेस भी बढ़ता जाता है।




# आखिर क्यों होली पर किया जाता है भांग का सेवन?



8 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी। इस दिन लोग लोग पानी एवं रंग की एक-दूसरे पर बौछार करते हैं। इसको लेकर सभी के घरों में तैयारी पूरी हो गई है। आपको बता दे कई मुग़ल शासनकाल में भी होली को पूरे जोश के साथ मनाया जाता था तथा अलबरूनी ने अपने सफ़रनामे में होली का खूबसूरती से ज़िक्र किया है। ऐसे में इस दिन कई लोग भांग भी खूब पीते हैं। दरअसल होली और भांग का गहरा संबंध है। सनातन धर्म में भांग का संबंध सीधे रूप में भगवान शिव शंकर से है वहीं देवताओं की चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में भांग का इस्तेमाल औषधि के रूप में करते हैं।

बता दें कि प्राचीन हिंदू पवित्र ग्रंथ अथर्ववेद में, भांग के पौधे को पृथ्वी के पांच सबसे पवित्र पौधों में से एक के तौर पर वर्णित किया गया है तथा इसे “खुशी का स्रोत” या “खुशी देने वाले पौधे” के रूप में भी जाना जाता है। कहते हैं होली को मस्ती और आनंद का पर्व मनाते हैं और भांग का संबंध हिंदू धर्म में उत्साह और शिव की बूटी के तौर पर है।

बताया जाता है भांग और धतूरे के सेवन से भगवान महादेव हलाहल विष के प्रभाव से मुक्त हो गए थे इस वजह से होली के मुके और भगवान हर और हरि को याद करते हुए लोग भंग का सेवन किया जाता है। वहीं इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि भांग एक औषधि है जो पाचक का काम करता है इस वजह से होली के मौके पर लोग गरिष्ठ भोजन कर लेते हैं और भांग खाकर उसे पचा लेते हैं।

# आपका भविष्य बताता है होली का धुंआ

होली पूरे देश में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला विशेष त्योहार है। यह हिंदू कैलेंडर के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। वही इस बार होली बुधवार, 8 मार्च, 2023 को मनाई जाएगी तथा 7 मार्च को होलिका दहन होगा। बता दें कि शास्त्र के मुताबिक भद्राकाल में होलिका दहन नहीं करते हैं।

आपको बता दें कि भद्राकाल में होलिका दहन करने से राजा को हानि व प्रजा को कष्ट होता है व राष्ट्र में विद्रोह एवं अशांति हो जाती है तथा भद्राकाल में होलिका-दहन किया जाना शास्त्रानुसार निषिद्ध है। ऐसे में बोलते हैं होलिका दहन



के दौरान उड़ने वाला धुंआ एक संकेत देता है। जी हाँ, होली के धुएं से भविष्य-संकेत मिलता है जो आज हम आपको बताने जा रहे हैं।

**शास्त्रों के मुताबिक, होलिका-दहन के पश्चात उठे धूम्र** (धुएं) की दिशा से भी भविष्य-कथन किए जाए का उल्लेख होता है तथा होली का धुआं यदि पूर्व दिशा की तरफ जाए तो देश में सुख रहेगा, अगर दक्षिण दिशा की ओर जाए तो सत्ता-परिवर्तन होगा, पश्चिम दिशा की तरफ होली का धुआं जाने से प्रदेश में अकाल की संभावना होती है एवं उत्तर दिशा की ओर होली का धुआं जाने से धन-धान्य व सुख-समृद्धि हो जाती है।

# मैंने ज्विगाटो के किरदार को बड़े करीब से जिया है : कपिल शर्मा





**एक्टर और** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म ज्विगाटो को लेकर बेहद सुर्खियों में है। बुधवार को मेकर्स ने मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। इस बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस में ज्विगाटो की डायरेक्टर नंदिता दास और कपिल शर्मा ने फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प किस्से शेयर किए। बातचीत के दौरान कपिल ने बताया कि आखिर नंदिता ने उन्हें फिल्म में क्यों चुना? किस्सा शेयर करते हुए कपिल ने कहा- 'जब नंदिता मुझे पहली बार स्टोरी नैरेट कर रहीं थीं तो मैं पूछा- मैं ही क्यों? तो उन्होंने बेहतरीन जवाब दिया था कि मैं एक पल को सोच में पड़ गया। मुझे लगा ये कॉम्प्लिमेंट हैं या इन्सल्ट!'

कपिल ने आगे कहा- 'नंदिता जी ने मुझसे बोलीं कि इस फिल्म के लिए अगर कोई ग्लोबल स्टार जैसे शाहरुख खान भी हां बोले तों मैं उन्हें मना कर दूंगी।

**मुझे इस कैरेक्टर को करने में चैलेंज फील नहीं हुआ- कपिल**

मैंने फिर पूछा आखिर मैं ही क्यों? इस पर नंदिता जी ने बोलीं- क्योंकि तुम्हारा फेस एक आम आदमी जैसा है। तुम कोई स्टार नहीं बल्कि आम आदमी के जैसे दिखते हो, इसलिए मेरी फिल्म के इस रोल के लिए तुम सुटेबल हो।' कपिल कहते हैं- 'वाकई मैंने ज्विगाटो के इस आदमी के किरदार को बड़े करीब से जिया है। इसलिए मुझे इस कैरेक्टर को करने में चैलेंज फील नहीं हुआ।'

कपिल ने इस बीच बताया कि पिछले साल साउथ कोरिया में हुए 27वें बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ज्विगाटो ने वहां की ऑडियंस को रुला दिया था। इतना नहीं कपिल ने कहा कि वहां के लोगों को ये भी नहीं पता था कि वो एक कॉमेडियन हैं और उन्हें उनकी कॉमेडी के लिए जाना जाता है। ज्विगाटो को टोरंटो इंटरनेशनल फेस्टिवल और बुसान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। और दोंनो मंच पर फिल्म को खूब सराहना मिली है। ज्विगाटो को टोरंटो इंटरनेशनल फेस्टिवल और बुसान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। और दोंनो मंच पर फिल्म को खूब सराहना मिली है।

मीडिया इंट्रैक्शन के दौरान कपिल ने कहा- 'फिल्म देखने के बाद साउथ कोरिया के लोग रो रहे थे और उन्हें पता भी नहीं था कि मैं कॉमेडी के लिए जाना जाता हूं। इसलिए, मुझे नहीं लगता है कि इंडिया की ऑडियंस मेरी फिल्म से निराश होगी।' टीवी के मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों अपनी मच अवेटेड फिल्म ज्विगाटो को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म का ट्रेलर आज यानी 1 मार्च 2033 को रिलीज कर दिया गया है। अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर नंदिता दास ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है।


# सलमान खान के 'बिल्ली बिल्ली' सॉन्ग में पूजा हेगड़े की दिखी जोरदार केमिस्ट्री




**बॉलीवुड के** सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आज यानी 2 मार्च को फिल्म का लेटेस्ट सॉन्ग 'बिल्ली बिल्ली' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में सलमान खान खान पूजा हेगड़े के साथ ठुमके लगते हुए दिखाई दिए। गाने में श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी, और बिग बॉस फेम शहनाज गिल भी नजर आईं। इनके अलावा गाने में भूमिका चावला, साउथ सुपरस्टार वेकेंटश दग्गुबाती, की भी झलक देखने को मिली। बिल्ली बिल्ली सॉन्ग को सिंगर सुखबीर ने गाया है। वहीं गाने के लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं।सलमान खान की इस फिल्म को फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है। वहीं इसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में भाईजान के अलावा वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं, और किसी का भाई किसी की जान ईद 2023 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# शाहिद को नहीं अच्छी लगती अपनी चॉकलेट बॉय वाली इमेज

**एक्टर शाहिद** कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज फर्जी को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। इस सीरीज के जरिए उन्होंने अपना ओटीटी डेब्यू किया है, जिसमें उनकी बेहतरीन एक्टिंग को खूब सराहा जा रहा है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शाहिद ने अपने एक्टिंग के शुरुआती दिनों के याद करते हुए बताया कि उन्हें अपनी चॉकलेट बॉय वाली इमेज बिल्कुल पसंद नहीं है। इतना ही शाहिद ने कहा कि उन्हें खुद के लिए क्यूट शब्द का इस्तेमाल बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है।



**मुझे हमेशा से क्यूट शब्द बिल्कुल नहीं पसंद- शाहिद**

हाल ही में पिंकविला को दिए इंटरव्यू में शाहिद ने कहा- 'मुझे हमेशा से ये बात बहुत बुरी लगती है जब भी कोई कहता है- 'ओह तुम तो बहुत क्यूट हो।' मुझे हमेशा यही लगता है कि भला कोई किसी को ये कैसे कह सकता है? ये शब्द मुझे कभी भी पसंद नहीं आया।'शाहिद ने आगे कहा- 'अब लोग मुझे जो कुछ भी कॉम्प्लीमेंट देते हैं तो मैंने उन्हें खुशी-खुशी एक्सेप्ट करना सीख लिया है। लेकिन इस शब्द को लेकर मुझे हमेशा यही लगा है कि ये हमें सीमित कर देता है।'

**फार्जी का दूसरा सीजन जरूर आएगा-शाहिद**

हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान शाहिद ने कहा- फर्जी का सीजर 2 जरूर आएगा, लेकिन चीजों में वक्त लगता है। शो खत्म होने के बाद उसके पोस्ट प्रोडक्शन में करीब एक साल का वक्त लगता है। इसके बाद उसे 35-40 भाषाओं में और 200 देशों में रिलीज करते हैं। जब शूटिंग होगी तो सीरीज उसके एक साल बाद रिलीज होगी। मुझे लगता है कि फर्जी सीजन 2 आने में करीब 1.5 साल का समय लगेगा।'

**क्या है वेब सीरीज फर्जी की कहानी?**

बता दें कि शाहिद कपूर की वेब सीरीज फर्जी फरवरी में अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी, जिसे ऑडियंस ने खूब प्यार दिया। ये एक लोकल स्ट्रीट आर्टिस्ट पर आधारित है, जो पैसों के चक्कर जुर्म का रास्ता पकड़ लेता है और नकली नोट बनाने का धंधा शुरू करता है। इस सीरीज में शाहिद के अलावा विजय सेतुपति, के के मेनन,राशि खन्ना, भुवन अरोड़ा और अमोल पालेकर मुख्य भूमिका में हैं।

# सुष्मिता सेन को आया हार्ट अटैक



**सुष्मिता सेन** बॉलीवुड की सबसे फिट एक्ट्रेस में शुमार हैं। वे सोशल मीडिया पर फिटनेस के वीडियोज भी शेयर करती हैं। सुष्मिता सेन ने खुलासा किया है कि उन्हें हाल ही में हार्ट अटैक आया। इसके बाद एंजियोप्लास्टी करानी पड़ी थी। अब वे ठीक हैं। सुष्मिता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'अपने हार्ट को हमेशा खुश और स्ट्रॉन्ग रखें। क्योंकि जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी तो ये आपके साथ खड़ा होगा। मुझे कुछ दिन पहले हार्ट अटैक आया था। एंजियोप्लास्टी हुई है। स्टेंट लगाया गया है।

मेरे डॉक्टर ने कहा है कि मेरा हार्ट बहुत मजबूत है। उन तमाम लोगों का तहेदिल से धन्यवाद, जिन्होंने समय पर मदद की और जरूरी कदम उठाए। यह पोस्ट मेरे फैंस के लिए है। मैं उन्हें खुशखबरी देना चाहती हूं कि अब मैं बिल्कुल ठीक हूं फिर से नया जीवन जीने के लिए तैयार हूं।'

**बॉलीवुड की फिटेस्ट एक्ट्रेस में से एक हैं सुष्मिता**

सुष्मिता सेन 47 साल की हैं। वे हमेशा फिट रहती हैं। वे बॉलीवुड की सबसे फिट एक्ट्रेस में से एक हैं। सोशल मीडिया पर फिटनेस के वीडियोज भी शेयर करती हैं। सुष्मिता के फैंस और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग उन्हें दुआएं दे रहे हैं।

**मिस यूनिवर्स जीतने के बाद खुले थे इंडस्ट्री के दरवाजे**

1994 में जब सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। इसके बाद उनके सामने फिल्म ऑफर्स की लाइन लग गई। बड़े-बड़े डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुष्मिता को अपनी फिल्म से डेब्यू कराना चाहते थे। तब सुष्मिता ने उस समय के सबसे सफल डायरेक्टर्स में से एक महेश भट्ट की फिल्म साइन की। फिल्म का नाम था दस्तक। यह एक ब्यूटी क्वीन के सिरफिरे आशिक की कहानी थी। यहीं से सुष्मिता का फिल्मी सफरनामा शुरू हुआ।

**2010 में फिल्मों से दूर हुईं, 10 साल बाद ओटीटी पर वापसी**

सुष्मिता की आखिरी फिल्म 2010 में आई 'दूल्हा मिल गया' थी। इसके बाद सुष्मिता ने फिल्मों से एक तरह से दूरी बना ली थी। अपना ज्यादातर समय वो बेटियों को दे रही थीं। इसके बाद 2020 में आई वेब सीरीज आर्या से सुष्मिता ने एक्टिंग की दुनिया में वापसी की। 2021 में इस वेब सीरीज का दूसरा सीजन आर्या-2 भी आया। अब आर्या 3 भी फ्लोर पर है, जल्द ही इसका तीसरा सीजन भी आ जाएगा।

# जिम में एक्सरसाइज करती दिखीं मुमताज

## 75 साल की उम्र में किया इंटेंस वर्कआउट, वीडियो देख फैंस ने की तारीफ



60-70 के दशक में अपनी एक्टिंग के साथ-साथ खूबसूरती से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली एक्ट्रेस मुमताज ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर डेब्यू किया है और वह लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव भी हैं। इसी बीच उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 75 साल की उम्र में जिम में पसीना बहाती हुई नजर आ रही हैं। फिटनेस को लेकर मुमताज जिस तरह से कॉन्शस हैं, वह बेहद इंस्पायरिंग हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी एक्ट्रेस का जज्बा और हौसला हर किसी को हैरान कर रहा है।

**यूजर्स ने की तारीफ**

इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस उनके इस वर्कआउट वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'प्लीज अपना ध्यान रखना। आप कमाल हैं मैम।' तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, 'बहुत बढ़िया आंटी '।

**'हीरामंडी' में नजर आएंगी मुमताज**

मुमताज के करियर की बात करें तो उन्होंने 11 साल की उम्र में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद 60 के दशक में वह फिल्मों में लीड एक्ट्रेस का रोल निभाने लगीं। मुमताज ने दारा सिंह और धर्मेंद्र के साथ कई फिल्मों में काम किया और इनकी जोड़ी को भी लोगों ने काफी पसंद किया।।

लेकिन मुमताज ने 1990 में फिल्म 'आंधियां' के बाद एक्टिंग छोड़ दी थी, और अब वह जल्द ही बॉलीवुड में कमबैक करने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुमताज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी।

# 33 साल के हुए टाइगर श्रॉफ, एक्स गर्लफ्रेंड दिशा ने किया बर्थडे विश

**कैजुअल लुक में स्पॉट हुए एक्टर, फिटनेस देख फैंस हुए इंप्रेस**

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ 33वां बर्थडे सेलिब्रेट कर चुके हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर टाइगर का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह कैजुअल लुक में दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पैपराजी को पोज भी दिए। इस वीडियो में टाइगर की बॉडी देख फैंस ने उनकी जमकर तारीफ की हैं। बता दें , बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर ने 'हीरोपंती' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। एक्टर ने अपनी सॉलिड बॉडी, खतरनाक स्टंट और जबरदस्त एक्टिंग से फैंस को काफी इंप्रेस किया है। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस ने उन्हें बर्थडे की शुभकानाए दी हैं। टाइगर के वर्कफ्रंट की बात करे तो उनकी फिल्म 'गणपत' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन लीड रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा वह अक्षय कुमार के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर जल्दी ही हीरोपंती 2 में भी लीड रोल निभाएंगे। इसके अलावा टाइगर ने बाघी, वार, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2, मुन्ना माइकल, अ फ्लाइंग जट जैसी फिल्मों में काम किया है।

**एक्टर टाइगर श्रॉफ 2** मार्च को अपना 33वां जन्मदिन मना चुके हैं। इस बीच करीबी और फैंस ने उन्हें सोशल मीडिया पर विश कर रहे हैं। खास बात ये है टाइगर की रूमर्ड एक्स गर्लफ्रेंड दिशा पाटनी ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।

**जन्मदिन मुबारक हो टिग्गी- दिशा पाटनी**

इंस्टाग्राम पर टाइगर की क्यूट फोटो शेयर करते हुए दिशा ने लिखा- 'हमेशा सबसे सुंदर और इंस्पिरेशनल बने रहना। जन्मदिन मुबारक हो टिग्गी।'

दिशा पाटनी के इस पोस्ट के सामने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस इनके पैचअप के कयास लगा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- 'यह देखकर बहुत खुशी हुई की दिशा ने टाइगर को बर्थडे विश किया है।' दूसरे फैन ने लिखा- 'दिशा मैम ने टाइगर श्रॉफ को विश किया है, काश ये दोनों फिर एक साथ हो जाए।' तीसरे फैन ने लिखा- ये दोनों साथ में बहुत क्यूट लगते हैं।'

**मां आयशा श्रॉफ ने बेटे के लिए शेयर किया इमोशनल नोट**

टाइगर की मां आयशा श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बेटे को जन्मदिन की बधाइयां दीं। फोटो शेयर करते हुए आयशा ने लिखा- कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं और बेहतर मां हो सकती थी, लेकिन मुझे यकीन है कि तुमसे अच्छा बेटा कोई नहीं हो सकता है। हैप्पी बर्थडे टाइगर। भगवान मेरे बच्चे को सारी खुशियां दे, जो भी वो चाहे उससे एक लाख गुना ज्यादा।'

**कृष्णा श्रॉफ ने भाई टाइगर के साथ शेयर किया क्यूट वीडियो**

टाइगर की बहन कृष्णा ने वीडियो शेयर करते हुए उन्हें बर्थडे विश किया। वीडियो में टाइगर एक रेस्टोरेंट में बैठे हैं और अपनी बहन के गालों पर किस कर रहे हैं। पोस्ट पर कृष्णा ने लिखा- 'जन्मदिन मुबारक हो बेस्टी।'इसके अलावा कृष्णा ने टाइगर और पापा जैकी श्रॉफ की थ्रोबैक फोटो शेयर की है, जिसमें वो बेहद क्यूट दिख रहे हैं।

**शादी के लिए इनकार करने की वजह से हुआ था ब्रेकअप**

बता दें कि दिशा और टाइगर काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। हालांकि, कुछ सालों के रिलेशनशिप के बाद दोनों ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए। ईटाइम्स की रिपोर्ट्स के अनुसार टाइगर ने शादी से इनकार करने से इनकार कर दिया था, जिस वजह से कपल का ब्रेकअप हो गया। हालांकि, दिशा या टाइगर ने इस बारे में खुलकर कुछ भी नहीं कहा। ब्रेकअप के बाद भी दिशा टाइगर की फैमिली के साथ स्पेशल बॉन्ड शेयर करती हैं। उनकी मां और बहन कृष्णा श्रॉफ अक्सर दिशा की पोस्ट पर कमेंट भी करते हैं।





# इन्फ्लूएंजा बी वायरस के चपेट में आईं देबिना बनर्जी

**टीवी एक्ट्रेस देबिना बनर्जी** इन्फ्लूएंजा बी नामक संक्रमण से संक्रमित हो गई हैं। दरअसल देबिना हाल ही में अपने पति गुरमीत चौधरी और अपनी दोनों बेटियों दिविशा-लियाना के साथ श्रीलंका ट्रिप पर गई थीं। वहां से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी, लेकिन जब कोई सुधार नहीं हुआ। तब उन्होंने टेस्ट करवाया इसके बाद उन्हें पता चला कि वो इस संक्रमण के चपेट में आ गई हैं।

**देबिना रिकवर कर रही हैं**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक देबिना इस समय अपने परिवार से अलग रहे रही हैं। साथ ही बेटियों के संपर्क में भी नहीं आ रही हैं। देबिना के स्पोक्सपर्सन ने एक स्टेटमेंट जारीकर इस बात की जानकारी दी है। उनका कहना है, 'देबिना रिकवर कर रही हैं। वो अच्छी तरह से प्रिकॉशन्स ले रही हैं। अच्छा खा-पी भी रही हैं। साथ ही इस बात का भी पूरा ध्यान रख रही हैं कि उनकी बच्चियां उनसे दूर रहें और उनकी अच्छी देखभाल होती रहे। जल्द ही वो ठीक होकर दमदार वापसी करेंगी।' आपको बता दें देबिना बनर्जी ने हाल ही में अपनी पूरी फैमिली के साथ इंटरनेशनल ट्रिप की है। ये उनकी बेटियों की पहली इंटरनेशनल ट्रिप थी। गुरमीत ने देबिना को रियलिटी शो 'पति, पत्नी और वो' की शूटिंग के दौरान प्रपोज किया था, जिसके बाद साल 2011 में दोनों ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी कर ली थी। दोनों की मुलाकात साल 2008 में टेलीविजन सीरीज 'रामायण' के सेट पर हुई थी। इस सीरियल में उन्होंने राम और सीता का रोल प्ले किया था। यहीं से दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई और छोटे पर्दे का ये कपल रियल लाइफ में 15 फरवरी, 2011 को शादी के बंधन में बंध गया था।








# ऑस्कर अवॉर्ड्स से पहले अमेरिका में आरआरआर का जलवा

## लॉस एंजिलिस में दुनिया की सबसे बड़ी स्क्रीनिंग

**ऑस्कर अवॉर्ड्स** 2023 से कुछ दिन पहले आरआरआर को अमेरिका के लॉस एंजिलिस में रि-रिलीज करने की तैयारी है। यहां के एक थिएटर में चंद घंटों में फिल्म के 1600 से अधिक टिकट बिक चुके हैं। पूरा थिएटर हाउसफुल हो चुका है।फिल्म के मेकर्स ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा है कि 2 मार्च को लॉस एंजिलिस दुनिया की सबसे बड़ी स्क्रीनिंग का गवाह बनेगा। जानकारी के मुताबिक, इस स्क्रीनिंग में फिल्म के लीड एक्टर रामचरण और डायरेक्टर एस.एस राजामौली भी शिरकत करेंगे। फिल्म आरआरआर के सोशल मीडिया हैंडल ने ट्वीट कर लिखा, 'कल लॉस एंजिलिस दुनिया की सबसे स्क्रीनिंग का गवाह बनेगा। 1647 सीटों वाला शो पहले ही हाउसफुल हो चुका है। एस.एस राजामौली, एम कीरावाणी और रामचरण आपके सवालों का जवाब देंगे।'

**नाटू-नाटू पर थिरकेगी पूरी दुनिया**

ऑस्कर अवॉर्ड 2023 की सेरेमनी में आरआरआर के गाने नाटू-नाटू का स्टेज परफॉर्मेंस होगा। इसको सिंगर राहुल सिप्लिगुंज और काल भैरव लाइव परफॉर्म करेंगे। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि एक भारतीय गाना ऑस्कर जैसे प्लेटफॉर्म पर बजेगा तो पूरी दुनिया इसके धुन पर नाचेगी। बता दें कि नाटू-नाटू को ऑस्कर के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस कैटेगरी में नाटू-नाटू की टक्कर रिहाना, लेडी गागा, मिट्स्की, डेविड ब्रेन और डायने वारेन से होगा। रिहाना भी अपने गाने (लिफ्ट मी अप) पर परफॉर्म करेंगी।

## 13 मार्च को दिए जाएंगे ऑस्कर अवॉर्ड्स

ऑस्कर अवॉर्ड्स सेरेमनी 13 मार्च को भारतीय समयानुसार 5:30 से शुरू होगी। इस बार का ऑस्कर इसलिए भी खास है क्योंकि आरआरआर के गाने नाटू-नाटू बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग की कैटेगरी में शामिल किया गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये सॉन्ग अवॉर्ड जीत पाती हैं या नहीं। कुछ समय पहले नाटू-नाटू गाने ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में बेस्ट सॉन्ग कैटेगरी का अवॉर्ड भी अपने नाम किया था। जबकि क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड में आरआरआर ने बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म और नाटू-नाटू गाने ने बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड जीता था।

24 फरवरी की रात हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन फिल्म अवॉर्ड्स का आयोजन



किया गया, जिसमें आरआरआर ने कुल 4 कैटेगरी में अवॉर्ड जीते हैं। राम चरण और जूनियर एनटीआर की इस फिल्म ने बेस्ट एक्शन फिल्म, बेस्ट इंटरनेशनल फीचर, बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग और बेस्ट स्टंट कैटेगरी में ट्रॉफीज अपने नाम की है।

**फिल्म ने दुनियाभर में 1200 करोड़ का कारोबार किया**

आरआरआर ने 1200 करोड़ से अधिक का वर्ल्डवाइड कलेक्शन लिया था। अभी भी दुनिया के कई हिस्सों में फिल्म की कमाई जारी है। जापान और अमेरिका के कई शहरों में फिर से रिलीज किया गया। अमेरिका में फिल्म ने रिकार्ड तोड़ कमाई करते हुए 110.7 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया है।

# 'सौतेली मां हेलेन को एक्सेप्ट करने में सालों लग गए':अरबाज खान



**अरबाज खान** का कहना है कि जब उनके पिता सलीम खान ने हेलेन से दूसरी शादी की थी तो वो समय उनके परिवार और मां सलमा के लिए बेहद मुश्किल था। अरबाज ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को हेलेन को एक्सेप्ट करने में कई साल लग गए थे। हालांकि कुछ सालों बाद सलीम खान की वजह से पूरी फैमिली साथ आ पाई। अरबाज खान ने हाल ही में सौतेली मां हेलेन को अपने चैट शो द इनविंसिबल्स में इनवाइट किया था। इस दौरान दोनों ने खान परिवार से जुड़ी कई सारी चीजों पर बात की।

**वो समय मेरी मां के लिए बहुत मुश्किल था..**


अरबाज ने हेलेन से कहा है कि वो समय उनके परिवार के लिए बेहद मुश्किल था। उन्होंने कहा, 'ये एक मुश्किल समय था, खासतौर पर मेरी मां के लिए। हम सभी उस समय छोटे थे। हालांकि हमारे पिता ने हम सभी के साथ कभी सौतेला व्यवहार नहीं किया। उन्होंने हमारी किसी चीज की उपेक्षा नहीं की। उन्होंने हमें किन्हीं सुविधाओं से वंचित भी नहीं रखा। उन्होंने (सलीम खान) इसे पूरे सम्मान के साथ अपनी लाइफ में जगह दी। उनके लिए ये (हेलेन से शादी) एक इमोशनल एक्सीडेंट था।' हेलेन को घर के सदस्य के रूप में जगह और सम्मान देना खान परिवार के लिए आसान नहीं था। अरबाज ने इस विषय में बात करते हुए कहा, 'ये कहना आसान नहीं था कि चीजें नॉर्मल हैं। दो बीवियों का एक ही छत के नीचे रहना आसान नहीं था। उस समय मामला बहुत जटिल हो गया था। ये कैसे और क्यों काम कर गया, इसका जवाब देना मुश्किल है। मुझे लगता है कि ईमानदारी और तालमेल से चीजें हम लोगों के लिए आसान हो गई।' अरबाज ने परिवार को जोड़े रखने का क्रेडिट अपने पिता सलीम खान को दिया। अरबाज ने कहा कि उनके पिता ने उन सभी को एक खुशहाल परिवार के रूप में एक साथ रखने के लिए बहुत कोशिश की। सलमान और सोहेल ने भी उनके साथ खड़े होने का फैसला किया। ये बात समय के साथ सामान्य होते गई। सलीम ने परिवार को जोड़े रखने के लिए एक मजबूत स्तंभ का काम किया।

**शादी के 17 साल बाद हेलेन के नजदीक आए थे सलीम**

सलमा से शादी के 17 साल सलीम को फेमस डांसर हेलेन से प्यार हो गया था। मैरिड होने के बावजूद किसी दूसरी औरत से प्यार करने पर उन्होंने अरबाज खान के साथ ही एक इंटरव्यू में कहा था, 'मेरे कोई ऐसा इरादा नहीं था। हेलेन भी यंग थीं, मैं भी यंग था, ये एक इमोशनल एक्सीडेंट था।

ऐसा किसी के साथ हो सकता था।' बाद में सलीम, सलमा और हेलेन एक ही छत के नीचे रहने लगे। सलीम की पूरी फैमिली ने हेलेन को एक्सेप्ट भी कर लिया। सलमान सहित सलीम के सभी बच्चे हेलेन को ऑन्टी कह कर बुलाते हैं।

# आदिल के जेल जाने के बाद खुद पुलिसवाली बनीं राखी सावंत




बी-टाउन की ड्रामा क्वीन राखी सावंत इन दिनों अपनी जिंदगी में आए उतार-चढ़ाव से उबरने की कोशिश कर रही हैं. उन्होंने दुबई में एक्टिंग एकेडमी खोली है और अब एक फिल्म बनाने जा रही हैं. इस फिल्म में वे लीड हीरोइन के तौर पर वे खुद नज़र आएंगी. वे पुलिसवाले के रोल में हैं. इस बात का खुलासा उनके भाई ने किया है. राकेश ने राखी सावंत पर बनने वाली फिल्म के टाइटल का भी ऐलान कर दिया है. फिल्म का नाम राउडी राखी होगा. इसमें वो पुलिसवाली बनकर क्रिमिनल्स की वॉट लगाने वाली हैं. इसे खुद राकेश डायरेक्ट करेंगे और गौरव प्रोड्यूस करेंगे. राकेश ने एक वेबसाइट से बातचीत में खुद बताया कि वे ये फिल्म बनाने जा रहे हैं. राखी सावंत के पति आदिल खान दुर्रानी के बारे में राकेश ने कहा, "पति आदिल खान के खिलाफ उनका मामला केवल उनका नहीं है. वह एक बड़े कारण के लिए लड़ रही है. बता दें, आदिल के धोखे के बाद राखी अपने करियर पर फोकस करना चाहती हैं. राखी अब शादी नहीं करना चाहती हैं. राखी ने कहा कि जो भी उनकी जिंदगी में आया धोखा ही देकर गया. इसलिए अब उनका प्यार पर विश्वास नहीं रहा है. वे अब सीधा कब्र में ही जाएंगी लेकिन शादी नहीं करेंगी. बता दें, राखी को कहीं न कहीं ये भी डर सता रहा है कि कहीं आदिल उनके पर्सनल वीडियो न शेयर कर दे. वो राखी से बदला लेने के लिए ऐसा कर सकता है. इस बात के लिए राखी बार-बार पुलिस से गुहार लगा रही है कि आदिल को फोन ढूंढों. आदिल की असलियत का जबसे खुलासा हुआ है तबसे राखी सावंत सदमे में हैं. खुद को एक बड़ा बिजनेस मैन बताने वाला आदिल एक ड्राइवर है और उसके सिर पर बाल भी नहीं हैं.

# इस वजह से 'बाहुबली' और 'देवसेना' के रिश्ते में आई दरार, प्रभास ने क्यों किया शादी से इनकार?



इन दिनों बाहुबली अभिनेता प्रभास का नाम उनकी आने वाली फिल्म आदिपुरुष की अभिनेत्री कृति सेनन के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि कृति इस बारे में खुलकर बात कर चुकी हैं, लेकिन फिर भी अफवाहें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इससे पहले प्रभास और बाहुबली की देवसेना यानि अनुष्का शेट्टी एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों की जोड़ी फैंस को भी खूब पसंद आती थी। दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को खुलकर नहीं स्वीकारा है और रिपोर्ट्स के अनुसार अब प्रभास और अनुष्का शेट्टी का ब्रेकअप भी हो चुका है। हाल ही में दोनों के ब्रेकअप की काफी चौंकाने वाली वजह सामने आई है। अनुष्का शेट्टी और प्रभास की मुलाकात फिल्म बिल्ला के सेट पर हुई थी। इसके बाद दोनों ने कई हिट फिल्में दीं। प्रभास और अनुष्का फिल्म बाहुबली और बाहुबली पार्ट 2 दोनों में नजर आ चुके हैं। इन फिल्मों के बाद से दोनों के लिंकअप की खूब खबरें फैली हुई थीं। फिल्मों के अलावा असल जिंदगी में भी दोनों की जोड़ी खूब पसंद की जाती थी। दोनों के अफेयर की खबरों के बाद उनके सगाई करने के भी चर्चे होने लगे। हालांकि दोनों ने हमेश एक-दूसरे को अच्छा दोस्त बताया। कुछ समय के बाद अनुष्का शेट्टी के अफेयर की खबरें एक सीनियर एक्टर के साथ आने लगीं। जब यह बात प्रभास की मां के कानों तक पहुंची तो उन्होंने प्रभास और अनुष्का की शादी के मना कर दिया। हालांकि इसके बाद भी दोनों अच्छे दोस्त बने रहे और बाद में प्रभास का नाम कृति सेनन के साथ जुड़ने लगा।

# तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन के दौरान फैंस ने लगाए नारे, सुनकर नहीं रुकी श्रद्धा की हंसी



**बॉलीवुड एक्टर** रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झठी मैं मक्कार जल्द ही रिलीज होने वाली है। ऐसे में दोनों ही स्टार्स फिल्म का जोर- शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच श्रद्धा कपूर का एक वीडियो सामने आया है, जहां एक्ट्रेस को देख फैंस चिल्ला रहे, 10 रूपए की पेप्सी श्रद्धा कपूर सेक्सी।

दरअसल, श्रद्धा कपूर अपनी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' का प्रमोशन करने अहमदाबाद के एक मॉल में पहुंची थी। इस वीडियो में श्रद्धा स्टेज पर खड़ी हैं और वहां उनसे मिलने के लिए बड़ी संख्या में फैंस मौजूद थे। इसी बीच श्रद्धा को देख कुछ फीमेल फैंस बोलती हैं, '10 रूपए की पेप्सी श्रद्धा कपूर सेक्सी'। ये बात सुनकर श्रद्धा जोर से हंस पड़ती हैं। इस वीडियो के सामने आते ही यूजर्स इसे खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें, लव रंजन के निर्देशन में बनी ये रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' 8 मार्च 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पहली बार श्रद्धा और रणबीर की जोड़ी रोमांस करती हुई दिखाई देगी। फिल्म का ट्रेलर हालही में रिलीज हुआ है जिसे दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# अमिताभ बच्चन का करियर बनाने वाले मनमोहन देसाई

बॉलीवुड में मसाला फिल्मों के मास्टर कहे जाते थे मनमोहन देसाई। इस सप्ताह उनकी 29वीं डेथ एनिवर्सरी मनायी गयी है। लॉस्ट एंड फाउंड (बिछड़ना और फिर मिलना) इस थीम पर उन्होंने इतनी फिल्में बनाईं कि ये बॉलीवुड का अपने-आप में एक नया जॉनर बन गया। कुली, मर्द, अमर अकबर एंथनी से लेकर तूफान तक उनकी सारी फिल्मों में परिवार के बिछड़ने और फिर मिलने की कहानी होती थी।

देसाई ने अमिताभ बच्चन के साथ लगातार 7 सुपरहिट फिल्में बनाईं, जिन्होंने बिग बी के करियर को नई ऊंचाई दी। मनमोहन देसाई ने कुल 23 फिल्में बनाईं, जिनमें 15 जबरदस्त सफल रहीं। खुद मनमोहन देसाई की कहानी कुछ कम फिल्मी नहीं थी। पिता कीकूभाई देसाई फिल्म प्रोड्यूसर थे, लेकिन जब मनमोहन महज 4 साल के थे, उनकी मौत हो गई। अपने पीछे परिवार के लिए वो ढेर सारा कर्ज छोड़ गए, जिसे चुकाने में सारी जायदाद बिक गई।

मनमोहन देसाई 20 साल की उम्र में फिल्म डायरेक्टर बने। फिल्म भी राज कपूर और नूतन को लेकर बनाई, जिसका नाम था छलिया। देसाई एकमात्र ऐसे डायरेक्टर हैं जिन्होंने एक के बाद एक 11 फिल्में जुबली हिट दीं, इनमें से 4 गोल्डन जुबली और 7 सिल्वर जुबली थीं।

देसाई की पत्नी प्रभा की भी कम उम्र में ही मौत हो गई। कुछ साल अकेले रहने के बाद एक्ट्रेस नंदा से प्यार हुआ, फिर इनकी सगाई हुई, लेकिन शादी के पहले ही एक हादसे में देसाई की मौत हो गई। उनकी




मौत के बाद नंदा ने भी कभी शादी नहीं की, ताउम्र वो मनमोहन देसाई की विधवा के रूप में रहीं।

**मनमोहन देसाई की पुण्यतिथि पर पढ़िए उनकी जिंदगी के कुछ अनसुने किस्से-**

4 साल की उम्र में उठा पिता का साया

मनमोहन देसाई का जन्म 26 फरवरी 1937 को मुंबई में हुआ था, लेकिन उनके पूर्वज गुजरात के थे। उनके पिता कीकूभाई देसाई भी फिल्म निर्माता थे और 1931 से 1941 तक वो पैरामाउंट फिल्म स्टूडियो के मालिक थे। उन्होंने ज्यादातर एक्शन फिल्में ही बनाईं।

जब मनमोहन देसाई 4 साल के थे, तभी उनके पिता कीकूभाई का निधन हो गया। उनके निधन की वजह ये बताई गई थी कि वो कई फिल्मों को बनाने की तैयारी में थे, इसके लिए उन्होंने बहुत ज्यादा पैसा मार्केट से उठा लिया था। वो पैसा चुका नहीं पा रहे थे और ब्याज बढ़ता जा रहा था। इसी तनाव में हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई।

**कर्ज चुकाने के लिए मां ने बेची प्रॉपर्टी**

एक समय था जब देसाई परिवार का फिल्म इंडस्ट्री में बहुत नाम था, लेकिन कीकूभाई के निधन के बाद उनका परिवार सड़क पर आ गया। इसके बाद मनमोहन देसाई की मां ने कर्ज चुकाने के लिए सारी प्रॉपर्टी बेच दी। बाद में परिवार ने कीकूभाई के छोटे से ऑफिस को अपना घर बना लिया।

**भाई सुभाष की वजह से मिला फिल्म इंडस्ट्री में मिला काम**

मनमोहन देसाई के बड़े भाई सुभाष भी फिल्म इंडस्ट्री से ताल्लुक रखते थे। उन्होंने ही मनमोहन देसाई का नाम एक्शन फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के लिए सुझाया था। इसके बाद मनमोहन देसाई ने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर लंबे समय तक काम किया।

**सपना था कि फिल्म बनाएंगे तो राज कपूर और नूतन के साथ**

एक दिन मनमोहन देसाई के भाई ने उनसे पूछा कि उन्हें किस तरह की फिल्में बनाने का मन है और वो उस फिल्म में किसे कास्ट करना चाहेंगे। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वो फिल्म में राज कपूर और नूतन को लेना चाहेंगे।

मनमोहन देसाई अपने घर के सामने रहने वाली लड़की प्रभा को पसंद करते थे। रोज सुबह वो उसी समय पर घर से निकलते थे, जब प्रभा अपने घर से निकलती थीं। एक दिन उन्होंने हिम्मत जुटा कर प्रभा से कह दिया कि वो उन्हें पसंद करते हैं और शादी करना चाहते हैं।

प्रभा के घर वाले इस रिश्ते के लिए खिलाफ थे, लेकिन प्रभा ने

## इनके प्यार में ताउम्र विधवा की तरह रहीं नंदा, मौत की गुत्थी कभी नहीं सुलझी




कहा कि अगर उनकी शादी मनमोहन से नहीं हुई तो जिस भी लड़के का रिश्ता आएगा, वो उसे अपने दोस्तों के साथ मिलकर भगा देंगीं।

**खुद की फीस को फिल्म री-शूट करने में लगा दिया**

मनमोहन देसाई की जिंदगी में एक ऐसा भी समय आया, जब वो दो साल तक बेरोजगार रहे। फिर उन्होंने शम्मी कपूर के कहने पर एक अधूरी फिल्म को पूरा किया, जिसका डायरेक्टर फिल्म को आधी छोड़कर चला गया था। मनमोहन देसाई ने 500 रुपए प्रति दिन की फीस पर फिल्म को पूरा किया।

जब फिल्म की शूटिंग पूरी होने वाली थी तब उन्होंने कहा- मेरी फीस के पैसों से उन सीन को भी री-शूट कर लिया जाए, जो पिछले डायरेक्टर ने शूट किया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन नहीं कर पाई थी, लेकिन इसके जरिए मनमोहन देसाई का करियर फिर से चल पड़ा था। फिल्म का नाम बदतमीज था।

60 के दशक में अधिकतर फिल्में स्टूडियो में ही शूट कर ली जाती थीं। मनमोहन देसाई फिल्म ब्लफ मास्टर के गाने 'गोविंद आला रे' की शूटिंग रियल लोकेशन पर करना चाहते थे। जिसके बाद उन्होंने पुलिस और लोकल गुंडों की मदद से इस गाने की शूटिंग पूरी की। इस तरह से ये बॉलीवुड का पहला गाना बना, जिसे रियल लोकेशन पर शूट किया गया। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी, लेकिन इस गाने को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था।

इसके बाद 1977 में फिल्म अमर अकबर एंथनी रिलीज हुई। ये फिल्म सिने इतिहास की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का आइडिया मनमोहन को एक दिन अखबार की एक खबर से आया था। खबर थी कि एक आदमी अपने तीन बेटों को पार्क में छोड़कर आत्महत्या करने चला गया। वो इस खबर के बारे में पूरे दिन सोचते रहे।

शाम को उनकी मुलाकात राइटर प्रयाग राज से हुई। प्रयाग राज ने उनकी कई फिल्मों की कहानी लिखी थी। उन्होंने प्रयाग राज को पूरी खबर बताई, फिर प्रयाग राज ने कहा- सोचो कि अगर उस आदमी ने आत्महत्या ना की हो और जब वो पार्क लौट कर आए तो उसकी हालत कैसी होगी। इसके बाद प्रयाग राज ने कहानी को और डेवलप करते हुए कहा- अगर उन तीनों बच्चों को अलग-अलग धर्म के लोग लेकर जाएं, तो आगे की कहानी कैसी होगी।

ऐसा करते-करते दोनों इस खबर पर कहानी बुनते गए और आधी रात इसी में गुजर गई। अगले दिन फिर दोनों की मुलाकात हुई और उन्होंने कहानी को आगे बढ़ाया। इस फिल्म की कहानी में मनमोहन देसाई की पत्नी ने भी अपना सुझाव दिया था। आखिरकार इसी खबर पर फिल्म बनी और इसने सफलता के झंडे गाड़ दिए।

मनमोहन देसाई फिल्म अमर अकबर एंथनी में अकबर के रोल के लिए ऋषि कपूर को कास्ट करना चाहते थे। मनमोहन देसाई ने कहा कि वो एक फिल्म बना रहे हैं, जिसमें उन्हें अकबर का रोल करना है। ये सुनते ही ऋषि कपूर ने मना कर दिया। उनका मानना था कि अगर वो अकबर का रोल प्ले करते हैं तो उनकी तुलना दादा पृथ्वीराज से की जाएगी।

इस बात पर मनमोहन देसाई को बहुत गुस्सा आया, लेकिन वो ऋषि कपूर को मनाते रहे। जब उन्होंने ऋषि कपूर को बताया कि उन्हें मुगल बादशाह अकबर का रोल नहीं बल्कि एक चुलबुले शख्स का किरदार निभाना है, तब जाकर ऋषि कपूर इस रोल को करने के लिए राजी हुए।

जब मनमोहन देसाई अपने करियर के पीक पर थे, तभी 1979 में उनकी पत्नी का निधन हो गया। इसके बाद वो पूरी तरह से अकेले पड़ गए।




पिता की ऐसी हालत देख कर बेटे केतन ने कहा- पापा जैसी आपकी फिल्मों का दूसरा पार्ट बेहतरीन होता है, वैसे ही आपकी लाइफ का सेकेंड हाफ बेस्ट होगा। बेटे की बात ने उन्हें बहुत हौसला दिया, जिसके बाद उन्होंने देशप्रेमी, कुली जैसी बेहतरीन फिल्में बनाईं।

**जब शशि कपूर को लगा मनमोहन देसाई उन्हें मारना चाहते हैं**

मनमोहन देसाई का शशि कपूर के साथ प्रोफेशनल और पारिवारिक रिश्ता था। ये किस्सा भी मशहूर है कि शशि कपूर कहते थे कि मनमोहन देसाई उन्हें मारना चाहते थे। शशि कपूर ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा था कि मनमोहन देसाई को बहुत मजा आता था, जब वो शूटिंग के दौरान अपने एक्टर्स को खतरे में देखते थे। उन्होंने अपने करियर में उतने स्टंट कभी नहीं किए थे जितने उन्होंने मनमोहन देसाई की फिल्मों में किए थे। फिल्म 'आ गले लग जा' के फाइनल एक्शन सीन की शूटिंग चल रही थी। इसी एक्शन सीक्वेंस के एक सीन में शशि कपूर को शीशे से टकराना था। मनमोहन देसाई ने इस सीन के लिए उनसे कहा- मैं चाहता हूं कि ये सीन तुम बिना बॉडी डबल के शूट करो। शशि ने ऐसा करने से मना कर दिया।

**52 साल की उम्र में एक्ट्रेस नंदा से की सगाई**

जब नंदा ने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा, तो उनके काम और खूबसूरती से मनमोहन देसाई बहुत प्रभावित थे। ये बात उनके बेटे केतन को भी मालूम थी। जब पत्नी प्रभा का निधन हो गया था, तब वहीदा रहमान के साथ मिलकर बेटे केतन ने उन्हें और नंदा को करीब लाने में मदद की थी। एक दिन वहीदा रहमान ने अपने घर डिनर पर मनमोहन देसाई और नंदा को इनवाइट किया था। वहीं पर मनमोहन देसाई ने नंदा को अपनी दिल की बात बताई जिसके बाद उन्होंने 1992 में 52 साल की उम्र में नंदा से सगाई कर ली। नंदा भी उन्हें बेपनाह चाहती थीं।

**मनमोहन देसाई के निधन के बाद विधवा की तरह रहीं नंदा**

सगाई के 2 साल बाद ही अपने घर की बालकनी से गिरकर मनमोहन देसाई की मौत हो गई। मनमोहन देसाई के निधन के बाद नंदा पूरी तरह से अकेली हो गई थीं। उन्होंने घर से निकलना भी बंद कर दिया था और जब भी निकलतीं, सिर्फ सफेद साड़ी ही पहनती थीं।

1 मार्च 1994 को मनमोहन देसाई की मौत को रहस्यमय बताया गया था। कहा जा रहा था उन्होंने सुसाइड की थी, वहीं कुछ लोगों का ये कहना था कि हार्ट अटैक की वजह से उनका निधन हुआ था। हालांकि उनकी मौत की गुत्थी आज भी अनसुलझी ही है।



## 20 हजार करोड़ के सोलर इंसेंटिव पर टाटा और रिलायंस की नजर, होगा दिलचस्प मुकाबला

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और टाटा पॉवर कंपनी सहित कई सोलर मॉड्यूल मेकर्स की नजर सरकार के करीब 20 हजार करोड़ रुपये के सोलर इंसेंटिव पर गड़ी हुई है। इन तमाम कंपनियों ने इस सेक्टर के लिए फाइनेंशियल इंसेंटिव पाने को बोली लगाई है। इस इंसेंटिव की वजह से देश में सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने में मदद मिलेगी और चीन से इंपोर्ट पर लगाम लगेगी। इस इंसेंटिव को पाने के लिए दूसरी कंपनियों में अमेरिकी फर्म फर्स्ट सोलर इंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड, अवादा ग्रुप और रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी शामिल हैं। ईटी की रिपोर्ट में नाम न बताने की शर्त पर जानकारों ने बताया देश के सबसे बड़े सौलर पैनल मेकर्स में से एक अडानी ग्रुप बोली लगाने वालों की लिस्ट में नहीं है।यह फाइनेंशियल हेल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को एक मैन्युफैक्चरिंग पॉवरहाउस में बदलने, इकोनॉमी में रोजगार पैदा करने और विदेशी मुद्रा को खत्म करने वाले इंपोर्ट को कम करने के उद्देश्य का हिस्सा है। उनका "मेक इन इंडिया" कैंपेन महामारी के मद्देनजर सप्लाई चेन में विविधता लाने के ग्लोबल प्रेशर के बीच देश को चीन के विकल्प के रूप में प्रदर्शित करने का एक प्रयास है।

सरकार देश की मॉड्यूल बनाने की क्षमता को 90 गीगावाट तक ले जाने के लिए ग्रांट ऑफर कर रही है। बिजली मंत्री राज कुमार सिंह ने पिछले महीने कहा था कि उनका मंत्रालय परियोजनाओं को गति देने के लिए मॉड्यूल इंपोर्ट के लिए अस्थायी रूप से विराम लगाने पर विचार कर रहा है।

# अब बिकेगी अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल ?

### एनसीएलएटी ने पलट दिया फैसला, टोरेंट और हिंदुजा के बीच टक्कर थी

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को लेकर बड़ी खबर आ गई है। अब कंपनी के कर्जदाताओं को इसे बेचने के लिए नए दौर की बोली आमंत्रित करने का मौका मिल गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के फैसले को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने पलट दिया है। रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के समाधान के मामले में ऋणदाताओं की नीलामी की एक और दौर की याचिका को स्वीकार कर लिया है। बता दें कि भयंकर कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल फिलहाल दिवाला प्रक्रिया में है। एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के पास ऊंची बोली के प्रयास करने का अधिकार है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने सीओसी को चुनौती तंत्र को जारी रखने और दो सप्ताह बाद बोलियां आमंत्रित करने की अनुमति दी है।

**टॉरेंट और हिंदुजा के बीच थी टक्कर**

एनसीएलएटी ने यह आदेश विस्ट्रा आईटीसीएल (इंडिया) लि। की याचिका पर दिया है। विस्ट्रा अनिल अंबानी प्रवर्तित कंपनी के ऋणदाताओं में से है। याचिका में एनसीएलटी के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें दिवालिया कंपनी के लिए और नीलामी पर रोक लगाई गई थी। रिलायंस कैपिटल के मामले में टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने 8,640 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई थी। हालांकि, कंपनी की ऋणदाताओं की समिति ने दूसरा चुनौती तंत्र चलाने का फैसला किया। उसके बाद हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लि । (आईआईएचएल) ने संशोधित बोली जमा कराई। टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने एनसीएलटी की मुंबई पीठ के समक्ष इसे चुनौती दी।



**एनसीएलटी ने लगाई थी रोक**

एनसीएलटी ने दो फरवरी को कहा कि वित्तीय बोली के लिए चुनौती व्यवस्था या तंत्र 21 दिसंबर, 2022 को पूरा हो गया है। इसके बाद टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने नौ जनवरी को नई याचिका दायर कर न्यायाधिकरण से ऋणदाताओं की नए सिरे से नीलामी की योजना पर रोक लगाने की अपील की। बाद में आईआईएचएल ने भी एक याचिका दायर कर एनसीएलटी के आदेश को चुनौती दी। आईआईएचएल ने एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील की। समाधान प्रक्रिया से गुजर रही रिलायंस कैपिटल पर कुल 40,000 करोड़ रुपये का कर्ज है।

## विश्वविश्वनी कैंपस में मेगा जॉब मेला 2023 कल

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। विश्वविश्वानी कैंपस में मेगा जॉब मेला 2023 आयोजन हो रहा है। इस संदर्भ में, विश्वविश्वानी संस्थान के आधिकारिक सूत्रों ने विस्तार से बताया कि, मेडचल-मलकजगिरी जिले में शनिवार,4 मार्च, 2023 को मेगा जाब मेले का आयोजन हो रहा है तथा इसका आयोजन₹फ्रेशर जॉब फेयर₹ के सहयोग से तुमकुंटा गांव,शामिरपेट रोड, मेडचल मलकाजगिरी जिला स्थित विश्वविश्वानी संस्थान कैंपस में हो रहा है। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वीवीआई, अध्यक्ष जीएसएस वेंकटेश्वर राव ने कहा कि, इस मेगा जाब फेयर में अंदाजन 40 प्राइवेट कंपनियां भाग ले रही हैं। जिसमें तत्संबंधित कंपनियों व्दारा इंजीनियरिंग, आईटी, फार्मेसी, बैंकिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेलीकॉम, फाइनेंस, मार्केटिंग और होटल मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में विभिन्न पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों की भर्ती की जायेगी। इस दौरान 40 से अधिक कंपनियों द्वारा तत्संबंधित क्षेत्रों के लगभग 1500 रिक्तियों को भरा जाएगा इस जाब फेयर या रोजगार मेले का आयोजन शनिवार 4 मार्च के सुबह नौ से शाम पांच बजे तक किया जा रहा है। इस जाब मेले में ऐसे शिक्षित बेरोजगार युवा शामिल हो सकते हैं जिनके पास स्नातक, स्नातकोत्तर उपाधि और एमबीए, एमटेक, एम काम, एमसीए, एम. फार्मा सहित अन्य अपेक्षित योग्यताएं हो। साथ ही उन्होने कहा कि इसमें नियुक्त कर्मचारियों का वेतन योग्यता के आधार पर निर्धारित होगा।

## भारतीय बैंक संघ के फैसले से कर्मचारी और ग्राहक दोनों की बल्ले-बल्ले

### पांच दिन काम और दो दिन छुट्टी पर विचार

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। बैंक कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर आई है। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) पांच दिन काम करने और सप्ताह में दो दिनों की छुट्टी देने पर विचार कर रहा है। इसकी मांग बैंक कर्मचारी लंबे समय से करते आ रहे हैं। अभी बैंक में अल्टरनेटिव ऑफ मिलता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 5 दिन के वर्क वीक में हर दिन काम के घंटे 50 मिनट तक बढ़ाए जा सकते हैं। इस मामले में आईबीए और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक एम्प्लॉइज (यूएफबीई) के बीच बातचीत चल रही है और एसोसिएशन 5 दिन के कार्य सप्ताह के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। बता दें, अभी तक फाइनल निर्णय नहीं आया है। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है?ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव एस नागराजन ने एक मीडिया वेबसाइट को बताया कि सरकार को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 के तहत सभी शनिवार को छुट्टियों के रूप में अधिसूचित करना होगा। बैंक कर्मचारी वर्तमान में वैकल्पिक शनिवार को काम करते हैं। कर्मचारियों को सुबह 9.45 बजे से शाम 5.30 बजे तक हर दिन 40-50 मिनट अतिरिक्त काम करने की आवश्यकता होगी। इस फैसले से ग्राहकों का भी कंफ्यूजन दूर हो गया है, जिसमें वह दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी के बावजूद कई बार बैंक पहुंच जाया करते थे। अगर शनिवार और रविवार ऑफ घोषित कर दिया जाता है तो ग्राहक आगे से अपना शेड्यूल उसके हिसाब से तय करेंगे। बैंक कर्मचारियों और बैंक ग्राहकों को यह जानना आवश्यक है कि मार्च 2023 में दूसरे और चौथे शनिवार और रविवार सहित 12 दिनों तक बैंक बंद रहेंगे। जहां कुछ बैंक अवकाश देश भर में मनाए जाएंगे, वहीं कुछ अन्य स्थानीय अवकाश होंगे। सार्वजनिक अवकाश के दिन सभी बैंक बंद रहते हैं, जबकि कुछ बैंक क्षेत्रीय त्योहार और अवकाश मनाते हैं। मार्च 2023 के महीने में मनाए जाने वाले त्योहारों में होली, चैत्र नवरात्रि, राम नवमी और बहुत कुछ शामिल हैं।



## अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी:ट्रांसमिशन, विल्मर

### पावर, ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी 5-5% चढ़े, सेंसेक्स 500 अंक टूटा

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। मिले जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज गुरुवार (2 मार्च) को बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स 501 अंक गिरकर 58,909 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी कमजोरी रही। ये 130 अंक गिरकर 17,320 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और सिर्फ 5 में तेजी रही।

**ट्रांसमिशन, विल्मर, पावर, ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी में 5-5% की तेजी**

मार्केट में इस गिरावट के बीच आज अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी देखने को मिली। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.52% चढ़ा। इसके अलावा अडाणी ट्रांसमिशन, विल्मर, पावर, ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी के शेयरों में करीब 5-5% की तेजी रही। वहीं अडाणी पोर्ट्स में 3.06%, टोटल गैस में 3.86%, अंबुजा सीमेंट में 4.50% और एसीसी में 1.39% की तेजी देखने को मिली।मारुति, एक्सिस बैंक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लाइफ, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी लाइफ, एम एंड एम, कोटक बैंक समेत निफ्टी-50 के 36 शेयरों में गिरावट रही। वहीं अडाणी पोर्ट्स, कोल इंडिया, बीपीसीएल, अडाणी एंटरप्राइजेज, हीरो मोटोकॉर्प, डॉ रेड्डी और पावर ग्रिड समेक निफ्टी के 14 शेयरों में तेजी देखने को मिली।

**आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.26% की गिरावट**

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में गिरावट देखने को मिली। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.26% की गिरावट रही।

बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मीडिया, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक सेक्टर में भी गिरावट देखने को मिली। सिर्फ रियल्टी सेक्टर में 2.06% की तेजी रही।शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, यानी बुधवार (1 मार्च) को तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 448.96 अंक या 0.76% चढ़कर 59,411.08 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 146.95 अंक या 0.85% की तेजी रही। यह 17,450.90 के स्तर पर बंद हुआ था।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | कुंभ | में |
| चंद्र- | मिथुन | में |
| मंगल | वृष | में |
| बुध- | कुंभ | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | मीन | में |
| शनि- | कुंभ | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| कुंभ - | 05-36 | बजे |
| मीन... | 07-14 | बजे |
| मेष-- | 08-50 | बजे |
| वृष-- | 10-34 | बजे |
| मिथुन.. | 12-34 | बजे |
| कर्क... | 14-47 | बजे |
| सिंह... | 16-59 | बजे |
| कन्या.. | 19-06 | बजे |
| तुला.. | 21-12 | बजे |
| वृश्चिक. | 23-23 | बजे |
| धनु..... | 01-35 | बजे |
| मकर.. | 03-42 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-उत्तरायणे
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु- बसंत दिशाशूल- पश्चिम • दही खाकर घर से निकल
तिथि- एकादशी • **09 -11** उपरान्त द्वादशी
मास • फाल्गुन शुक्ल पक्ष , शुक्रवार **Mar 03**
नक्षत्र •पुनर्वसु • **15 -43** उपरान्त पुष्य
योग • सौभाग्य **-18 - 44** - तक उप शोभन
करण- विष्टि • **09 - 11** - तक उप- बव
विशेष:- आमलकी एकादशी व्रत सर्वे
व्रत -त्योहार • मेला श्री खाटुस्याम जी

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 10:59 से 12:28 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:36 - 08:03 | शुभ | रोग. | 18:19 - 19:53 | अशुभ |
| लाभ | 08:03 - 09:31 | शुभ | काल. | 19:53 - 21:25 | अशुभ |
| अमृत | 09:31 - 10:59 | शुभ | लाभ. | 21:25 - 22:56 | शुभ |
| काल. | 10:59 - 12:28 | अशुभ | उत्पात | 22:56 - 00:28 | अशुभ |
| शुभ. | 12:28 - 13:57 | शुभ | शुभ | 00:28 - 01:59 | शुभ |
| रोग | 13:57 - 15:25 | अशुभ | अमृत | 01:59 - 03:31 | शुभ |
| उत्पात | 15:25 - 16:53 | अशुभ | चंचल | 03:31 - 05:02 | शुभ |
| चंचल | 16:53 - 18:19 | शुभ | रोग | 05:02 - 06:36 | अशुभ |

## वायदा बाजार में सोने-चांदी की चमक कमजोर जानें देश के बड़े शहरों में गोल्ड-सिल्वर के रेट्स

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। कल सोने-चांदी के दाम में उठापटक के बाद आज गोल्ड और सिल्वर दोनों के दाम में गिरावट दर्ज की जा रही है। वायदा बाजार में शुरुआती कारोबार में सोना गिरावट के साथ खुला है. आज 24 कैरेट सोना एमसीएक्स में 55,777 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला. इसके बाद सुबह 10.25 मिनट तक इसमें मामूली सुधार देखा गया और यह फिलहाल 55,787 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। वहीं कल सोना 55,830 रुपये पर बंद हुआ था. सोने की तरह चांदी के दाम में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। आज चांदी वायदा बाजार में 63,589 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुली है। इसके बाद 10.25 मिनट पर इसमें थोड़ी बढ़त दर्ज की गई है और यह फिलहाल 63,661 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। कल की बात करें तो मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी 64,541 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। नई दिल्ली- 22 कैरेट सोना 51,750 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 67,000 रुपये प्रति किलोग्राम मुंबई- 22 कैरेट सोना 51,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 66,800 रुपये प्रति किलोग्राम कोलकाता- 22 कैरेट सोना 51,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 67,000 रुपये प्रति किलोग्राम चेन्नई- 22 कैरेट सोना 52,350 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 70,200 रुपये प्रति किलोग्राम अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार यानी 02 मार्च, 2023 को सोने के दाम में बढ़त दर्ज की जा रही है। आज सोना 0.47 फीसदी की मजबूती के साथ 1,845.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी की बात करें तो इसमें 0.11 फीसदी की तेजी देखी जा रही है यह 21.095 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है।

## बेरोजगारी दर फरवरी में बढ़कर 7.45 फीसदी पर, विनिर्माण व खपत में गिरावट

नई दिल्ली , 2 मार्च (एजेंसियां)। देश में बेरोजगारी दर एक बार फिर बढ़ी है। फरवरी में यह 7.45 फीसदी रही जो जनवरी में 7.14 फीसदी थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इन इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) ने बताया कि गांवों से ज्यादा शहरों में बेरोजगारी रही है। गांवों 7.23 और शहरों में 7.93 फीसदी बेरोजगारी रही है। आंकड़ों के मुताबिक, हालांकि, जनवरी की तुलना में शहरों में बेरोजगारी दर घटकर 7.93 फीसदी रही जो जनवरी में 8.55 फीसदी थी। गांवों में यह 6.48 फीसदी से बढ़कर 7.23 फीसदी पर पहुंच गई है। फरवरी में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर 18 फरवरी को थी जो 7।84 फीसदी थी। हरियाणा में 29.4 और यूपी में 4 फीसदी बेरोजगारी दर आंकड़ों के मुताबिक, हरियाणा में बेरोजगारी की दर 29.4 फीसदी रही है जबकि जम्मू एंड कश्मीर में 17.1, राजस्थान में 28.3, हिमाचल में 13.9 और बिहार में 12.3 फीसदी रही है। उत्तराखंड में 2.3फीसदी, यूपी में चार , मप्र में दो और छत्तीसगढ़ में सबसे कम 0.8 फीसदी बेरोजगारी दर रही है।भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि 2022-23 की दिसंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र और निजी खपत खर्च का प्रदर्शन अधिक आधार प्रभाव के कारण घटा हुआ लग रहा है। उन्होंने कहा, पिछले तीन वित्त वर्षों के आंकड़ों में संशोधन से जीडीपी वृद्धि का आधार बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने मंगलवार को पिछले तीन वित्त वर्षों 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़ों को संशोधित किया। साथ ही, 2022-23 के लिए जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी किया। उन्होंने कहा कि अगर आधार प्रभाव नहीं बढ़ा होता तो दिसंबर तिमाही में विनिर्माण 3.8 फीसदी व निजी खपत खर्च 6 फीसदी की दर से बढ़ता।

## एनएमडीसी की खानों को आईबीएम से प्राप्त हुई पांच सितारा रेटिंग




हैदराबाद ,2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता) एनएमडीसी की लौह अयस्क खानों, किरंदुल निक्षेप-14 एमजेड, किरंदुल निक्षेप-14 एनएमजेड तथा बचेली निक्षेप-5 को भारतीय खान ब्यरो (आईबीएम) ने बुधवार को नागपुर में आयोजित समारोह में पांच सितारा रेटिंग प्रदान की। माननीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने ये अवार्ड एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) श्री दिलीप कुमार मोहंती को प्रदान किए।

एनएमडीसी की खानों को देश के सर्वोत्तम खनन पट्टों में गिना जाता है तथा उन्हें भारतीय खान ब्यूरो, खान मंत्रालय की स्टार रेटिंग प्रणाली में निरंतर पांच सितारा रेटिंग प्राप्त होती रही हैं। खानों का मूल्यांकन सतत विकास फ्रेम वर्क (एसडीएफ) के कार्यान्वयन में की गई पहलों के आधार पर किया जाता है। मूल्यांकन मानदण्डों में वैज्ञानिक तथा प्रभावशाली खनन के द्वारा प्रभाव प्रबंधन; पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना के सामाजिक प्रभावों का समाधान; स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव एवं कल्याणकारी कार्यक्रम; प्रगतिशील तथा अंतिम खान बंदी तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों को अपनाना शामिल हैं। श्री दिलीप कुमार मोहंती ने एनएमडीसी टीम को बधाई देते हुए कहा कि, "भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में एनएमडीसी का यह उत्तरदायित्व है कि टिकाऊ, प्रभावशाली एवं पर्यावरण हितैषी खनन पद्धतियों को अपनाया जाए। हम राष्ट्र के पर्यावरण हितैषी खनिक होने के साथ-साथ अपनी उत्पादन प्रक्रिया को नवोन्मेषी एवं डिजिटल बनाना जारी रखेंगे।

"एनएमडीसी ने भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नागपुर में आयोजित विशेष खनन प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। श्री विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय ने एनएमडीसी पेवेलियन का उद्घाटन किया जिसमें कंपनी तथा भारत के खनन क्षेत्र की प्रगति तथा नई पहलों को प्रदर्शित किया गया।

## नई स्लीपर वंदे भारत ट्रेन के लिए इन कंपनियों ने जीता टेंडर, लगाई सबसे कम बोली

नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। देश की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का एक नया वर्जन जल्द आ जाएगा। 200 नई स्लीपर वंदे भारत ट्रेन के लिए रेलवे के जारी टेंडर के लिए बोलियां मिल गई हैं। इस टेंडर को दो कंपनियों ने जीता है। इन कंपनियों ने सबसे कम बोली लगाई थी। रेलवे के नियम के मुताबिक अब इन दो कंपनियों को 200 वंदे भारत ट्रेन बनाने का कांट्रैक्ट जारी कर दिया जाएगा। सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी को 120 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बनाने के लिए दिया जाएगा, तो वहीं दूसरे सबसे कम बोली लगाने वाली ट्रेन को 80 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बनाने का कंट्रैक्ट मिलेगा। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, 200 सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण के लिए रूस के सीजेएससी ट्रांसमाशहोल्डिंग और रेल विकास निगम लिमिटेड (टीएमएच-आरवीएनएल) कंसोर्टियम ने सबसे कम बोली लगाई है। इसमें रूस की कंपनी ने सबसे कम बोली पेश की है। दोनों कंपनियों की बोली 58,000 करोड़ रुपये है। इसके बाद तीसरे नंबर पर बीएचईएल-टीटागढ़ वैगन कंसोर्टियम में ने सबसे कम बोली पेश की है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 16 कोच का होगा और ये ट्रेन लंबी दूरी के लिए चलाई जाएगी। इन कोचों को रेलवे की फैक्ट्री महाराष्ट्र के लातूर और चेन्नई के आईसीएफ में तैयार किया जाएगा।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी । यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगें । इससे आपको भविष्य में भी इसी प्रकार के लाभ उठाने का रास्ता दिखाई देगा। आप आज बहुत अच्छे मूड में हैं और आपकी आशावादिता और खुशमिजाजी से सभी प्रभावित होंगे । दोस्तों और परिवार के साथ आनंद लें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
वित्तीय लाभ की सूचना से आपको और आपके परिजनों को ख़ुशी होगी । इससे ये भावना आएगी कि सब अच्छा हो रहा है । आप खुशमिजाज और आकर्षक हैं,नए लोगों से मिलें । इससे आपको नए अवसर मिलेंगे जो अंतत आपके लिए फायदे का सौदा साबित होंगे । आप परिवार या घर की बनावट में कोई बदलाव लाने के बारे में सोच सकते हैं ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, झ, के, को, हा,)
आज आपको विभिन्न भूमिकाओं का क्रियान्वन करना पड सकता है इसलिए दोस्तों से मदद लेने में संकोच न करे । वे सफलता के रास्ते पर आपको एक मजबूत समर्थन दे सकते हैं। छात्रों के लिए ये एक अच्छा दिन हो सकता है और उन्हें एक प्रतिष्ठित संस्थान से डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त हो सकती है। इन स्थितियों की वजह से उच्च भुगतान नौकरियों में अवसर बढ़ेंगे ।

**कर्क** (ही, हू ,हे, हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपकी प्रकृति उत्सुक और अदमनीय है और आप किसी भी प्रकार का नियंत्रण पसंद ना करते । आपको ऐसा करने की जरूरत भी नही है ,इसके स्तान पर ख़ुशी और प्यार दें और आपको भी बदले में खूब ख़ुशी और प्यार मिलेगा । अपनी काम की मारामारी वाली जिन्दगी में अपने सहकर्मियों के साथ किसी छोटी सी यात्रा पर जाकर रंग भर सकते हैं ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आज के दिन आपका दृढ़ संकल्प और आपकी कठोर मेहनत रंग लाएगी । ये मेहनत आपके उच्च अधिकारीयों को दिखेगी जो की आपके आगे बढ़ने के लिए एक माध्यम बनेगी । इस चीज़ में आपका भाग्य का कम जबकि आपकी मेहनत और लग्न का ज्यादा हाथ होगा । ये समय आपके करियर की उड़ान का समय है और आपको ये सुनिश्चित करना है की आप इस समय का पूरा सदुपयोग करे ।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू ,ष, ण, ट, पे ,पो,)
आज सब कुछ आपके मनचाहे तरीके से होगा और आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी । आप पुराने नुक्सान की भरपाई भी कर लेंगे । इसके परिणामस्वरूप आप अपनी संभावनाओं के प्रति अधिक आशावादी भी हो सकते हैं ,किसी भी अवसर के बारे में गहरे से सोचे बिना जोखिम ना उठायें । असावधान रहेंगे तो किसी से मुठभेड़ हो सकती है ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
कुछ भ्रम की स्थिति आज आपके कार्य क्षेत्र में आने की संभावना है। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से कार्य कर रहे है , साथ ही साथ आपको एक व्यापार में शामिल होने के लिए एक प्रस्ताव मिल सकता है जो काफी भरोसेमंद है और पुरस्कार से भरपूर भी परन्तु इस तरह का प्रस्ताव आप ने पहले न देखा न सुना इसलिए आप अनिर्णय की स्थिति में रहेंगे ।

**वृश्चिक** (लो,ना,नी, ने,नू, या, यी ,यू,)
अनुशासन और कड़ी मेहनत आपके विशिष्ट गुण हैं । आज अपने कार्य क्षेत्र से आपका मोहभंग हो सकता है , क्योंकि आपको लगेगा की आपका करियर रुक सा गया है । हालांकि, कड़ी मेहनत हमेशा साथ देती है । आप सही रास्ते पर हैं ।अब महत्वपूर्ण है की इस पथ के साथ आप रहे । चमकती हुई परियोजनाओं में निवेश न करे या ज्यादा उत्साह में न आए ।

**धनु** (ये, यो,य, मी, मू धा ,फा, ढा, मे)
आप एक साधारण आदमी हैं और इसीलिए आप संबंधों में कोई चालाकी नही करते । इससे आपको कई बार नुक्सान भी उठाना पड़ता है लेकिन यह सब अधिक समय तक नही चलेगा ,आखिर में चालाकी के स्थान पर आपकी सरलता की ही जीत होगी । अपनी संवेदनाओं को नियंत्रण में रखें । करीबियों के साथ अच्छा वक़्त बिताने की सम्भावना बनी हुई है ।

**मकर** (मो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, ग, गी)
आज अपमनी दार्शनिकताओं तथा विचारों को किसी के साथ बाँट लेने का मौका देखें ,आपकी मुलाकात एक बेहतरीन व्यक्ति से हो सकती है । इससे एक ख़ूबसूरत दोस्ती या अच्छी साझेदारी भी जन्म ले सकती है । थोड़े से ध्यान से देखने से,आप अपने आसपास से बहुत सारी चीजें सीख पायेंगेऔर यह ज्ञान आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा |आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिल पायेंगे जिसके विचार आपसे मिलते हों ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सि, सू, से, सो, द,)
आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है । हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी । आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
जिस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आपने नींव बिछाने का कार्य किया था उसका फल आज से आपको मिलने लगेगा । हालांकि कुछ महत्वपूर्ण संकेतो को आप शायद न देख पाओ और निराशा और आलसीपन आप में विकसित हो सकता है। अगर आप अपने प्रयासों में कमी लाएंगे तो आपकी सारी की गई मेहनत पर पानी फिर सकता है , इसलिए जरुरी है की आप अपने प्रयासों को मजबूती से करना जारी रखें।

पं. महेशचन्द्र शर्मा 9247132654, 8309517693

# 5 साल में 47 बार नॉर्थ-ईस्ट पहुंचे मोदी

## 8 में से 6 राज्यों में सरकार, बीजेपी के लिए त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय क्यों था जरूरी

नई दिल्ली, 2 मार्च (एक्सक्लूसिव डेस्क)। त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय विधानसभाओं के चुनावी नतीजे आ गए हैं। तीनों राज्यों में बीजेपी फिर से काबिज हो चुकी है। बता दें कि इस गढ़ को बचाए रखने के लिए पार्टी ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। मेघालय में तो बीजेपी ने चुनाव से ऐन पहले उसे सत्ता दिलाने वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी यानी एनपीपी से नाता तोड़ लिया। पार्टी मेघालय में सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ी, जबकि 2018 में उसे सिर्फ 2 सीट मिली थीं।

प्रधानमंत्री 2017 के बाद से 47 बार नार्थ-ईस्ट जा चुके हैं। चुनाव से पहले उन्होंने त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में 3 बड़ी रैलियां कीं। नार्थ-ईस्ट के 8 राज्यों में हर 15 दिन में कोई न कोई केंद्रीय मंत्री जरूर पहुंचता है। केंद्र सरकार ने 2024-25 के लिए नार्थ ईस्ट का बजट 5892 करोड़ किया है। ये 2022-23 के मुकाबले 113% ज्यादा है। सवाल यह है कि आखिर बीजेपी नार्थ ईस्ट को इतना महत्व क्यों दे रही है? जबकि ये राज्य न हिंदी भाषी हैं और न हिन्दू बाहुल्य।

**1. हिंदी बेल्ट में पकड़ और हिंदुत्वादी पार्टी का नरेटिव बदलना चाहती है बीजेपी।**

''बीजेपी हिन्दुत्वादी पार्टी है। उसका दबदबा देश के काऊ बेल्ट, यानी हिंदीभाषी राज्यों और हिंदू बाहुल्य इलाकों में है।'' ये एक ऐसा नरेटिव है, जिसे बीजेपी भीतरखाने तो बरकरार रखना चाहती है, लेकिन खुलेतौर पर इसे तोड़ना चाहती है।

नार्थ ईस्ट के राज्यों में चुनावी कामयाबी बीजेपी के इस मिशन के लिए एकदम फिट बैठती है। यही वजह है कि बीजेपी ने नगालैंड, त्रिपुरा और मेघालय में चुनाव जीतने के लिए जी जान लगा दी। फरवरी महीने में ही प्रधानमंत्री ने तीन बार इन राज्यों का दौरा किया। गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े नेता लगातार यहां जाते रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश में 2003 के एक अपवाद को छोड़ दें, तो 2016 तक नार्थ ईस्ट के किसी राज्य में बीजेपी सत्ता में नहीं रही। 2003 में कुछ महीनों के लिए गेगॉन्ग अपांग बीजेपीमें शामिल हो गए थे। तब वे अरुणाचल के सीएम थे।

इससे उलट आज यहां के 8 में से 6 राज्यों में बीजेपी सत्ता में है। असम, त्रिपुरा, अरुणाचल और मणिपुर में बीजेपी के मुख्यमंत्री हैं। नगालैंड और मेघालय में बीजेपी सत्ताधारी गठबंधन में शामिल हैं। मिजोरम और सिक्किम में तनाव है, लेकिन इन दोनों राज्यों में सरकार चला रहीं पार्टियां बीजेपी की अगुआई वाले नार्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस यानी एनईडीए में शामिल हैं।

पिछले दो लोकसभा चुनावों के नतीजों से भी जाहिर है कि नार्थ ईस्ट में एक केंद्रीय राजनीतिक शक्ति के रूप में बीजेपी ने कांग्रेस की जगह ले ली है। 2014 में बीजेपी को नार्थ ईस्ट की 32% सीटों पर कामयाबी मिली थी। 2019 में यह आंकड़ा 56% हो गया।

**2. संविधान संशोधन करने की जरूरत पड़ी तो इन राज्यों की अहम भूमिका**

भारत में संविधान संशोधन के लिए तीन तरह के प्रोसेस हैं।

**पहला :** आर्टिकल 368 के तहत संसद के दोनों सदनों में साधारण बहुमत से। जैसे- नए राज्यों का गठन करना हो, या किसी राज्य की सीमाओं में बदलाव करना हो, या सांसदों की सैलरी बढ़ानी-घटानी हो।



**दूसरा :** दोनों सदनों में विशेष बहुमत से। यानी दोनों सदनों के कुल सदस्यों के 50% सदस्य और वोट देने वालों के दो तिहाई वोटों से। मूल अधिकारों में बदलाव जैसे संशोधन के लिए इसकी जरूरत पड़ती है।

**तीसरा :** विशेष बहुमत और आधे से ज्यादा राज्यों की विधानसभाओं के अनुमोदन से। जैसे राष्ट्रपति के चुनाव की शर्तों या प्रक्रिया में बदलाव, लोकसभा या राज्यसभा में राज्यों की सीटों में बदलाव, केंद्र और राज्यों में शक्तियों का बंटवारा, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की शक्तियों में बदलाव।

राजनीतिक रूप से यह तीसरा संवैधानिक संशोधन सबसे अहम है। इसके लिए संसद में विशेष बहुमत के साथ आधे से ज्यादा राज्यों का सपोर्ट चाहिए होता है। अभी देश में 28 राज्य हैं। इस तरह के संशोधन के लिए 15 राज्यों के सपोर्ट की जरूरत होगी। अभी 16 राज्यों में बीजेपी सरकार में है।

इसमें 6 राज्य नॉर्थ ईस्ट के हैं। अगर दो राज्य भी फिसले, तो समीकरण बदल जाएगा। इससे समझा जा सकता है कि छोटे होने के बावजूद नार्थ ईस्ट के 8 राज्य देश के बड़े राज्यों के बराबर ताकत रखते हैं।

**3. हिंदी बेल्ट में कम सीटें आईं, तो इन राज्यों से भरपाई करना चाहेगी बीजेपी**

नार्थ ईस्ट के 8 राज्यों में कुल 25 लोकसभा सीटें हैं। बीजेपी के पास इनमें से 14 सीटें हैं। अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं। अगर हिंदी भाषी राज्यों में बीजेपी की कुछ सीटें कम होती हैं, तो वह इन राज्यों में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतकर उसकी भरपाई करना चाहेगी।

राज्यसभा की बात करें, तो यहां कुल 14 सीटें हैं। इनमें से 8 बीजेपी के पास हैं। अगर विधानसभा चुनाव में बीजेपी यहां बेहतर प्रदर्शन करती है, तो राज्यसभा में उसका आंकड़ा मजबूत होगा। इसका फायदा उसे राज्यसभा में किसी विधेयक को पारित कराने में मिलेगा।

**4. कांग्रेस मुक्त भारत के राजनीतिक एजेंडा को पूरा करने के लिए जरूरी**

2008 से 2013 तक नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्यों में कांग्रेस और लोकल पार्टीज का एकतरफा कब्जा था। 2014 तक कांग्रेस की सरकार चार राज्यों में थी। उसके बाद कांग्रेस सिमटने लगी। वामदल की पकड़ भी कमजोर पड़ती गई।

2018 के मेघालय चुनाव में कांग्रेस 60 विधानसभा सीटों में से 21 पर जीती, लेकिन सरकार नहीं बना सकी। 20 सीटों वाली एनपीपी यानी नेशनल पीपल्स पार्टी ने 2 सीटों वाली बीजेपी, 8 सीटों वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी यानी यूडीपी और 2 सीटों वाली पीपल्स डेमोक्रेटिक फंड यानी पीडीएफ के साथ मिलकर सरकार बना ली। इस हेरफेर में बीजेपी की बड़ी भूमिका थी।

आज असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में बीजेपी सरकार में है। कांग्रेस के पास यहां किसी भी राज्य में सरकार नहीं है। इससे कांग्रेस मुक्त भारत के राजनीतिक एजेंडे को बहुत बल मिला।

2018 तक पश्चिम बंगाल के बाद त्रिपुरा अकेला राज्य था, जहां लेफ्ट फ्रंट ने 25 साल तक राज किया। बीजेपी ने इसे भी तोड़ दिया। पिछले विधानसभा चुनाव में बेहद ईमानदार छवि वाले माणिक सरकार नाकाम रहे। बीजेपी को 60 में 35 सीट मिलीं। लेफ्ट फ्रंट 16 सीटों पर सिमट गया। त्रिपुरा उन राज्यों में शामिल हो गया, जहां से कांग्रेस का सफाया हो गया। कांग्रेस का वोट शेयर सिर्फ 1.79% रह गया।

**5. बीजेपी पॉलिटिकल मैसेज देना चाहती है कि वह जोड़तोड़ वाली नहीं, लोगों से जुड़ी पार्टी है**

सीनियर जर्नलिस्ट और पॉलिटिकल एक्सपर्ट राशिद किदवई बताते हैं, 'विपक्ष बीजेपी पर आरोप लगाता रहा है कि वह तोड़फोड़ करके और केंद्रीय एंजेंसियों के बल पर सरकार बनाती है, लेकिन नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में बीजेपी ने जमीनी स्तर पर बहुत मेहनत की है। लोग उसके साथ जुड़ रहे हैं। मैं पिछले कुछ दिनों से मेघालय में हूं। यहां लोगों से बात करने पर पता चलता है कि गैर-हिंदू वोटर्स भी बीजेपी के साथ जुड़ रहे हैं।

दूसरी तरफ बीजेपी यह भी मैसेज देना चाहती है वह सिर्फ हिंदीभाषी राज्यों की पार्टी नहीं है। देशभर में उसके कार्यकर्ता हैं। उसकी मौजूदगी है। लंबे समय से जिन राज्यों में वामदलों और कांग्रेस की सरकार थी, वहां अपनी सरकार बनाकर बीजेपी एक बड़ा पॉलिटिकल मैसेज देना चाहती है कि उसे हर जगह लोग स्वीकार कर रहे हैं।'

# कर्मचारियों के नियमितीकरण के सवाल पर मुख्यमंत्री का जवाब

## भूपेश बोले– सचिव स्तर के अफसर समिति के सदस्य, प्रक्रिया कब तक पूरी होगी अभी बताना संभव नहीं

रायपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। सदन में विपक्ष के हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पर चर्चा जारी है। विपक्ष ने नक्सली हमला, टारगेट किलिंग और धर्मांतरण को लेकर काम रोको प्रस्ताव भी लाया है। बीजेपी के सदस्य गर्भ गृह तक पहुंचकर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। अनुपूरक बजट पर सदन में चर्चा की शुरुआत विधायक देवेंद्र यादव ने की।

इसस पहले सदन की कार्यवाही के दौरान अनियमित कर्मचारियों के मुद्दे की गूंज सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने नियमितीकरण पर सदन में लिखित में जवाब दिया है। विधायक प्रीतम राम का सवाल था कि अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए क्या कोई समिति का गठन किया गया है। अगर हां तो इनके सदस्य कौन-कौन है कब-कब बैठकें हुई और समिति की ओर से क्या अनुशंसा की गई?

भूपेश बघेल ने इस पर लिखित जवाब देकर कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम विभाग के अफसरों की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। इसमें वित्त विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग जैसे विभागों के सचिव स्तर के अफसर सदस्य हैं। साल 2022 के 16 अगस्त को बैठक की गई और इसमें 5 बिंदुओं पर जानकारी सरकार के सभी विभागों से मांगी गई।

विभागों में पदस्थ अनियमित दैनिक वेतन भोगी संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों का क्या खुले विज्ञापन भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति की गई है? क्या कर्मचारी, पद में निर्धारित शैक्षणिक तकनीकी योग्यता रखते हैं? क्या कार्यरत कर्मचारी जिस पद पर काम कर रहे हैं क्या वह पद संबंधित विभाग के पद संरचना भर्ती नियम में स्वीकृत है? क्या शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया गया है? अनियमित दैनिक वेतन भोगी संविदा पर काम कर रहे लोग वर्तमान में क्या मानदेय भुगतान किया जा रहा है और उन पदों पर नियमित लोगों का क्या वेतनमान है?



मुख्यमंत्री ने बताया है कि 24 डिपार्टमेंट से मिल गई है, 22 विभागों से यह जानकारी नहीं मिली है । मुख्यमंत्री ने इस पर बताया कि शासन स्तर पर दैनिक वेतन भोगी, अनियमित और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने की विधिवत कार्यवाही की जा रही है। समय सीमा बता पाना संभव नहीं है।

**2 घंटे में 4 बार कार्रवाई स्थगित**

भाजपा का हंगामा दूसरे दिन के सत्र में शुरू से ही होता रहा। दो से ढ़ाई घंटे के बीच सदन की कार्यवाही 4 बार स्थगित करनी पड़ी। दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के बाद सभा 10 मिनट के लिए स्थगित की गई। इसके बाद शुरू हुई कार्यवाही जल जीवन मिशन के हंगामे पर विपक्ष के वॉक आउट के बाद स्थगित हुई। फिर 10 मिनट बाद कार्यवाही शुरू हुई, तो भाजपा ने टारगेट किलिंग पर बवाल कर दिया। कानून व्यवस्था पर हंगामे के बाद 10 मिनट के लिए रोकी गई। इसके बाद कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा के विधायक नारेबाजी करते हुए वेल तक पहुंच गए अब फिर 1 बजकर 10 मिनट के आस-पास फिर से कार्यवाही स्थगित हुई। नारेबाजी और हंगामे के बीच ध्यानाकर्षण की प्रक्रिया चल रही है। उपाध्यक्ष संत कुमार नेताम ने सदन का संचालन किया। पहली बार सदन का संचालन कर रहे संत राम नेताम ने 10 मिनट पहले ही प्रश्नकाल खत्म करने का एलान कर दिया था, फिर याद दिलाए जाने पर उन्होंने कहा ठीक है समय बचा है, फिर कार्यवाही आगे बढ़ी। मंत्री गुरु रुद्र कुमार को विपक्ष ने घेर दिया। प्रश्नकाल की शुरुआत में मो अकबर और गुरु रूद्र कुमार से तेंदू पत्ता खरीदी पर सौरभ सिंह और जल जीवन मिशन पर सवाल पूछे गए।

जल जीवन मिशन में बिलासपुर में हुई गड़बड़ियों के सवाल पर मंत्री रुद्र गुरु ने कहा कि संबंधित अफसर पर कार्रवाई की गई है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि अफसर को निलंबित कर देना पर्याप्त नहीं है, एफआईआर करेंगे क्या। जवाब में रुद्र गुरु ने कहा - सस्पेंड कर दिया गया है। आगे जांच चल रही है, मैंने जवाब दे दिया है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मंत्री घुमाकर उत्तर दे रहे हैं। इसके बाद अजय चंद्राकर, नारायण चंदेल, धरमलाल कौशिक ने हंगामा कर दिया। मंत्री पर मामले को दबाने का आरोप लगाकर हल्ला करने लगे। बवाल बढ़ने के बाद प्रश्नकाल समाप्त कर दिया गया। विपक्ष के नेताओं ने नाराजगी जताकर वॉकआउट कर दिया।

# ओम माथुर बोले- हारने वाले विधायकों को नहीं मिलेगी टिकट

## मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा, अगले चुनाव में जीत का दावा

बिलासपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। बीजेपी के छत्तीसगढ़ संगठन प्रभारी ओम माथुर ने कहा, विधानसभा चुनाव में जिताऊ कैंडिडेट्स को ही टिकट दिया जाएगा। उन्होंने इशारा किया कि, चुनाव में हार की संभावना वाले विधायकों का टिकट कट सकता है। छत्तीसगढ़ में सीएम का चेहरा बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा, कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार और अनियमितता से समाज का हर वर्ग त्रस्त है। प्रदेश की जनता सरकार से खुश नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाएं और संगठन के आधार पर हम जनता के बीच जाएंगे। और प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

छत्तीसगढ़ में भाजपा के मिशन 2023 को लेकर लगातार मंथन चल रहा है। जिसको लेकर ओम माथुर तीन दिन के दौरे पर हैं। इस बीच अलग-अलग संभाग में जाएंगे, जहां जिला, मंडल अध्यक्ष मंडल, महामंत्री सहित भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों की अलग-अलग बैठक लेकर चर्चा करेंगे।



**1. कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक होकर भी पीछे**

ओम माथुर ने कहा, जिस प्रदेश में जाता हूं, वहां चुनाव को दो हिस्सों में बांटकर काम करता हूं। पहला चुनावी कार्य और दूसरा चुनावी टेक्निकल कार्य। कांग्रेस की हाथ जोड़ो भारत यात्रा का क्या असर हुआ, यह त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय के विधानसभा चुनाव के नतीजों से दिख रहा है।

**2. मोदी के ग्रामीण विकास का दिखा असर**

महंगाई के सवाल को टालते हुए कहा, त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय जैसे राज्यों में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक होकर चुनाव लड़े, उसमें भी वे पीछे रहे। महंगाई का कुछ असर नहीं होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण विकास की योजनाओं पर जो काम किया है, उसका असर दिख रहा है।

**3. प्रदेश में पूरी बहुमत से बनाएंगे सरकार**

आने वाले विधानसभा चुनाव में हम पूरी बहुमत से सरकार बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के आधार पर चुनाव में जीत दर्ज करती है। हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं में कहीं नाराजगी नहीं है। कांग्रेस सरकार के प्रति नाराजगी है या नहीं इसका निर्णय प्रदेश की जनता करेगी।

**4. केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा सीएम का चेहरा**

छत्तीसगढ़ में सीएम का चेहरा कौन होगा इसका निर्णय न मैं कर सकता हूं न यहां की टीम कर सकती है। भारतीय जनता पार्टी अनुशासन के साथ काम करती है। यह किसी व्यक्ति परिवार या समाज की पार्टी नहीं है। पार्टी का सिस्टम बना हुआ है। यह सब सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करता है। कई जगह चेहरा घोषित करके चुनाव लड़े हैं और कई जगह बिना सीएम के चेहरे पर चुनावी मैदान में उतरे हैं। सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड जो भी निर्णय करेगा छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उसका पालन करेंगे।

**5. हर राज्य का अपना अलग फार्मूला**

चुनाव में हर राज्य का अपना अलग फार्मूला लागू होता है, यह जरूरी नहीं कि हम जहां जीते हैं, उस फार्मूले को दूसरे स्टेट में लागू किया जाए। गुजरात और उत्तरप्रदेश की परिस्थितियां अलग थी और छत्तीसगढ़ की परिस्थिति अलग है।

## तेंदुए की खाल के साथ दो गिरफ्तार



कांकेर, 2 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार रात तेंदुए की खाल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से टीम ने दो खाल बरामद की है। इनकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपी कोंडागांव से खाल लेकर बेचने के लिए कांकेर पहुंचे थे। इसी दौरान टीम ने उन्हें बस स्टैंड के बाहर से पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस कोंडागांव में भी तस्करी के लिंक को खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को बुधवार रात सूचना मिली कि नरहरपुर रोड पर दो लोग संदिग्ध हालत में खड़े हुए हैं। दोनों तेंदुए की खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में है। इस पर पुलिस ने वन परिक्षेत्र अधिकारी को सूचना दी और संयुक्त टीम के साथ बताई गई जगह पर छापा मारा। पुलिस को बताए गए हुलिए के अनुसार, वहां दो लोग मिले। तलाशी के दौरान उनके पास से तेंदुए की खाल बरामद हो गई। पूछताछ में आरोपियो ने नाम कोंडागांव के मर्दापाल निवासी रैतुराम कोर्राम और तेजू राम कश्यप बताया।

# नाबालिग लड़की के मुंह में डाली जलती हुई लकड़ी

## आश्रम के सेवादारों ने दूसरे अंगों को भी जलाया गाली–गलौज करते हुए जमकर की मारपीट

महासमुंद, 2 मार्च (एजेंसियां)। महासमुंद जिले के जय गुरुदेव मानस आश्रम पतेरापाली में भोग लागने के विवाद पर 3 सेवादारों ने एक नाबालिग लड़की (17 वर्ष) के मुंह में जलती हुई लकड़ी डाल दी। साथ ही लाठी से उसकी बेरहमी से पिटाई भी की। मामला 24 फरवरी का है। फिलहाल तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना बागबहरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, 28 फरवरी को मनीष सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी छोटी बहन जागृति सिन्हा को सेवादार नरेश पटेल, भोजराम साहू और राकेश दीवान ने जमकर प्रताड़ित किया। बहन के साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की नीयत से उसकी लाठी से बेरहमी से पिटाई की गई। इस पर भी आरोपियों का मन नहीं भरा, तो उसके मुंह में जलती हुई लकड़ी डाल दी। इससे उसका मुंह, गला, जीभ गंभीर रूप से जल गया है। सेवादारों ने लड़की के शरीर के अन्य हिस्सों को भी जला दिया है। आरोपियों ने उसकी जांघ, पैर, पीठ को भी जला दिया है। पीड़िता को गंभीर हालत में बागबहरा के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि जागृति आश्रम में महिला सेवादार के रूप में काम करती थी।



28 फरवरी को मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को 1 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों सेवादारों नरेश पटेल, भोजराम साहू और राकेश दीवान को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम लड़की का बयान लेने के लिए अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने पीड़िता जागृति सिन्हा की हालत गंभीर बताई है, हालांकि उन्होंने कहा कि समय पर इलाज मिलने के कारण लड़की की जान बच गई, अगर थोड़ी भी देर हो जाती, तो उसकी मौत हो सकती थी। उन्होंने कहा कि अभी भी लड़की की हालत गंभीर बनी हुई है और खतरा अभी टला नहीं है।

घटना की सूचना मिलने पर बागबहरा थाने में तीनों आरोपियों नरेश पटेल, भोजराम साहू, राकेश दीवान के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 294, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तलाश शुरू की गई। तीनों आरोपी आश्रम में ही छिपे हुए थे, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ में उन्होंने बताया कि जागृति से भोग लगाने के संबंध में उनका विवाद हुआ था, जिसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने ऐसा किया। तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। महासमुंद जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र के शासकीय छुरीडबरी स्कूल में छात्राओं से अश्लील हरकत और घटिया बात करने वाले 3 शिक्षकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# हरियाणा में 4 हजार सरपंचों पर एफआईआर

## चंडीगढ़ बॉर्डर पर डटे सरपंच, रात भी यहीं काटी पंचकूला में माहौल तनावपूर्ण, ई–टेंडरिंग का विरोध

चंडीगढ़, 2 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा की पंचायतों में ई-टेंडरिंग लागू करने का बवाल बढ़ गया है। इसके विरोध में सरपंच बुधवार से चंडीगढ़ बॉर्डर पर डटे हुए हैं। उन्होंने पूरी रात भी चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर ही काटी। सरंपचों के प्रदर्शन की वजह से पंचकूला में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस ने चंडीगढ़-पंचकूला रोड को सील कर दिया है।

कल सीएम आवास घेराव के लिए जा रहे सरपंचों पर पंचकूला में पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें 100 से अधिक सरपंच घायल हो गए। वहीं पंचकूला पुलिस ने देर रात 4 हजार सरपंचों के खिलाफ आईपीसी की 10 धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर पक्का धरना लगाकर बैठे सरपंचों ने कल सीएम के ओएसडी भूपेश्वर दयाल को बैरंग लौटा दिया था। उनकी मांग है कि सीएम मनोहर लाल खुद यह बयान दें कि ई-टेंडरिंग वापस ले ली गई है। इसके बाद ही उनका धरना खत्म होगा। अब उन्हें किसी से कोई बातचीत नहीं करनी है।



पुलिस लाठीचार्ज के बाद भड़के सरपंचों ने ऐलान कर दिया है कि वो अपने क्षेत्रों में सत्ताधारी बीजेपी-जेजेपी के विधायकों को घुसने नहीं देंगे। यदि फिर भी वे गांवों में आते हैं तो खुद जिम्मेवार होंगे। सरपंच एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता और भट्टू एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रमोहन ने कहा कि सरकार ने जो बर्ताव उनके साथ किया है। वही बर्ताव सरकार के लोग जब गांव में आएंगे तो उनके साथ भी किया जायेगा। हरियाणा के गांवों में डबल मोड़ने का रिवाज है।

पंचकूला चंडीगढ़ बॉर्डर पर पंच और सरपंचों द्वारा लगातार जारी धरने में आम आदमी पार्टी नेता चित्रा सरवारा और योगेश्वर शर्मा शामिल होने पहुंचे।

साथ ही महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने भी अपना समर्थन सरपंचों को देने की घोषणा की है। एमएलए बलराज कुंडू, एएपी नेता चित्रा सरवारा और योगेश शर्मा ने कड़े शब्दों में हरियाणा सरकार और हरियाणा पुलिस द्वारा पंच सरपंचों पर किए गए लाठीचार्ज और बर्बरता पूर्ण व्यवहार की निंदा की है।

# बाइडेन ने दो भारतीय मूल के लोगों को अपॉइंट किया

## पुनीत रंजन और राजेश सुब्रमण्यम एक्सपोर्ट काउंसिल में शामिल, दोनों ट्रेड एक्सपर्ट

वॉशिंगटन, 2 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी एक्सपोर्ट काउंसिल में भारतीय मूल के दो ट्रेड एक्सपर्ट्स को अपॉइंट किया है। इनके नाम हैं- पुनीत रंजन और राजेश सुब्रमण्यम।

दोनों का अपॉइंटमेंट इसलिए बेहद अहम माना जा रहा है कि एक्सपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल ट्रेड के मामले देखने वाली सबसे अहम और बड़ी बॉडी होती है। व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में पुनीत और राजेश के नॉमिनेशन का ऐलान किया गया। इसके पहले वर्ल्ड बैंक चीफ के तौर पर बाइडेन ने भारतीय मूल के ही अजय बंगा को नॉमिनेट किया था।

**क्या करती है एक्सपोर्ट काउंसिल**

एक्सपोर्ट काउंसिल में ट्रेड एक्सपर्ट ही शामिल किए जाते हैं। ये लोग सरकार के लिए ट्रेड पॉलिसी बनाते हैं और ये भी देखते हैं कि इनका कितना असर हो रहा है। इसके अलावा ट्रेड प्रमोशन के लिए अलग-अलग बिजनेस सेक्टर और देशों में अमेरिकी ट्रेड को आने वाली दिक्कतें को हल भी सुझाते हैं। आमतौर पर यह काउंसिल बिजनेस, इंडस्ट्री, एग्रीकल्चर, लेबर और गवर्नमेंट सेक्टर से डील करती है।

**कौन हैं पुनीत और राजेश**

राजेश इस वक्त फेडेक्स के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और प्रेसिडेंट होने के साथ इस कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में भी शामिल हैं। फेडेक्स दुनिया की सबसे बड़ी ट्रांसपोर्टेशन कंपनी है। राजेश फेडेक्स की पूरी बिजनेस स्ट्रैटजी को लीड करते थे। इसके लिए एक कमेटी है और इसमें कुल पांच मेंबर होते हैं। राजेश इसके पहले प्रॉक्टर एंड गैम्बल, यूएस चैम्बर ऑफ कॉमर्स और चाइना एडवाइजरी बोर्ड में भी काम कर चुके हैं।

भारत के मामलों का भी उनका खासा अनुभव है। इसकी वजह यह है कि वो यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम में रह चुके हैं। इसके अलावा यूएस-चाइना बिजनेस काउंसिल को भी लीड कर चुके हैं। उन्हें इसी साल प्रवासी भारतीय सम्मान भी मिला था।

पुनीत की बात करें तो वो 31 दिसंबर 2022 को डेलोइटी ग्लोबल के चीफ एग्जीक्यूटिव


पुनीत रंजन


राजेश सुब्रमण्यम

ऑफिसर पोस्ट से रिटायर हुए हैं। वो जून 2015 से इस कंपनी के हेड थे। ये कंपनी 150 देशों में ऑपरेट करती है। इसके करीब 4 लाख 15 हजार कर्मचारी हैं। 2022 में डेलोइटी ने करीब 60 अरब डॉलर रेवेन्यू जनरेट किया।

**अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक की कमान मिलेगी**

मास्टरकार्ड के पूर्व सीईओ अजय बंगा वर्ल्ड बैंक के नए प्रेसिडेंट बन सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को उन्हें नॉमिनेट किया है। वे इसके लिए नॉमिनेट होने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं। वर्ल्ड बैंक के वर्तमान प्रेसिडेंट डेविड मालपास के अप्रैल 2024 से पहले ही पद छोड़ने के ऐलान के बाद उन्हें नॉमिनेट किया गया है। इस वक्त 63 साल के भारतीय-अमेरिकी बंगा प्राइवेट इक्विटी फंड जनरल अटलांटिक के वाइस चेयरमैन हैं।

अजय उस भारतीय-अमेरिकी पीढ़ी के हैं, जिन्होंने पढ़ाई भारत में की और अमेरिका में अपनी काबिलियत की धाक जमा दी। उनकी जिंदगी मेहनत, संघर्ष और सफलता की कहानी है। उन्होंने जालंधर और शिमला से स्कूलिंग की। डीयू से ग्रेजुएशन और आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए किया। 1981 में उन्होंने नेसले इंडिया बतौर मैनेजमेंट ट्रेनी जॉइन किया और 13 साल में मैनेजर बन गए।

इसके बाद वे पेप्सिको के रेस्टोरेंट डिवीजन का हिस्सा बने। यह उदारीकरण का दौर था, जब बंगा ने भारत में पिज्जा हट और केएफसी के लॉन्च में बड़ी भूमिका निभाई। बंगा 1996 में सिटी ग्रुप के मार्केटिंग हेड बने। 2000 में सिटी फाइनेंशियल के प्रमुख नियुक्त किए गए। 2009 में मास्टरकार्ड के सीईओ बने और अपनी मार्केटिंग रणनीतियों से मास्टरकार्ड को युवाओं में इतना लोकप्रिय बना दिया कि यह स्टेटस सिंबल बन गया। 2016 में बंगा को पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

मशहूर पत्रिका फॉर्च्यून ने 2012 में बंगा को 'शक्तिशाली उद्योगपति-2012' के तौर पर चुना था। वह हिंदुस्तान यूनिलीवर के पूर्व चेयरमैन मानविंदर सिंह बंगा के भाई हैं।

# दो साल से भारत में अमेरिकी राजदूत का पद खाली

## क्यों एरिक गार्सेटी के नाम पर नहीं लग पा रही मुहर



वॉशिंगटन, 2 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत में अमेरिका के नए राजदूत के नाम का एलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत हो सकते हैं। हालांकि उनके नाम पर अमेरिकी कांग्रेस की होने वाली अहम वोटिंग स्थगित हो गई है। अब यह वोटिंग आठ मार्च को होनी है और इसके बाद ही तय होगा कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत होंगे या फिर किसी नए नाम पर विचार किया जा सकता है।

**क्यों हो रहा है विरोध?**

व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा है कि एरिक गारसेट्टी भारत में अमेरिका के राजदूत बनने के लिए पूरी तरह योग्य हैं। जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम तय किया था। हालांकि एरिक गारसेट्टी के नाम का पार्टी के ही कुछ नेताओं और विपक्ष द्वारा विरोध किया जा रहा है। बता दें कि गारसेट्टी लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर रह चुके हैं और मेयर रहने के दौरान उन पर अपने स्टाफ से छेड़छाड़ का आरोप लगा था। यही वजह है कि विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के ही कुछ सांसदों द्वारा गारसेट्टी के नाम का विरोध किया जा रहा है। जिसके चलते पिछली कांग्रेस द्वारा एरिक गारसेट्टी के नाम पर अंतिम मुहर नहीं लगाई गई थी। बीती जनवरी में जो बाइडन ने एरिक गारसेट्टी के नाम का फिर से एलान कर दिया। ऐसे में सीनेट की फॉरेन रिलेशन कमेटी के चेयरमैन बॉब मेन्डेज ने 28 फरवरी को कांग्रेस में एरिक गारसेट्टी के नामांकन को अंतिम करने के लिए बैठक बुलाई। अब यह बैठक स्थगित हो गई है और कमेटी आगामी आठ मार्च को वोटिंग करेगी। इसके बाद ही एरिक गारसेट्टी का नाम अंतिम हो सकेगा। आरोपों के बावजूद व्हाइट हाउस ने एरिक गारसेट्टी का समर्थन कर रहा है।

भारत में बीते दो साल से अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति नहीं हो सकी थी। जिस पर सीनेट की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ बॉब मेनेंदेज ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि इन पदों का लंबे समय तक खाली रहना अमेरिका के हितों में नहीं है। भारत के साथ ही अमेरिका ने जर्मनी, पाकिस्तान में भी अपने नए राजदूतों के नाम का एलान किया है।

# निक्की हेली बोलीं- पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर

## उसे आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए

वॉशिंगटन, 2 मार्च (एजेंसियां)। कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का एलान करने वालीं रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने पाकिस्तान पर अपने हमलों को जारी रखा है। भारतवंशी हेली ने अब कहा है कि पाकिस्तान कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का घर है और उसे अमेरिका से बिल्कुल भी आर्थिक मदद नहीं मिलनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका की राजदीत और दो बार दक्षिण कैरोलाइना जिले से गवर्नर रह चुकीं 51 वर्षीय हेली ने पिछले महीने ही 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी का एलान किया था। इसके बाद से ही वे अमेरिका के दुश्मन के तौर पर देखे जाने वाले देशों के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए हैं। बुधवार को एक ट्वीट में उन्होंने पाकिस्तान को घेरते हुए हैशटैग CutEveryCent यानी 'पूरी रकम रोक दो' ट्वीट किया।



**पहले भी पाकिस्तान पर हमलावर रही हैं निक्की हेली**

इससे पहले भी हेली ने पाकिस्तान पर हमलों को धार देते हुए कहा था कि अमेरिका ने पिछले साल विदेशी मदद पर 46 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए। यह मदद चीन, पाकिस्तान और इराक जैसे देशों को गई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी करदाताओं को यह जानने का हक है कि यह पैसा कहां जा रहा है। हेली के मुताबिक, बाइडन प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता फिर से शुरू कर दी है। यह देश कम से कम एक दर्जन आतंकवादी संगठनों का घर है और इसकी सरकार चीन के साथ गहरे संपर्क में है। उन्होंने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के तौर पर उन्होंने पाकिस्तान को दी जाने वाली करीब दो अरब डॉलर की सैन्य सहायता में कटौती के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले का पुरजोर समर्थन किया था, क्योंकि उस देश ने अमेरिकी सैनिकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों का समर्थन किया था।

# चीन की चुनौती से निपटने की तैयारी

## ताइवान मिलिट्री को अमेरिका ने बेचे खतरनाक हथियार



ताइपे, 2 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका ने ताइवान को 619 मिलियन डॉलर कीमत के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसके तहत ताइवान को अब एफ-16 फ्लीट की मिसाइलें मिल सकेंगी। अमेरिका का यह कदम ऐसे समय आया है, जब चीन की वायुसेना द्वारा हाल ही में ताइवान की वायु सीमा का उल्लंघन किया। चीन और अमेरिका के रिश्ते भी तनावपूर्ण चल रहे हैं, ऐसे में ताइवान को ताजा हथियारों की बिक्री से दोनों देशों के रिश्तों में और कड़वाहट बढ़ सकती है। दरअसल ताइवान पर चीन दावा करता है और इसी वजह से वह ताइवान को किसी भी तरह की हथियारों की बिक्री का कड़ा विरोध करता है।

बुधवार को अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने ताइवान को 200 एंटी एयरक्राफ्ट एडवांस्ड मीडियम रेंज की एयर टू एयर मिसाइलों और 100 एजीएम-88बी एचएआरएम मिसाइलों की बिक्री करने का फैसला किया है। ताजा सौदे से ताइवान को अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में मदद मिलेगी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि इन मिसाइलों के मिलने से हम अपने हवाई क्षेत्र की सुरक्षा कर सकेंगे और चीनी सेना के उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब दे सकेंगे।

ताइवान के साथ हुए सौदे के तहत रेथियोन टेक्नोलॉजीज और लॉकहीड मार्टिन को कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। वहीं चीन द्वारा ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के कारण चीन द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। गुरुवार को भी चीन की वायुसेना ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।

ताइवान के रत्रा मंत्रालय का कहना है कि बीते 24 घंटे में चीन के 21 एयरक्राफ्ट्स ने ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। चूंकि चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है इसलिए उसका दावा है कि संप्रभुता की रक्षा के लिए ऐसा करता है।

# प्रिंस हैरी, मेगन को शाही महल से किया गया बेदखल

## शादी में महारानी एलिजाबेथ ने दिया था गिफ्ट

लंदन, 2 मार्च (एजेंसियां)। प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन को ब्रिटेन के शाही महल विंडसर एस्टेट से बेदखल कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया है। अब प्रिंस हैरी के पास ब्रिटेन में कोई ठिकाना नहीं रह गया है। फिलहाल प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन अमेरिका में रह रहे हैं। बता दें कि विंडसर एस्टेट में स्थित फ्रोगमोर कॉटेज को दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने प्रिंस हैरी को शादी में बतौर तोहफा दिया था। फ्रोगमोर कॉटेज के पुनर्निर्माण पर 2.4 मिलिनय पाउंड की राशि खर्च की गई थी। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, अब यह महल प्रिंस एंड्रयू को देने की पेशकश की गई है। प्रिंस एंड्रयू को मिलने वाली सालाना ग्रांट में ढाई लाख पाउंड की कटौती की जा सकती है। जिसके चलते प्रिंस एंड्रयू को अपने मौजूदा 30 कमरों वाले रॉयल लॉज को मजबूर हो सकते हैं।



ड्यूक और डचेज ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल को जनवरी में ही इस महल को खाली करने के निर्देश दे दिए गए हैं। बता दें कि प्रिंस हैरी अपनी पत्नी मेगन के साथ साल 2020 में अमेरिका के कैलिफोर्निया में शिफ्ट हो गए थे और प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी ने शाही दर्जा भी छोड़ दिया था। इसके बाद प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन नेटफ्लिक्स की एक डॉक्यूमेंट्री में दिखाई दिए। इस डॉक्यूमेंट्री में प्रिंस हैरी ने राजशाही को लेकर कई खुलासे किए थे, जिसे लेकर काफी हंगामा हुआ था।

बीते दिनों प्रिंस हैरी की बायोग्राफी स्पेयर बाजार में आई। इस किताब की रिकॉर्ड प्रतियां बिक चुकी हैं लेकिन इस किताब में प्रिंस हैरी ने कई ऐसे खुलासे किए, जिसे लेकर उनकी आलोचना भी खूब हुई। बकिंघम पैलेस ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रिंस हैरी की तरफ से भी इस मामले में अभी तक कुछ नहीं कहा गया है।

# नासा का स्पेस-एक्स क्रू-6 मिशन लॉन्च हुआ

## फॉल्कन 9 रॉकेट में 4 एस्ट्रोनॉट्स ने उड़ान भरी, 6 महीने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में रहेंगे



वॉशिंगटन, 2 मार्च (एजेंसियां)। नासा के स्पेस-एक्स क्रू-6 मिशन की सफल लॉन्चिंग हुई। स्पेस-एक्स फॉल्कन-9 रॉकेट (ड्रैगन एंडेवर) ने अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर नंबर 39ए से गुरुवार देर रात 1:45 बजे (भारतीय समयानुसार गुरूवार दोपहर को करीब 12:15 बजे) लॉन्च होगा। स्पेस-एक्स का फॉल्कन-9 रॉकेट चार अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचाएगा। यह एलन मस्क के स्पेस-एक्स की छठीं ऑपरेशनल क्रू फ्लाइट है। इसमें नासा के 2, रूस के 1 और यूएई का एक अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। एस्ट्रोनॉट्स का ये क्रू 6 महीने तक आईएसएस पर रहेगा। यहां चारों एस्ट्रोनॉट्स हार्ट मसल टिशू, माइक्रोग्रैविटी में ह्यूमन सेल और टिशू को प्रिंट करने में सक्षम बायोप्रिंटर की टेस्टिंग करेगा। साथ रही ड्रग मैन्यूफैक्चरिंग तकनीक पर रिसर्च भी करेगा। क्रू-6 मिशन के 4 यात्रियों में नासा के अंतरिक्ष यात्री स्टीफन बोवेन और वॉरेन वुडी होबर्ग शामिल हैं। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल्नेयादी और रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के कॉस्मोनॉट एंड्री फेडेएव भी हैं। अल्नेयादी यूएई के चौथे और लॉन्ग ट्रम के स्पेस मिशन पर जाने वाले यूएई के पहले अंतरिक्ष यात्री बनेंगे। उन्हें मोहम्मद बिन राशिद स्पेस सेंटर (एमबीआरएससी) के नासा और एग्जिऑम स्पेस के बीच हुए एक समझौते के तहत में चुना गया है।

चीन धरती और समुद्र के साथ अंतरिक्ष में भी अपना वर्चस्व बढ़ा रहा है। चीनी स्पेस एजेंसी सीएमएसए ने अंतरिक्ष में तीन एस्ट्रोनॉट्स भेजे। यह शेनझाऊ मिशन के तहत उड़ान भरने वाली 15वीं फ्लाइट थी।

# बंगाल में रेस्पिरेटरी इंफेक्शन से 7 बच्चों की मौत

## 24 घंटे के अंदर गई सभी बच्चों की जान, एक महीने में इंफेक्शन के 5,213 मामले

कोलकाता, 2 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में सांस की नली में इंफेक्शन के चलते 24 घंटे में 7 बच्चों की जान गई है। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इनमें से पांच बच्चों की मौत कोलकाता के सरकारी अस्पतालों में हुई है, जबकि दो की मौत बांकुरा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई है। सरकार का कहना है कि सभी बच्चों की जान एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (एआरआई) के चलते हुई हैं। इस मौसम में यह इंफेक्शन होना आम बात है। राज्य सरकार का कहना है कि पिछले एक महीने में राज्य में एआरआई के 5,213 मामले दर्ज किए गए हैं इसलिए इसे संक्रामक बीमारी नहीं समझना चाहिए। प्रशासन ने यह भी कहा कि वे स्थिति से निपटने को तैयार हैं और 121 अस्पतालों में 5000 बेड और 600 बाल रोग विशेषज्ञ तैनात किए गए हैं। सरकार ने कुछ दिन पहले एक स्टेटमेंट जारी कर बताया था कि राज्य में अब तक एडीनोवायरस ने 12 मौतें हो चुकी हैं। इसमें से 8 को अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं।

# तमिलनाडु से बिहारियों को तालिबानी सजा, बडी संख्या में पलायन

## डीजीपी के दावे पर बोले- कुछ हुआ नहीं तो इतनी लाशें कैसे बिहार गईं, यहां बहुत बुरे हालात

पटना, 2 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ बर्बरता की जा रही है। उनके साथ मारपीट हो रही है। 15 से ज्यादा हत्याओं की बात भी सामने आ रही है। मजदूर वहां से पलायन कर रहे हैं। तिरुपुर से 2 दिन पहले लौटे जमुई के सिकंदरा धादौर गांव के श्रवण कुमार ने बताया कि वहां बहुत खराब माहौल है। बिहारियों पर चाकू से हमले कर रहे हैं। हमला करने वालों का कहना है कि तुम लोग यहां से बिहार चले जाओ।

तुम्हारे चक्कर में हम लोगों का रोजगार छिन गया है। अब वो लोग ऐसे मार काट करेंगे तो हम क्या करेंगे। हम बहुत डर गए थे। लोग वहां से भाग रहे हैं। बस, ऑटो, ट्रेन जहां बिहारी दिख रहे हैं वहां काट दे रहे हैं। कंपनी और प्रशासन के लोग कोई मदद नहीं कर रहे हैं।

बिहार पुलिस मुख्यालय और तमिलनाडु के डीजीपी ने इस घटना को लेकर सामने आ रहे वीडियो का खंडन किया है। उनका कहना है कि वहां सब ठीक है, लेकिन डीजीपी के दावे पर मजदूरों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद मजदूरों का पलायन हो रहा है। जमुई के अरमान ने बताया कि ट्रेन में भी स्थानीय लोग नफरत दिखा रहे हैं। ट्रेन की स्लीपर बोगी पूरी तरह से फुल है, लेकिन तमिलनाडु के लोग मार कर उठा दे रहे हैं।

अरमान का कहना है कि पूरी ट्रेन में बिहार के यात्री हैं। वह डर कर तमिलनाडु से घर भाग रहे हैं। अरमान से जब तमिलनाडु के डीजीपी के खंडन को लेकर सवाल किया गया तो उसने बताया कि अगर ऐसा है तो डेडा बॉडी कहां से बिहार पहुंच गई है। अरमान के मुताबिक नवादा, लखीसराय और जमुई में डेड बॉडी आई है। अरमान गुरुवार को तमिलनाडु के विरपुर रेलवे स्टेशन से एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस 13352 पर सवार हुआ है। वह शनिवार को धनबाद पहुंचेगा, इसके बाद वह जमुई आएगा।

अरमान का कहना है कि वह एस 7 में है। पूरी बोगी बिहार के मजदूर वर्ग के लोगों से भरी है। अरमान ने बताया कि किस तरह से उनपर हमला किया गया और वह डर के कारण भाग रहे हैं। उसका कहना है कि ट्रेन की बोगी में ही नहीं पूरी ट्रेन में बिहारी हैं जो बवाल के डर से घर भाग रहे हैं।

तमिलनाडु में तालिबानी सजा दी जा रही है। उनके लिए हिंदी बोलना गुनाह हो गया है। मजदूरी से उठे विवाद में अब हिंदी बोलने वालों को चुन-चुनकर काटा जा रहा है। जमुई के युवक ने बताया कि इन लोगों ने 12 मजदूरों को एक कमरे में बंद कर के फांसी के फंदे पर लटका दिया। 15 से ज्यादा मजदूरों की हत्या का दावा किया जा रहा है। मजदूरों ने वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है। बिहार एसटीएफ की डीआईजी किम ने बताया कि तमिलनाडु पुलिस ने वायरल हो रहे सभी वीडियो का खंडन किया है।


जमुई के श्रवण कुमार 2 दिन पहले तमिलनाडु के तिरुपुर से लौटे

कोयंबटूर में फंसे जमुई के युवक अरमान से फोन पर बात की। अरमान ने बताया कि वहां के लोग पूछ रहे हैं कि ऐला हिंदी, और हां कहने पर काट दे रहे हैं। जो लोग ट्रेन में बैठ रहे हैं, उन्हें भी उतारकर पूछ रहे हैं कि तुम हिंदी हो। मेरे एक दोस्त ने बताया कि उसके सामने बारावली में बिहार के 12 लोगों को एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका दिया गया। मैं जहां फंसा हूं वहां बिहार के करीब 1000 मजदूर हैं। कल मेरे सामने मेरे एक दोस्त से पूछा कि क्या तुम हिंदी हो इसके बाद उसकी 4 उंगलियां काट दी। वो दर्द के मारे छटपटाते रहा। मैंने उसकी मदद करने की सोची तो मुझे भी जान से मारने की धमकी दी। मैं किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा। प्रशासन के पास हम मदद के लिए भी गए तो उनका कहना है कि वो तुम्हें मार रहे हैं तो तुम भी उन्हें मारो। मजदूर ट्रक, बस जो भी मिल रहा है उस साधन से तमिलनाडु से बाहर भाग रहे हैं।

अरमान ने बताया कि मैंने जमुई में भी प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन वो लोग कह रहे हैं कि तुम यहां आकर मिलो फिर देखते हैं। मजदूरों ने कुछ वीडियो भी भेजे हैं। वीडियो विचलित करने वाले हैं। इन वीडियो में मजदूरों को दौड़ा-दौड़कर पीटा जा रहा है। हत्या की जा रही है। लोग इलाज नहीं मिलने से तड़प रहे हैं। मजदूरों ने वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है। मजदूरों का दावा है इन हमलों में कई मजदूर घायल हैं। घायलों को इलाज भी नहीं मिल पा रहा है।

तमिलनाडु में ही फंसे बिहार के मजदूर सोनू ने बताया कि बिहार के मजदूर वैल्डिंग के काम में ज्यादा हैं। शिवकट और तिरपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया है। यहां सबसे ज्यादा लोहे की फैक्ट्रियां हैं। सोनू ने बताया कि अब तक जो भी काटने और मारने के वीडियो आए हैं वह शिवकट और तिरपुरा इलाके के ही हैं। जिसमें नारियल काटने वाले धारदार हथियार से बीच सड़क पर लोगों को काटने की घटना शिवकट की है। सोनू ने बताया कि वो जगह को पहचान रहा है, लेकिन मजदूरों को नहीं पहचान पा रहा है। वीडियो बनाने और फोटो वायरल करने पर यहां लोगों को ढूंढकर काटा जा रहा है। लोगों को घर से भी नहीं निकलने दिया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन भी मदद के लिए नहीं है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मामले में ट्वीट किया है उन्होंने कहा कि मुझे समाचार पत्रों के माध्यम से तमिलनाडु में काम कर रहे बिहार के मजदूरों पर हो रहे हमले की जानकारी मिली है। मैंने बिहार के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों से बात कर वहां रह रहे बिहार के मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।



# राजस्थान में वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन

## विधानसभा चुनाव से पहले जाट साहित किसान जातियों के वोटर्स को साधने की कोशिश

जयपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने राजस्थान राज्य वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड के गठन के आदेश जारी कर दिए हैं। बोर्ड में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ सात मेंबर होंगे। वीर तेजा कल्याण बोर्ड किसान समाज की हालत का जायजा लेने और प्रमाणित सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसान वर्ग के पिछड़ेपन को दूर करने के उपाय सुझाएगा।

प्रदेश में पिछले साल भर से अलग-अलग समाजों के कल्याण के लिए बोर्ड बने हैं। इसी कड़ी में अब वीर तेजा कल्याण बोर्ड बनाया है। जाट नेता पिछले लंबे समय से वीर तेजा कल्याण बोर्ड बनाने की मांग कर रहे थे।



पायलट ने भी उठाई थी मांग

**5 मार्च को जाट महाकुंभ से पहले बोर्ड के गठन के आदेश**

5 मार्च को जाट समाज के नेताओं ने जयपुर में जाट महाकुंभ के नाम से विद्याधर नगर स्टेडियम में सभा रखी है। जाट महाकुंभ की मांगों में जातिगत जनगणना के साथ वीर तेजा कल्याण बोर्ड बनाने की मांग भी है। अब सरकार ने इस महाकुंभ से पहले बोर्ड बनाकर मैसेज देने का प्रयास किया है।

**पायलट, डोटासरा सहित कई नेताओं ने की थी मांग**

प्रदेश में वीर तेजा कल्याण बोर्ड बनाने के लिए कई जाट नेताओं ने सीएम अशोक गहलोत को चिट्ठी लिखकर मांग की थी। पिछले साल नवंबर में सचिन पायलट और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी सीएम गहलोत को चिट्ठी लिखकर इसकी मांग की थी।

**सियासी मायने: जाट वोटर्स को साधने की रणनीति**

प्रदेश में इसी साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। वीर तेजा कल्याण बोर्ड बनाने के पीछे सियासी फायदे की रणनीति प्रमुख कारण माना जा रहा है। जाट और उसके समकक्ष कई किसान जातियां कांग्रेस का परंपरागत वोट रही हैं, लेकिन पिछले 20 साल में इस वोट बैंक में बीजेपी ने सेंध लगा दी है।

सीएम अशोक गहलोत ने चुनावी साल में वीर तेजा कल्याण बोर्ड का गठन करके किसान जातियों को सियासी मैसेज दिया है। वीर तेजाजी की लोकदेवता के रूप में कई राज्यों में मान्यता है। राजस्थान में मारवाड़ और शेखावाटी क्षेत्र में जाट वर्ग में वीर तेजा की मान्यता ज्यादा है, इस भावनात्मक जुड़ाव को सियासी रूप से भुनाने के हिसाब से बोर्ड बनाने को अहम माना जा रहा है।

**माइक्रो सोशल इंजीनियरिंग के लिए वर्ग की जगह जातियों के बोर्ड बनाए**

गहलोत सरकार ने माइक्रो सोशल इंजीनियरिंग की पॉलिसी के तहत वर्ग की जगह अलग-अलग जातियों के विकास के लिए बोर्ड बनाए हैं। जातीय आधार पर बोर्ड बनाने के पीछे सियासी फायदे को प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

विप्र कल्याण बोर्ड के गठन से शुरुआत की गई थी, इसके बाद हर बड़ी जाति के नेताओं ने उनके उत्थान के लिए बोर्ड बनाने की मांग शुरू कर दी। पहले एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विकास के अलग-अलग बोर्ड थे, लेकिन गहलोत सरकार ने जातीय आधार पर बोर्ड बनाने की शुरुआत की है, इसे चुनावी फायदे की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# गैंगस्टर्स के खिलाफ सख्त एक्शन की तैयारी

## साथ देने वालों को भी जेल, 5 लाख जुर्माना; जानें- किस नए कानून में फंसेंगे

जयपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। प्रदेश में बढ़ रहे गैंगवार को देखते हुए अब सरकार सख्ती करने के मूड में है। इन बड़े अपराधियों से निपटने के लिए सरकार महाराष्ट्र के मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम) की तर्ज पर कड़ा कानून ला रही है। इसी कानून की तर्ज पर राजस्थान में क्राइम फैलाने वाले बड़े बदमाशों पर राजस्थान कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम लाया जा रहा है।

बुधवार को सीएम अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राजस्थान कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम बिल-2023 को मंजूरी दे दी है। यह बिल इसी विधानसभा सत्र में लाया जाएगा, अगले सप्ताह इसे सदन में बहस के बाद पारित करवाया जाएगा।

राकोका के केस की सुनवाई के लिए अलग से कोर्ट होगा। डीएसपी स्तर का अफसर ही राकोका में केस दर्ज करेगा। वहीं जिस अपराधी के खिलाफ पिछले 10 साल में एक से ज्यादा चार्जशीट पेश की गई हो और कोर्ट ने उस पर संज्ञान लिया हो ऐसे अपराधियों को राकोका के दायरे में लिया जाएगा।

गिरोह बनाकर फिरौती वसूलने, पैसे के लिए धमकाने वालों को भी राकोका के दायरे में लिया जाएगा।

**फिरौती के लिए धमकाने पर भी सख्ती**

गैंग बनाकर किए जाने अपराध पर यह कानून लागू होगा और अपराध करने वाली गैंग के हर मैंबर के खिलाफ नए कानून के प्रावधानों के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। दो या इससे ज्यादा अपराधी मिलकर अपराध करते हैं तो उसे संगठित गिरोह माना जाएगा।

आपराधिक गैंग के किसी भी मेंबर को शरण देने वाले के खिलाफ भी नए बिल में कड़े प्रावधान हैं। संगठित अपराध करने वाले अपराधियों को शरण देने वालों को कम से कम पांच साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना लगाने का प्रावधान है, यह सजा उम्र कैद तक भी हो सकती है।

एक्ट के तहत आपराधिक गैंग बनाकर अवैध वसूली, फिरौती, तस्करी सहित किसी भी अवैध तरीके से पैसा और प्रॉपर्टी बनाने पर कम से कम तीन साल की सजा होगी। यह सजा उम्र केद तक की हो सकती है। सरकार इस तरह की प्रॉपर्टी को जब्त करके नीलाम करेगी।

**अपराधियों को सहयोग करने वाले सरकारी कर्मचारी को भी सजा**

सरकारी कर्मचारी अगर गैंग बनाकर अपराध करने वालों का सहयोग करता है तो उसके लिए तीन साल की सजा और जुर्माने की सजा का प्रावधान किया है। इसके दायरे में सभी कर्मचारी आएंगे। आपराधिक गैंग की किसी भी तरह से सहायता करनेवाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

राकोका में मुकदमा दर्ज करने से पहले रेंज के डीआईजी से मंजूरी लेनी होगी। डीएसपी स्तर से नीचे का अफसर इसकी जांच नहीं कर सकेगा। चार्जशीट पेश करने से पहले एडीजी स्तर के अफसर से मंजूरी लेनी होगी।

वहीं राकोका के मामलों की सुनवाई ओपन कोर्ट में करने की जगह बंद कोर्ट में की जाएगी। गैंगस्टर्स और खतरनाक अपराधियों के खिलाफ गवाही देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। गवाह की पहचान सार्वजनिक करने वाले को एक साल तक की जेल और एक हजार तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

**राजस्थान में कई गैंग सक्रिय, आदतन अपराधियों के खिलाफ राकोका**

राजस्थान में कई गैंग सक्रिय हैं, जिनसे बड़ी संख्या में अपराधी जुड़े हैं। हरियाणा,यूपी बॉर्डर पर भी गैंग सक्रिय हैं। गैंग बनाकर अपराध करने वालों के खिलाफ अब नया कानून बन रहा है। इस कानून के बन जाने के बाद सभी अपराधियों के खिलाफ राकोका में अलग से केस दर्ज किया जाकर फास्ट ट्रैक की तर्ज पर काम होगा।

चुनाव से पहले अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन का मैसेज

प्रदेश में कानून व्यवस्था बड़ा चुनावी मुद्दा बन रहा है। गैंग बनाकर अपराध करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। गैंग बनाकर अपराधी फिरौती वसूली, अवैध माइनिंग, तस्करी सहित कई तरह के अवैध काम करते हैं। लगातार बढ़ते अपराधों और गैंगस्टर्स की भूमिका सामने आने के बाद सरकार की इमेज पर असर पड़ा ह।

सीएम अशोक गहलोत चुनावी साल में कानून व्यवस्था को लेकर सख्त एक्शन करने वाले सीएम की छवि बनाना चाहते हैं। जिस तरह यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार रिपीट होने के पीछे कानून व्यवस्था के लिए कड़े कदम उठाने को बड़ा कारण माना जा रहा है।

# किरोड़ीलाल के आंदोलन को भाजपा का समर्थन क्यों नहीं मिलता?

## मीणा बोले- पार्टी को लाइन तय करने में कई बार समय लग जाता है



जयपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। पुलवामा हमले में शहीद हुए जवान के परिवार की मांगों को लेकर राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा धरने पर हैं। परीक्षाओं के पेपर लीक से लेकर तमाम मसलों पर किरोड़ीलाल लगातार राजस्थान सरकार को घेरते रहे हैं। यह भी खास है कि उनके आंदोलनों में अक्सर उन्हीं की पार्टी के नेता दिखाई नहीं पड़ते। कुछ चुनिंदा चेहरे कभी-कभार आंदोलन में दिख जाते हैं।

इसके चलते मीणा पहले बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया पर भी सवाल उठा चुके हैं। अब उन्होंने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को आंदोलन में आने का न्यौता दे दिया है। राजे उनका न्यौता स्वीकार करेंगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा। मीणा ने खुले मंच से राजे को शहीदों की वीरांगनाओं से मिलने को कहा है। पढ़िए किस मुद्दे पर क्या बोले किरोड़ीलाल मीणा...

हम विधानसभा गए थे तो तुरंत बीजेपी ने मुद्दे को उठाया था। आज भी उठाया था। 5-6 विधायक मिलकर गए हैं। पार्टी वो लाइन लेती है, उसमें समय लग जाता है कई बार। इस मामले में हम अलग नहीं। हम सब एक हैं।

किरोड़ीलाल : ये मेरे डीएनए में है। ये मेरी बॉडी का डिफेक्टिव निर्माण है, जो मैं इन बीमारियों में पड़ता रहता हूं। वैसे मैं इन्हें बीमारी नहीं मानता। मैं इनको सच्ची सेवा मानता हूं। अंत में ये वीरांगना मेरे पास आईं। इन लोगों को भरोसा है कि मेरे पास आएंगे तो कुछ मिलेगा।

पार्टी का ऐसे मामलों में कभी विरोध नहीं हुआ। वो बात अलग है कि एकजुट होकर लगना चाहिए। मगर 4 मार्च को पेपर लीक को लेकर युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चे पेपर लीक को लेकर विधानसभा को घेर रहे हैं। उचित समय पर पार्टी आक्रामक होकर आंदोलन करती है।

वो एक नाम नहीं हैं। वो पार्टी के मुखिया हैं। प्रदेशाध्यक्ष हैं। मैं आज किसी दूसरे नेता को कहूं तो उनकी हैसियत पार्टी के मुखिया की नहीं है। हम हमारे प्रदेशाध्यक्ष से कहते हैं। वो युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष को लेकर आए थे। उन्होंने कहा था कि सब जिलों में आक्रामक आंदोलन करेंगे। वो नहीं हुआ तो मैंने कह दिया था उनके लिए। तब नहीं किया पर अब कर रहे हैं ना। अब उचित समय है। 4 मार्च को तो कर रहे हैं आंदोलन।

मैं आपके माध्यम से यह कह रहा हूं कि वीरांगनाएं बैठी हुई हैं। वसुंधरा जी इनसे आकर मिल लें तो बहुत अच्छा होगा। इनका तो मन प्रसन्न होगा ही, ये दुआएं देंगी। मुझे भी बहुत खुशी होगी अगर वसुंधरा जी आ जाती हैं तो। इससे ज्यादा तो हम कुछ कह नहीं सकता।

जन्मदिन आपका-मेरा सबका होता है। हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से जन्मदिन मनाता है। जन्मदिन वसुंधरा जी 4 तारीख को सालासर में मना रही हैं। तो कौन मना कर रहा है, मनाएंगी ही। पार्टी का कार्यक्रम आ गया, तो पार्टी के कार्यकर्ता उसमें जुटेंगे। जन्मदिन अपना व्यक्तिगत कार्यक्रम है। उनके जन्मदिन का कार्यक्रम सफल हो, लेकिन उसके साथ-साथ हम यह भी कामना करते हैं कि पार्टी का कार्यक्रम भी सफल हो। इससे हमारी पार्टी में कोई डिवीजन हो, ऐसा मुझे तो लगता नहीं।

पेपर दर पेपर 18 पेपर लीक हो गए हैं। आंदोलन के बाद 10 इन्होंने रद्द किए। सीबीआई की जांच की मांग ये मानने को तैयार नहीं हैं। क्योंकि बड़े लोग हैं। उनपर हाथ डालें तो कांग्रेस का राज भी धराशायी हो सकता है। मछलियों को पकड़ रहे हैं, मगरमच्छ छोड़ रहे हैं। राजस्थान का मुखिया जब यह कहने लग जाए कि मेरा कोई अधिकारी या नेता शामिल नहीं है, तो एसओजी और पुलिस क्या निकालेगी। इसमें सरकार के विधायक-मंत्री इनवॉल्व हैं और सरकार उन्हें बचाएगी। इसलिए इसका एक ही विकल्प बचता है सीबीआई से जांच होनी चाहिए, पर गहलोत साहब मानने को तैयार नहीं हैं।

पुलवामा हमले को लेकर मंत्री-नेता विभिन्न आश्वासन दे आए थे। ये आश्वासन उनके सम्मान से जुड़े हुए थे। शहीद के गांव तक सड़क बनाना, नौकरी, प्रतिमाएं सहित कई मांगें थीं। इन मांगों को लेकर परिवार पिछले 4 साल से मंत्रियों से बराबर मिलता रहा। ये मेरे पास आए। इन्होंने कहा सीएम से मिलाओ। विधानसभा में पास नहीं बनाया और पश्चिम द्वार बंद कर दिया। पुलिस धक्का मारती हुई, वीरांगनाओं का अपमान करती हुई यहां ले आई। ये चाहती हैं कि सीएम इनसे मिलें और इनकी मांगों को पूरा करें। ये कहते हैं कि पैसे दे दिए तो पैसे से सम्मान थोड़ी मिलता है। प्रतिमाएं लग जाएं, कॉलेज-स्कूल के नामकरण हो जाएं, इससे इनको सम्मान मिलेगा। दो स्तर पर बात हुई है। गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव और आरती डोगरा से, मुलाकात हुई है। हम इंतजार कर रहे हैं सीएम क्या करते हैं?

जब इनके पति शहीद हुए, तब इनका बच्चा डेढ़ महीने का था। इसे मेजर बनने में 17 साल और लगेंगे। ये अपना जीवन कैसे पालेगी? ये खुद ही कह रही हैं कि मेरे देवर को नौकरी दे दो तो मेरा जीवनयापन हो जाएगा। सरकार रोज नियम तब्दील करती है। शिथिलता देकर नौकरी दे सकती है, क्या दिक्कत है इसमें? इनको 50 लाख मिले तो इसमें से 26 लाख का तो स्मारक बना दिया तो पेट कैसे पालेंगे?

कांग्रेस तो मानती ही नहीं है। एक कांग्रेस के मंत्री आए थे। वो कह रहे थे कि ये तो शहीद ही नहीं हुए थे। ये तो एक्सीडेंट था। कांग्रेस तो यह कहती है कि एयरस्ट्राइक हुई नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक हुई नहीं, जो कांग्रेस प्रमाण मांगती है वो तो कुछ भी कह सकती है। बाकी एनआईए ने जांच की। एनआईए ने कार पकड़ी। ऐसे नहीं कह सकते कि कुछ किया ही नहीं। इनके समय में तो कुछ भी करके चले जाते थे, ये कुछ नहीं करते थे। मोदी सरकार ने तो भीतर जाकर मारा है आतंकवादियों को और पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया है।

# ओबीसी-एमबीसी के एमबीबीएस स्टूडेंट की ट्यूशन फीस माफ

## दो से ज्यादा संतान वाली विधवा-तलाकशुदा को सरकारी नौकरी मिल सकेगी

जयपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)।

राजस्थान के ओबीसी और एमबीसी वर्ग के नॉन क्रिमिलयर एमबीबीएस स्टूडेंट्स की सरकारी सीटों पर ट्यूशन फीस माफ होगी।

सरकार ने ओबीसी और एमबीसी वर्ग के स्टूडेंट्स की सरकारी सीटों पर ट्यूशन फीस (60,800 रुपए प्रतिवर्ष) माफ करने का फैसला किया है।

सीएम अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला किया गया।

कैबिनेट ने सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों, झालावाड़ मेडिकल कॉलेज और राजमेस (राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी) के अधीन चल रहे मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस स्टूडेंट की ट्यूशन फीस माफ करने को मंजूरी दी है।

अब तक एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस स्टूडेंट्स को फीस माफ की सुविधा थी। एमबीसी और ओबीसी वर्ग के नॉन क्रिमिलयर स्टूडेंट्स को 2022-23 से ट्यूशन फीस में छूट का लाभ मिल सकेगा।

ओबीसी और एमबीसी के एमबीबीएस स्टूडेंट की फीस माफ करने के फैसले को चुनावी साल से जोड़कर देखा जा रहा है।

दो से ज्यादा संतान वाली विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को मिल सकेगी सरकारी नौकरी

दो से ज्यादा संतान वाली विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को अब सरकारी नौकरी मिल सकेगी। कैबिनेट ने 1 जून, 2002 और इसके बाद 2 से ज्यादा संतानों वाली विधवा, परित्यक्ता महिलाओं को सरकारी नौकरी के लिए कई तरह के सेवा नियमों में संशोधन करने को मंजूरी दी है।

कैबिनेट ने 1 जून, 2002 या उसके बाद दो से ज्यादा संतान वाले कर्मचारियों को प्रमोशन देने के लिए भी सेवा नियमों में बदलाव करने को मंजूरी दी है।

जोधपुर में फिनटेक इंस्टीट्यूट खुलेगा। कैबिनेट ने जोधपुर में राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट से जुड़े बिल को मंजूरी दे दी है।

# 'बीजेपी में जाते ही भ्रष्टाचारी हो जाते हैं ईमानदार'

## आप नेता योगेंद्र गुप्ता बोले-अडानी से ध्यान हटाने के लिए हुई सिसोदिया पर कार्रवाई




जयपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जयपुर में बुधवार को आप नेता योगेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी मुद्दे पर ध्यान भटकाने के लिए आप नेताओं पर कार्रवाई कर रही है। हम इससे डरने वाले नहीं हैं। जब तक अदानी मुद्दे की निष्पक्ष जांच नहीं होती तब तक देशभर में हमारा विरोध जारी रहेगा।

गुप्ता ने कहा कि जब से केंद्र में बीजेपी सरकार राज में आई है। तब से विपक्षी पार्टी के नेताओं को सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर जेल में डाला जा रहा है। अगर 4 घंटे के लिए भी सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों को आम आदमी पार्टी को सौंप दिया जाए तो हम बीजेपी के काले कारनामों की हकीकत जनता के सामने उजागर कर देंगे।

गुप्ता ने हिमंता बिस्वा शर्मा, बीएस येदियुरप्पा, शुभेंदु अधिकारी, भावना गवली, यशवंत जाधव, यामिनी जाधव, प्रताप सरनाईक, नारायण राणे ये सभी बीजेपी में आने के पहले घोटाले के आरोपित थे। बीजेपी में आने के बाद इन सबकी जांच ठंडे बस्ते में चली गई। बीजेपी का कोई नेता इन पर कोई बयान नहीं देता है क्योंकि बीजेपी में जाते ही सब ईमानदार हो जाते हैं। जो भी इंसान अच्छा काम करता है या फिर बीजेपी का विरोध करता है तो केंद्र सरकार बेवजह उसके खिलाफ करवाई शुरू कर उन्हें डराने की कोशिश करती है। केंद्र सरकार हमें जेल में बन्द कर सकती है लेकिन हमारे हौसलों को बंद नहीं कर सकती।

गुप्ता ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि अडानी मुद्दे पर देश सरकार से जवाब मांग रहा है। सड़क से लेकर संसद तक जेपीसी जांच और इनकम टैक्स, ईडी और CBI जांच की मांग कर रहा है। ऐसे में इन सबसे से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री को गिरफ्तार कर रही है। ऐसे में अब हम बीजेपी की हकीकत जनता के सामने लेन के लिए अभियान शुरू करेंगे।

# सरकारी स्कूल के क्लर्क ने खुद को आग लगाई

नागौर, 2 मार्च (एजेंसियां)। सरकारी स्कूल के क्लर्क ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आरोप है कि ट्रांसफर होने के बाद भी प्रिंसिपल उसे रिलीव नहीं कर रही थी। आग से बाबू 80 फीसदी तक झुलस गया। मामला नागौर के पीलवा का गुरुवार सुबह का है। पीलवा थानाधिकारी सूरजमल चौधरी ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस्सी के बरामदे में यह घटना हुई। मौजूद लोगों ने क्लर्क को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उसने खुद को आग लगा ली। अजमेर के जेएलएन अस्पताल में क्लर्क का इलाज चल रहा है। पीड़ित क्लर्क रामसुख मेघवाल (55) ने आरोप लगाया कि स्कूल की प्रिंसिपल सीमा चंदेल ट्रांसफर होने के बाद भी उसे रिलीव नहीं कर रही थी। साथ ही स्टाफ में धन्नाराम माली, महावीर नाहर और सुमित भी प्रताड़ित करते थे। बताया जा रहा है कि क्लर्क रामसुख का ट्रांसफर 15 दिन पहले पीलवा स्कूल में हो गया था। रामसुख बस्सी का ही रहने वाला है। बाबू पांच दिन पहले स्कूल के ऑफिस में पेट्रोल की बोतल लेकर आए थे, जिसे वहीं रख दिया था। हादसे को देखते हुए स्कूल की छुट्टी कर दी गई। वहीं सरपंच जगदीश मेघवाल, लक्ष्मण नाथ डूडी भी स्कूल पहुंच गए। ग्रामीणों ने प्रिंसिपल पर कार्मिकों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया था। साथ ही स्कूल में भय का माहौल बनाने को लेकर भी गुस्सा जाहिर किया था।

# महिला दिवस पर रोडवेज बसों में फ्री सफर

## 8 मार्च को महिलाओं का नहीं लगेगा किराया

## राजस्थान में सफर करने पर मिलेगा फायदा

जयपुर, 2 मार्च (एजेंसियां)। हर साल की तरह इस बार भी राजस्थान रोडवेज ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च ) पर राज्य में महिलाएं, छोटी बच्चियों के लिए बसों में फ्री सफर करवाने का निर्णय किया है। रोडवेज प्रशासन ने आज इसके आदेश जारी कर दिए है। इस आदेशों के तहत राज्य में महिलाएं राजस्थान रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में फ्री सफर कर सकेंगी।

फ्री सफर की सुविधा 7 मार्च रात 12 बजे से मिलेगी और 8 मार्च रात 11.59 बजे तक जनरेट होने वाली टिकटों पर मिलेगा। इस सुविधा के लिए रोडवेज प्रशासन पर 7.50 करोड़ रुपए का आर्थिक भार आएगा। फ्री ट्रेवल की सुविधा का लाभ केवल राजस्थान राज्य की सीमा के अंदर ही मिलेगा। अगर कोई राजस्थान की सीमा से बाहर जैसे दिल्ली, आगरा, मथुरा या दूसरे राज्यों के शहरों में जाता है तो उससे राज्य की सीमा तक किराया नहीं लिया जाएगा। उसके आगे का किराया वसूला जाएगा।

आपको बता दें कि इस बार रोडवेज प्रशासन को पूरे प्रदेश में 8 लाख से ज्यादा महिलाओं के सफर करने अनुमान है। क्योंकि 7 मार्च को धुलंडी पर्व है और अगले दिन बड़ी संख्या में लोग अपने गांव या शहरों से काम-काज के दूसरे शहरों में आएंगे। इस कारण 8 मार्च को सामान्य दिनों के मुकाबले ज्यादा यात्रियों की भीड़ रहेगी।

# बच्चा नहीं होने पर पति पीटता था, पत्नी ने किया सुसाइड

## सास-ससुर ताने मारतेः एक औलाद नहीं दे पाई, तलाक के लिए 5 लाख मांगे

अजमेर, 2 मार्च (एजेंसियां)। अजमेर में एक महिला ने अपने पति के सामने फंदा लगा सुसाइड कर लिया। बात इतनी थी कि शादी के बाद से दोनों के कोई संतान नहीं थी। इसी बात को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती और सास-ससुर ताने देते थे। इसी से परेशान होकर जान दे दी। मामला शहर के रामगंज थाना क्षेत्र के दौराई क्षेत्र का है। घटना बुधवार दोपहर 2 बजे की बताई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। वहीं गुरुवार को महिला के परिजनों की ओर से रामगंज थाने में पति समेत सास-ससुर के खिलाफ शिकायत दी है। मृतका अंजू देवी (33) के पिता सराधना निवासी शिवकरण ने बताया कि 2009 में उनकी बेटी की शादी प्रदीप कलवानिया (35) से हुई थी। शादी के बाद से दोनों के कोई संतान नहीं थी। बच्चा नहीं होने पर 2015 के बाद से ससुर जगदीश और सास शोभा बेटी को प्रताड़ित करने लगे।



पिता का आरोप है कि संतान नहीं होने पर सास-ससुर ताना मारते थे कि एक औलाद तक नहीं दे पाई। वहीं दामाद प्रदीप भी मारपीट करने लगा। शराब के नशे में वह बेटी के साथ मारपीट करता था। इस दौरान कई बार अंजू को घर भी भेज दिया। लेकिन, समाजिक पंचायती और समझाइश के बाद दोबारा उसे ससुराल वाले ले जाते थे।

लेकिन, इसके बाद भी उनका रवैया नहीं बदला। पिता ने बताया कि सुसाइड से पहले भी मारपीट की गई थी। इधर, मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामगंज थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि प्रदीप खेती का काम करता है और शराब के नशे में ही रहता है। बुधवार को भी प्रदीप दिन में शराब पीकर आया था और दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद अंजू ने ओढ़नी से ही फंदा लगा लिया और सुसाइड कर लिया।

# साहित्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाने की जरूरत : प्रो. खानम




हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी हैदराबाद के हिंदी विभाग द्वारा 'भारतीय साहित्य में अंबेडकरवादी चेतना' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र अध्यक्षता प्रो. शकीला खानम ने की। इसमें अनेक वक्ताओं ने अपने अपने विचारों को साझा किया। अध्यक्ष प्रो. शकीला खानम ने बताया कि पाठ्यक्रम को वैज्ञानिक दृष्टिकोण देने की आवश्यकता है। साहित्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाने की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति की बात करते हुए उन्होंने अपने विश्वविद्यालय डॉ. बाबा साहब ओपन यूनिवर्सिटी में एंकरिंग कोर्स और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों का भी उल्लेख किया और यह भी बताया कि मन की गंदगी साफ करना चाहिए, जब तक मन की गंदगी साफ नहीं करेंगे तब तक कोई विकास नहीं होगा। विशिष्ट वक्तागण के रूप में डॉ. माया देवी ने कहा कि एक मृत समाज में चेतना डालने जो काम किया गया है वहीं अंबेडकरवादी चेतना है। मुख्य वक्ता प्रो. रेखा रानी अपने विचार व्यक्त किया। वक्तागण में डॉ. पार्वती ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय भाषा एक समृद्ध साहित्य लेखन का रूप धारण किया है। डॉ. नम्रता वागडे ने कहा कि चेतना हमारी वाणी से आनी चाहिए। डॉ. पठान रहीम खान ने अंबेडकरवाद की पृष्ठभूमि को विस्तार से बताया। प्रो. समी सिद्दीकी ने अपने वक्तव्य में कहा कि उर्दू की कविताओं में भी अंबेडकरवादी चेतना मिलती है। इस सत्र का संचालन एवं धन्यावाद ज्ञापन डॉ. पठान रहीम खान ने किया।

## होली में हुड़दंग कन्हैया के संग कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। चेतना एक आत्म सम्मेलन का कार्यक्रम होली में हुड़दंग कन्हैया के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रेस विज्ञप्ति में पूजा गुप्ता ने बताया कि रमा बाजोरिया के संयोजकत्व में अनुपमा गुप्ता के निवास स्थान पर कार्यक्रम हुआ। इसमें कई महिलाओं ने भाग लिया। होली से संबंधित गेम्स रखे गए थे। इसमें हर किसी ने बहुत आनंद लिया, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अवसर पर रमा बाजोरिया, अनुपमा गुप्ता, रीटा अग्रवाल, पूजा गुप्ता, कौशल्या सोनी, वनीता ,पुष्पा, प्रेमा, ज्योति, प्रेमलता, निष्ठा, रुपा व अन्य उपस्थित थीं।



**हैदराबाद सिकंदराबाद दहिमा समाज के अध्यक्ष (अदाक्ष) पद पर निर्वाचित होने पर गोपाल धोबा का सम्मान करते हुए महेश बैंक के निदेशक गोविन्द राठी, रमेश चंद्र व्यास, सुमित राठी, श्रीनिवास लोया, नवल व्यास, सुरेश व अन्य।**

# अधिकारियों को दसवीं परीक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं करने का निर्देश



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जिला अपर कलेक्टर तिरुपति राव ने अधिकारियों को 3 अप्रैल से शुरू होने वाली दसवीं कक्षा की परीक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को कांफ्रेस हॉल में 10वीं की परीक्षा को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए अपर समाहर्ता ने आदेश दिया कि 3 अप्रैल से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाली दसवीं कक्षा की परीक्षाओं को प्रात: 9.30 बजे से 12.30 बजे तक कराने की व्यवस्थाओं का समन्वय किया जाये. जिले के 226 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से 49,574 छात्र और 729 नियमित छात्र पूरक परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 34 प्रश्नपत्र भंडारण स्थल होंगे, पुलिस विभाग परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था करे, परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू करे, परीक्षा के दौरान जेरॉक्स केंद्रों को बंद करने के उपाय करे और छात्र समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आरटीसी अधिकारी बसें चलायें ताकि विद्यार्थी परीक्षा केन्द्रों पर समय से उपस्थित हों, चिकित्सा अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर प्राथमिक चिकित्सा किट, ओआरएस पैकेट एवं दवाईयों के साथ एक मेडिकल प्वाइंट स्थापित करें और यह सुनिश्चित करने के लिये कदम उठायें कि एक ए.एन.एम. केंद्रों पर उपलब्ध है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि परीक्षा केंद्रों में बिना बिजली बाधित किए कार्रवाई की जाए. डाक विभाग ने उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं को ठीक से प्राप्त करने की सलाह दी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में साफ पानी, पंखे और शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आदेश दिया। समीक्षा बैठक में जिला राजस्व अधिकारी हरिप्रिया, जिला शिक्षा अधिकारी, पुलिस अधिकारी, डाक विभाग के अधिकारी, आरटीसी अधिकारी, संबंधित अधिकारी एवं अन्य शामिल हुए।



**उज़्बेकिस्तान में 6 से 9 मार्च तक आयोजित होने वाली वर्ल्ड जूनियर फेंसिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम में तेलंगाना से चयनित एकमात्र खिलाड़ी हिन्दी महाविद्यालय की छात्रा सुश्री शेख नाजिया ने आज खेल प्राधिकरण, तेलंगाना राज्य के चेयरमैन अंजनेय गौड से भेंट की। साथ में हैं प्राचार्य डॉ अविनाश जायसवाल, लेफ्टिनेंट आकाश थापा व अन्य।**

## जीडिमेटला में प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगा बीडीएमए

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। द बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (बीडीएमए) जीडिमेटला में फार्मा क्लस्टर में कौशल उन्नयन के लिए एक प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर रहा है। यह देश में अपनी तरह का पहला मामला है जहां एक उद्योग संघ अपने उद्योग के कर्मचारियों के लिए इस तरह की सुविधा स्थापित कर रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रस्तावित सुविधा टीएसआईआईसी द्वारा लंबे पट्टे पर आवंटित एक एकड़ भूमि पर आ रही है और अप्रैल से चालू होगी। केंद्र उच्च अंत अनुसंधान, परीक्षण के लिए एक केंद्रीकृत स्थान के रूप में कार्य करेगा और जीडिमेटला में फार्मा क्लस्टर की भूमिका को मजबूत करेगा। बीडीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष, आरके अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य एपीआई उद्योग में विनिर्माण संचालन और गुणवत्ता नियंत्रण में लगे जनशक्ति को विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करना है। नए स्नातकों को थोक दवा उद्योग के लिए उपयुक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा जहां सदस्य इकाइयां अपने नए भर्ती किए गए लोगों को प्रशिक्षित कर सकें।

## सीरवी समाज करमनघाट में ढूंढोत्सव 7 को

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। करमघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर प्रांगण मे सीरवी समाज बन्धुओं के सान्निध्य मे होली महोत्सव के पावन अवसर पर होली महोत्सव

कार्यक्रम के तहत होली दहन, बच्चों की ढूंढ, रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम के साथ आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा व सचिव हिरालाल सैणचा ने संयुक्तरुप से बताया कि 24 फरवरी से 6 मार्च तक प्रतिदिन मंदिर प्रांगण मे रात्रि 9.15 बजे से 12.15 बजे तक चंग की थाप पर रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम एवं महिला मंडल द्वारा लूबर नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार 6 मार्च लाभार्थी परिवार द्वारा होली दहन का कार्यक्रम होगा। एवं मंगलवार 7 मार्च को प्रात: वेला मे पूजा-अर्चनाकर 9.15 बजे से होली मिलन व बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## प्रजापत समाज कांटेदान में होली गैर कार्यक्रम जारी

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। कांटेदान स्थित प्रजापति समाज ट्रस्ट समाज बन्धुओं के सानिध्य मे होली महोत्सव के पावन अवसर पर बुधवार 1 मार्च से मंदिर प्रांगण मे भव्य होली गैर कार्यक्रम रात्रि 9.30 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। चेयरमैन पप्पुलाल रांवरिया व अध्यक्ष तेजाराम बेतेडिया ने संयुक्तरुप से बताया कि मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन रात्रि 9.30 बजे से रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

7 मार्च प्रात: 9.15 बजे से पूजा-अर्चनाकर होली मिलन एवं बच्चों की ढूंढ का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिन समाज बन्धुओं को बच्चों की ढूंढ करानी हो वे मिठालाल सेपटा व किशोर रांवरिया से सम्पर्ककर अपना नाम दे सकते है।



**कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को उनकी पुण्यतिथि पर गांधी भवन में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवा कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एसपी क्रांति कुमार, कांग्रेस कार्यकर्ता एम.विकास, सीएच.रवि, अशोक कुमार और अन्य।**



**राज्यसभा सांसद आर. कृष्णय्या से मुलाकात कर कच्छ के लिए सीधी रेलसेवा चलाने के संबंध में विचार-विमर्श करते हुए रिद्धीश जागीरदार, गजकृष्णा, सत्यनारायण व अन्य।**

## हैदरनगर मंडल की जनसमस्याओं को जल्द सुलझाया जाएगा : गज्जला



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सेरिलिंगमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रभारी गज्जला योगानंद ने मंडल के हैदर नगर डिवीजन से संबंधित सार्वजनिक मुद्दों का जायजा लिया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से लोगों की समस्याओं का अवलोकन किया, जिसमें उन्होंने अलीताब तालाब पर अतिक्रमण, पेंशन और राशन कार्ड का जिक्र किया। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अलीतलाब नामक तालाब पर अतिक्रमण किया जा रहा है। विधायक, पार्षद, स्थानीय विधायक, नगरसेवक आदि जहां भी सार्वजनिक भूमि और तालाब गिरते हैं। टीआरएस पार्टी के नेता उनका अतिक्रमण कर जनता का पैसा लूट रहे हैं। स्थानीय नेताओं ने अपनी शिकायत व्यक्त करते हुए कहा कि जल निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी और नालियों का पानी सड़कों पर बहता है और निचले इलाकों के घरों में, जहां कचरे का ढेर लगा रहता है। उनके साथ नवीन गौड, वेलागा श्रीनिवास, कृष्णमराजू, बद्री, अंबादास, वीरैया चारी, श्रीहरि, कोटेश्वर राव, लक्ष्मीनारायण, राजा रेड्डी नारायण रेड्डी, भ्रामया, प्रभाकर शर्मा, माधव रेड्डी, वीरा चारी और अन्य ने भाग लिया।

# मूल्यांकन कवि गोष्ठी का आयोजन संपन्न




हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गीत चाँदनी के तत्वावधान में प्रतिमास देश की किसी एक साहित्यिक हिंदी पत्रिका पर संपन्न होने वाली 304वीं मूल्यांकन कवि गोष्ठी का आयोजन इस बार नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में उर्दू के वरिष्ठ शायर आतीश हैदराबादी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया और कहा कि इस बार मूल्यांकन गोष्ठी में उन्नाव (उत्तर प्रदेश) से डॉ. मान सिंह के संपादन में प्रकाशित होने वाली हिंदी सेवा के लिए संकल्पित अर्धवार्षिक पत्रिका साहित्य वाटिका के जुलाई से दिसंबर, 2022 अंक में प्रकाशित सामग्री पर हैदराबाद के समीक्षक, कवियों द्वारा विद्वान साहित्यकारों द्वारा चर्चा की जा रही है। उन्होंने पत्रिका का परिचय और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पत्रिका के सद्य प्रकाशित अंक में प्रकाशित सामग्री रचनाओं पर कई महानुभावों ने अपने-अपना विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर एक कवि गाष्ठी भी संपन्न हुई, जिसमें बहुभाषी कवियों सर्वश्री प्रवीण कुमार, डॉ. मुमताज सुल्ताना, पूनम जोधपुरी, प्रकाश राघव, चंपालाल बैद, संतोष रज़ा, सुधा ठाकुर, गोविंद अक्षय, रत्नकला मिश्र, ठाकुर दिनेश सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, आतीश हैदराबादी आदि ने समाज की विभिन्न समस्याओं पर अपने गीत, ग़ज़ल, हास्य-व्यंग्य और नयी कविताओं का पाठ किया।

## काकतीय मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष का तबादला

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। काकतीय मेडिकल कॉलेज (केएमसी), वारंगल से एनेस्थीसिया पीजी मेडिकल छात्र डॉ. डी प्रीति की कथित आत्महत्या के मद्देनजर, राज्य सरकार ने गुरुवार को प्रमुख, एनेस्थीसिया, केएमसी, डॉ के नागार्जुन रेड्डी को एनेस्थीसिया के प्रोफेसर के रूप में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, भूपालपल्ली को तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए। इस आशय का एक सरकारी आदेश (जीओ आरटी नंबर 120) दिनांक 2 मार्च को स्वास्थ्य सचिव एसएएम रिजवी द्वारा गुरुवार को जारी किया गया।




**ताड़बन चौराहे पर केंद्र सरकार द्वारा बढायी गई घरेलू गैस की कीमत के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए तेलंगाना राज्य खनिज विकास निगम के चयरमैन माने कृशंक, बीआरएस नेता मोनी, रघु, श्रीनू व अन्य।**

# बिहार समाज सेवा संघ ने की ऑनलाइन बैठक

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार समाज सेवा संघ हैदराबाद की ऑनलाइन बैठक अध्यक्ष मनीष तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा, हैदराबाद महामंत्री विकास सिंह, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा निलु, सह सचिव दिपक तिवारी, वरिष्ठ सदस्य राजेश गौड़, सुभाष नगर प्रभारी, महेंद्र प्रजापति, आनंद जी, मुशिराबाद प्रभारी विरेन्द्र पाठक,रवि ओझा मौजूद रहे। बैठक का संचालन महामंत्री विकास सिंह ने किया और कहा कि आगामी 5 मार्च को मलयालम मठ गांधीनगर, सिकंदराबाद में दोपहर 3 बजे से होली मिलन समारोह का निर्णय लिया गया था जगह सुनिश्चित नहीं किया गया था इसके लिए प्रचार प्रसार नहीं किया गया था आप सभी को बता दु कि बिहार समाज सेवा संघ हैदराबाद का होली मिलन समारोह प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बहुत धुम धाम से मनाया जा रहा है।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद का होली मिलन समारोह 5 को

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी 5 मार्च को बाचूपल्ली कम्यूनिटी हॉल में आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह संबंधित तैयारी की समीक्षा हेतु मिथिला सांस्कृतिक परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं समारोह स्थल, बाचुपल्ली के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। परिषद के अध्यक्ष विनय कुमार झा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार परिषद प्रतिवर्ष होलीमिलन समारोह होली पर्व-दिवस के पूर्व रविवार को मनाती आ रही है।

इस नगरद्वय के समस्त मैथिल एवं मैथिली प्रेमी सपरिवार एकत्रित होकर रंग-गुलाल के इस महान पर्व को हर्षोल्लास से मनाते हैं। अवसर विशेष पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। महासचिव अनिल कुमार झा ने इस नगरद्वय के समस्त मैथिल जनों को उक्त समारोह मे पधारकर इस रंगोल्लास पूर्ण पर्व को सफल बनाने का आग्रह किया है। बैठक में परिषद के कार्यकारिणी सदस्य सह क्षेत्रीय पदाधिकारी श्री राहुल मिश्र के साथ उनके सहयोगी चौ. विजय कांत राय, भरत झा एवं इंद्र कुमार झा आदि उपस्थित थे।

## जन सेवा संघ द्वारा होली मिलन समारोह 5 को

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 5 मार्च रविवार को शाम 5 बजे से 10 बजे तक नि: शुल्क मनाया जायेगा। संघ के महासचिव सुधीर जायसवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर भोजपुरी फ़िल्म फरिश्ता के मशहूर गायक बबुवा विकास एवं गायक भोलू भारद्वाज अपनी टीम के साथ गीत, संगीत और नृत्य का जलवा बिखेरकर होली के आगमन में चार-चाँद लगा देगें। अत: सभी से आग्रह हैं कि सपरिवार पधारकर इस विशेष समारोह का आनंद उठाते हुवे अपनी सांस्कृतिक विरासत को क़ायम रखें।

## आरजीयूकेटी-बासर के दो छात्रों पर आवारा कुत्तों ने हमला किया

निर्मल, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को कैंपस में आवारा कुत्तों के हमले में बासर स्थित राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉलेज एंड टेक्नोलॉजीज (आरजीयूकेटी) के दो छात्र घायल हो गए। इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के दोनों छात्र परीक्षा देने जा रहे थे, तभी कुत्तों ने उन्हें काट लिया, जिससे उनके पैरों में चोटें आईं। उन्हें तुरंत परिसर के एक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां डॉक्टरों की एक टीम ने उन्हें निगरानी में रखा है। आरजीयूकेटी के निदेशक प्रो. सतीश कुमार पेद्दापल्ली ने कहा कि कुत्तों को पकड़ने और परिसर में स्ट्रीट डॉग्स के खतरे को दूर करने के लिए एक दस्ते को शामिल किया जाएगा। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे घबराएं नहीं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

## चुनाव आयुक्त को ...

चुनाव आयुक्त कितने हो सकते हैं, इसे लेकर संविधान में कोई संख्या फिक्स नहीं की गई है। संविधान का अनुच्छेद 324 (2) कहता है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त हो सकते हैं। यह राष्ट्रपति पर निर्भर करता है कि इसकी संख्या कितनी होगी। आजादी के बाद देश में चुनाव आयोग में सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त होते थे। 16 अक्टूबर 1989 को प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार ने दो और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की। इससे चुनाव आयोग एक बहु-सदस्यीय निकाय बन गया। ये नियुक्तियां 9वें आम चुनाव से पहली की गईं थी। उस वक्त कहा गया कि यह मुख्य चुनाव आयुक्त आरवीएस पेरी शास्त्री के पर कतरने के ली की गईं थी।

2 जनवरी 1990 को वीपी सिंह सरकार ने नियमों में संशोधन किया और चुनाव आयोग को फिर से एक सदस्यीय निकाय बना दिया। एक अक्टूबर 1993 को पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने फिर अध्यादेश के जरिए दो और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को मंजूरी दी। तब से चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो चुनाव आयुक्त होते हैं।

साल 2018 में चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता को लेकर कई याचिकाएं दायर हुईं थीं। इनमें मांग की गई थी कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसा सिस्टम बने। सुप्रीम कोर्ट ने इन सब याचिकाओं को क्लब करते हुए इसे 5 जजों की संविधान पीठ को भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट इसी मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाया था। इसी दौरान 1985 बैच के आईएएस अरुण गोयल ने उद्योग सचिव पद से 18 नवंबर को वीआरएस लिया था। इस पद से उन्हें 31 दिसंबर को रिटायर होना था। गोयल को 19 नवंबर को चुनाव आयुक्त अपॉइंट कर दिया गया। इस नियुक्ति पर सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने एक याचिका दायर कर सवाल उठाया है। पिछले दिनों कोर्ट ने मामले में केंद्र से चुनाव आयुक्तों की अपॉइंटमेंट की फाइल मांगी थी। अदालत के आदेश के बाद केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के अपॉइंटमेंट की ओरिजिनल फाइल सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। फाइल देखने के बाद कोर्ट ने केंद्र से कहा- चुनाव आयुक्त के अपॉइंटमेंट की फाइल बिजली की तेजी से क्लियर की गई। यह कैसा आकलन है। सवाल उनकी योग्यता पर नहीं है। हम अपॉइंटमेंट प्रोसेस पर सवाल उठा रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ...

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने ट्वीट कर फैसले का स्वागत किया हैं। उन्होंने कहा- 'अडाणी ग्रुप सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत करता है। सच की जीत होगी।'

**सुप्रीम कोर्ट की कमेटी इन 2 पहलुओं की जांच करेगी**

शेयर मार्केट का रेगुलेटरी फ्रेमवर्क मजबूत करने के उपाय सुझाएगी। यानी मार्केट में होने वाली ट्रेडिंग की निगरानी और पुख्ता की जाएगी।अडाणी ग्रुप के शेयर्स में तेज गिरावट से जुड़े विवादों की जांच करेगी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद ग्रुप के शेयर्स गिरे थे।

कमेटी के अलावा सेबी भी 2 पहलुओं की जांच करेगी

क्या सिक्योरिटीज कॉन्ट्रेक्ट रेगुलेशन रूल्स के नियम 19 (A) का उल्लंघन हुआ? क्या मौजूदा कानूनों का उल्लंघन कर स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ? मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़ा है नियम 19 (A)? कॉन्ट्रेक्ट रेगुलेशन रूल्स का नियम 19 (A) शेयर मार्केट में लिस्टेड कंपनियों की मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़ा है। भारतीय कानून में किसी भी लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25% शेयरहोल्डिंग पब्लिक यानी नॉन इनसाइडर्स की होनी चाहिए।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट में कहा गया था कि गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी विदेश में शेल कंपनियों को मैनेज करते हैं। इनके जरिए भारत में अडाणी ग्रुप की लिस्टेड और प्राइवेट कंपनियों में अरबों डॉलर ट्रांसफर किए गए। इसने अडाणी ग्रुप को कानूनों से बचने में मदद की।कमेटी के सभी खर्चों को केंद्र सरकार ही वहन करेगी।

## त्रिपुरा-नगालैंड में ...

2018 में त्रिपुरा में 59 सीटों पर 90 फीसदी मतदान हुआ था। बीजेपी 35 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। इसके साथ ही भाजपा ने लेफ्ट के 25 साल के गढ़ को ध्वस्त कर दिया था। पिछले चुनाव में जीत के बाद पार्टी ने बिप्लब देव को सीएम बनाया था, लेकिन मई 2022 में माणिक साहा को मुख्यमंत्री बनाया गया। पार्टी ने साहा के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। 2023 के चुनाव में भाजपा ने सभी 60, लेफ्ट-कांग्रेस के गठबंधन ने (क्रमश: 47 और 13 सीटों) पर चुनाव लड़ा। टिपरा मोथा पार्टी ने 42 सीटों पर चुनाव लड़ा। इस तरह राज्य में त्रिकोणीय मुकाबला की उम्मीद है। 2018 के चुनाव में भाजपा को 35, सीपीआईएम को 16 और आईपीएफटी को 7 सीटें मिली थीं। भाजपा ने सरकार बनाई थी। 2018 में 67 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार एनपीपी ने 57, कांग्रेस और बीजेपी ने 60-60 और टीएमसी ने 56 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। मेघालय में 2018 में 59 सीटों पर चुनाव हुए थे। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 21 सीटें जीती थीं। बीजेपी को यहां महज 2 सीटें ही मिल सकी थीं। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को 19 सीटें मिली थीं। इसने पीडीएफ और एचएसपीडीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। इन्होंने मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस (एमडीए) बनाया। एनपीपी के कॉनराड संगमा मुख्यमंत्री हैं। यहां 10 फरवरी को अकुलुतो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के कैंडिडेट खेकाशे सुमी ने नामांकन वापस ले लिया था, जिसके बाद भाजपा कैंडिडेट कजेतो किनिमी को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। नगालैंड में अभी नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की सरकार है। नेफ्यू रियो सीएम हैं। एनडीपीपी 2017 में अस्तित्व में आई थी। एनडीपीपी ने तब 18 और भाजपा ने 12 सीटें जीती थीं। दोनों दलों ने चुनाव से पहले गठबंधन किया था। सरकार में एनडीपीपी, भाजपा एनपीपी और जेडीयू शामिल हैं।

## 6 में से 3 ...

अरुणाचल, झारखंड, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एक-एक सीट पर उपचुनाव हुए थे, जबकि महाराष्ट्र में 2 सीटों पर। ये वोटिंग 26 और 27 फरवरी को हुई थी। महाविकास अगाड़ी और कांग्रेस के प्रत्याशी रविंद्र धंगेकर कस्बा में 10915 वोटों से जीत हासिल की। समर्थक पहले ही जीत का जश्न मनाने उनके कार्यालय पहुंच गए थे। महाराष्ट्र में चिंचवाड़, कस्बापेठ सीटों पर 26 फरवरी को वोटिंग हुई थी। भाजपा के विधायकों मुक्ता तिलक (कस्बा पेठ) और लक्ष्मण जगताप (चिंचवाड़) के निधन के कारण इन सीटों पर चुनाव जरूरी हो गया था। कस्बापेठ में कांग्रेस के रवींद्र धंगेकर 10915 वोटों से जीत दर्ज की है। यहां 1995 के बाद से भाजपा ही काबिज रही है। इस बार यहां हेमंत नारायण रसाने ने बीजेपी की तरफ से चुनाव लड़ा। उन्हें कुल 62,244 वोट मिले।

**बीजेपी की अश्विनी जगताप जीतीं**

महाराष्ट्र की ही चिंचवाड़ सीट बीजेपी की अश्विनी जगताप ने 36070 वोटों से जीत ली है। यहां उनका मुकाबला एनसीपी के विट्ठल उर्फ नाना काटे से था।

झारखंड: रामगढ़ सीट पर सुनीता चौधरी 21970 वोटों से जीतीं

रामगढ़ सीट कांग्रेस की ममता देवी पर आपराधिक मामला दर्ज होने के कारण डिस्क्वॉलिफाई होने के बाद से खाली पड़ी थी। कांग्रेस ने ममता देवी के पति बजरंग महतो को टिकट दी है। भाजपा-एजेएसयू ने सुनीता चौधरी को कैंडिडेट बनाया था। सुनीता ने बजरंग पर 21970 वोटों से जीत दर्ज की है। यह सीट टीएमसी के तीन बार के विधायक रहे सुब्रता साहा के दिसंबर 2022 में निधन के बाद खाली हो गई थी। यहां टीएमसी के देबाशीष बैनर्जी, बीजेपी के दिलीप साहा और विपक्ष समर्थित कांग्रेस के बेरॉन बिस्वास के बीच टक्कर थी। बेरॉन बिस्वास ने 22986 वोटों से जीत दर्ज की है। 2021 में कांग्रेस को बंगाल में एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसलिए सागरदीघी सीट पर जीत को कांग्रेस की वापसी माना जा रहा है। ईरोड सीट में कांग्रेस ने इ्वीकेएस एलंगोवन को मैदान में उतरा था। एलंगोवन ने एस थेनारासु (एआईएडीएमके) को 44868 वोटों से आगे चल रहे हैं। यहां करीब 77 कैंडिडेट्स के बीच मुकाबला है।

**अरुणाचल प्रदेश : बीजेपी की त्सेरिंग ल्हामू निर्विरोध जीतीं**

अरुणाचल प्रदेश में तवांग जिले की लुमला सीट बीजेपी के जम्बे ताशी की मौत के बाद से खाली पड़ी थी। इसके बाद बीजेपी ने यहां जम्बे ताशी की पत्नी त्सेरिंग ल्हामू को अपना कैंडिडेट बनाया था। किसी और उम्मीदवार के न होने के कारण बीजेपी इस सीट पर निर्विरोध जीत गई है।

# इंदौर टेस्ट, दूसरी पारी में 163 पर सिमटा भारत

## कंगारुओं को 76 का टारगेट, पुजारा की संघर्षपूर्ण पारी; लायन को 8 विकेट

इंदौर, 2 मार्च (एजेंसियां)। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में कंगारू टीम को 75 रनों का टारगेट मिला है। स्टंप्स से ठीक पहले भारत दूसरी पारी में 163 रन पर ऑलआउट हो गया।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में गुरुवार को मेहमान टीम ने 156/4 के स्कोर से अपनी पहली पारी को आगे बढ़ाया। टीम ने 41 रन बनाकर छह विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलियाई पारी 197 रन सिमटी। मेजबान टीम की ओर से चेतेश्वर पुजारा ने 35वीं हॉफ सेंचुरी जमाई, जबकि श्रेयस अय्यर 26 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा ने 12 और विराट कोहली ने 13 रन की पारी खेली।

कंगारुओं की ओर से दूसरी पारी में नाथन लायन ने 8 विकेट चटकाए। पहले दिन भारत पहली पारी में 109 रन पर ऑलआउट हो गया था।




**ऐसे गिरा भारत का विकेट**

पहला : शुभमन गिल आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे और नाथन लायन की बॉल मिस कर गए। बॉल ने स्टंप को हिट किया।

दूसरा : नाथन लायन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

तीसरा : मैथ्यू कुहनेमन ने विराट कोहली को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

चौथा : रवींद्र जडेजा नाथन लायन का तीसरा शिकार बने। उन्हें लायन ने एलबीडब्ल्यू कर दिया।

पांचवां : स्टार्क की बॉल पर उस्मान ख्वाज ने अय्यर का शानदार कैच पकड़ा।

छठा : श्रीकर भरत को लायन ने बोल्ड कर दिया।

सातवां : नाथन लायन ने अश्विन को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

आठवां : स्टीव स्मिथ ने लायन की बॉल पर पुजारा का गजब का कैच पकड़ा।

नौवां : उमेश यादव बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट में कैमरून ग्रीन के हाथों कैच हुए।

अब सेशन के अनुसार देखिए दूसरे दिन का खेल

पहला : भारतीय गेंदबाजों का जलवा, ऑस्ट्रेलिया 197 पर सिमटी

दूसरे दिन का पहला सेशन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 41 रन बनाने में छह विकेट गंवा दिए। उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। पीटर हैंड्सकॉम्ब 19 और कैमरून ग्रीन 21 रन के अलावा, निचले क्रम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

दूसरा : पुजारा की टिकाऊ पारी, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी

दूसरा सेशन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हावी रहे हैं, हालांकि, पुजारा ने टिकाऊ पारी खेलकर टीम को बिखरने से रोका। इस सेशन में टीम इंडिया ने 66 रन बनाने चार महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। चाय के समय भारतीय टीम का स्कोर 79/4 रहा। पुजारा 36 रन पर नाबाद रहे। गिल, जडेजा, रोहित और कोहली बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे।

**ऐसे गिरे ऑस्ट्रेलिया के विकेट**

पहला : ट्रेविस हेड को रवींद्र जडेजा ने एलबीडब्ल्यू कर दिया।

दूसरा : रवींद्र जडेजा ने लाबुशेन को बोल्ड कर दिया।

तीसरा : रवींद्र जडेजा ने उस्मान ख्वाजा को डीप मिडविकेट बाउंड्री पर गिल के हाथों कैच कराया।

चौथा : रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को केएस भरत के हाथों कैच कराया।

पांचवां : रविचंद्रन अश्विन ने पीटर हैंड्सकॉम्ब को शार्ट लेग में श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया।

छठा : उमेश यादव ने कैमरून ग्रीन को एलबीडब्ल्यू कर दिया।

सातवां : उमेश यादव ने मिचेल स्टार्क को क्लीन बोल्ड कर दिया।

आठवां : अश्विन ने एलेक्स कैरी को एलबीडब्ल्यू कर दिया है।

नौवां : उमेश यादव ने टॉड मर्फी को बोल्ड कर दिया।

दसवां : नाथन लायन को अश्विन ने बोल्ड कर दिया।

# विमेंस प्रीमियर लीग की मस्कट शेरनी, नाम- शक्ति

## बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया लॉन्च

## 4 मार्च को डब्ल्यूपीएल का पहला मैच




मुंबई, 2 मार्च (एजेंसियां)। विमेंस इंडियन प्रीमियर लीग का मस्कट शेरनी है। इसको शाक्ति नाम दिया गया है। गुरुवार को बीसीसीआई सचिव जय ने इसे जारी किया। इसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। पहली बार हो रहे डब्ल्यूपीएल के जोरदार ओपनिंग की भी तैयारी की गई है। ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी प्रस्तुति देंगी। लाइव इवेंट में एक्ट्रेस बॉलीवुड के बेहतरीन गानों पर डांस करेंगी। महिला प्रीमियर लीग 2023 का पहला मैच 4 मार्च को मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा।

**23 दिन तक चलेगा डब्ल्यूपीएल**

डब्ल्यूआईपीएल 23 दिन तक चलेगा। लीग की शुरुआत 4 मार्च को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात-मुंबई मैच के साथ होगी। फाइनल मुकाबला 26 मार्च को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। इन्हीं दो स्टेडियम में पूरी लीग खेली जाएगी। 5 टीमें 23 दिन में 22 मुकाबले खेलेंगी। इनमें 20 लीग, एक एलिमिनेटर और एक फाइनल होगा। पहले सीजन में चार डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। लीग के पहले सीजन में 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्स शामिल हैं।

**स्मृति सबसे महंगी बिकीं**

ब्ल्यूआईपीएल के हुए ऑक्शन में भारत की उप कप्तान और टॉप ऑर्डर बैटर स्मृति मंधाना सबसे महंगी बिकीं। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और इंग्लैंड की नेटली सीवर ब्रंट सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी रहीं। दोनों को 3.20 करोड़ रुपए में खरीदा गया।

इस ऑक्शन में 448 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कुल 87 खिलाड़ी खरीदी गईं। इनमें 30 विदेशी और 57 भारतीय शामिल हैं। पांच टीमों ने ऑक्शन में 59 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए। कुल 20 खिलाड़ी करोड़पति बनीं, इनमें 10 विदेशी और 10 भारतीय रहीं।

# मेग लेनिंग बनीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान

## डब्ल्यूपीएल में पांचों टीमों की लीडर तय

दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग को दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के लिए कप्तान नियुक्त किया है। विमेंस प्रीमियर लीग के हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था।वहीं, जेमिमा रॉड्रिग्स वाइस कैप्टन होंगी। जेमिमा को टीम ने 2.20 करोड़ में खरीदा था। इसके साथ ही डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों ने अपने कप्तान चुन लिए है। आगे स्टोरी में हम विमेंस प्रीमियर लीग में पांचों टीमों की कप्तान और उनके कप्तानी अनुभव के बारे में जानेंगे।

सबसे पहले देखें दिल्ली कैपिटल्स ने किस अंदाज में सोशल मीडिया पर मेग लेनिंग को अपनी टीम का कप्तान बनाने की सूचना दी...




**लेनिंग ने 4 बार वर्ल्ड कप जीताया**

मेग लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया को 4 बार टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया है। लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 टी-20 में कप्तानी की है। 76 में टीम को जीत मिली और 18 में हार। एक मुकाबला टाई रहा और 5 मैच बेनतीजा रहे। वह ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल कप्तान भी हैं।

**लेनिंग को 100 मैचों में टीम की कप्तानी का अनुभव**

मेगा लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया को 4 बार टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया है। लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 टी-20 में कप्तानी की है। 76 में टीम को जीत मिली और 18 में हार। एक मुकाबला टाई रहा और 5 मैच बेनतीजा रहे। वह ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल कप्तान भी हैं। वहीं जेमिमा रॉड्रिग्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 2.20 करोड़ में खरीदा था।

मुंबई इंडियंस की कमान हरमनप्रीत कौर के पास

मुंबई इंडियंस ने बुधवार को हरमनप्रीत कौर को अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया। हरमन को इंटरनेशनल टी-20 में 96 मैचों में कप्तानी करने का अनुभव है। इनमें 54 में टीम को जीत मिली और 37 में हार। एक मुकाबला टाई रहा जबकि 4 मुकाबले बेनतीजा रहे।

इंटरनेशनल के अलावा हरमन ने विमेंस चैलेंजर्स ट्रॉफी में सुपरनोवाज टीम की भी कमान संभाली है। 10 मैचों में उन्होंने कप्तानी की। 6 में टीम को जीत और 4 में हार मिली।

**भारत की उप कप्तान मंधाना बेंगलुरु की कप्तान**

स्मृति मंधाना को बेंगलुरु टीम की कप्तानी सौपी गई हैं। मंधाना इंडिया विमेंस टीम की उप कप्तान हैं। उन्होंने टी-20 में चैलेंजर्स ट्रॉफी के दौरान ट्रेलब्लेजर्स टीम की कप्तानी की थी। 8 मैचों में उन्होंने कप्तानी की। 4 में जीत और 4 में ही टीम को हार मिली। 2020 में उनकी टीम ने सुपरनोवाज को हराकर ट्रॉफी भी जीती थी।

# तेजिंदर पाल सिंह तूर ने राष्ट्रीय थ्रो चैंपियनशिप में किया कमाल, जीता स्वर्ण पदक



खेल डेस्क, 2 मार्च (एजेंसियां)। महिलाओं की हैमर थ्रो में उत्तराखंड की रेखा सिंह ने 54.44 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण जीता। राजस्थान की मंजू बाला 53.83 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के हैमर थ्रो का स्वर्ण राजस्थान के युवराज जाखड़ ने 52.69 मीटर के साथ जीता।

जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले शॉटपुटर तेजिंदर पाल सिंह तूर ने बुधवार को बेल्लारी के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में खेली जा रही राष्ट्रीय थ्रो चैंपियनशिप में गोला फेंक का स्वर्ण जीत लिया। उन्होंने 19.95 मीटर गोला फेंककर पटियाला में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड 19.94 मीटर को एक सेंटीमीटर से पीछे छोड़ा। हालांकि, उन्होंने 20 मीटर की दूरी नापने की चार बार कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।

पंजाब के करनवीर सिंह ने 19.54 मीटर रजत और दिल्ली के साहिब सिंह ने 18.77 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की हैमर थ्रो में उत्तराखंड की रेखा सिंह ने 54.44 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण जीता। राजस्थान की मंजू बाला 53.83 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के हैमर थ्रो का स्वर्ण राजस्थान के युवराज जाखड़ ने 52.69 मीटर के साथ जीता।

तमिलनाडु के दिनेश (52.32) दूसरे और उत्तर प्रदेश के मेराज अली (51.71) तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों के डिस्कस थ्रो का स्वर्ण हरियाणा के मंजीत ने 51. 24 मीटर के साथ जीता। राजस्थान के प्रवीण कुमार (50.88) दूसरे और यूपी के दीपक यादव (49.72) तीसरे स्थान पर रहे।

# बुमराह सर्जरी के लिए जाएंगे न्यूजीलैंड



मुंबई, 2 मार्च (एजेंसियां)। पीठ की चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सर्जरी कराने के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जोफ्रा आर्चर की सर्जरी करने वाली डॉक्टर के संपर्क में है। जल्द ही बुमराह सर्जरी कराने के लिए ऑकलैंड जा सकते हैं। वहां पर सर्जन रोवन शाउटन बुमराह की पीठ का ऑपरेशन करेंगे। शाउटन ऑर्थोपेडिक्स के प्रमुख सर्जन ग्राहम इंगलिस के साथ भी काम कर चुके हैं। इंगलिस ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड सहित न्यूजीलैंड के कुछ खिलाड़ियों का ऑपरेशन किया था। साथ ही शाउटन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन की सर्जरी में भी इंगलिश का हेल्प कर चुके हैं।

# एथलीट ऐश्वर्या पर लगा चार साल का प्रतिबंध

## ट्रिपल जंप में बनाया था नेशनल रिकॉर्ड

खेल डेस्क, 2 मार्च (एजेंसियां)। ऐश्वर्या ने नाडा सुनवाई पैनल के समक्ष दलील दी कि उनके कंधे में दर्द था। इंटर एथलेटिक चैंपियनशिप के दौरान उनके साथी जगदीश ने उन्हें यह दवा उन्हें दी और कहा इससे दर्द ठीक हो जाएगा।



बीते वर्ष जून में इंटर एथलेटिक चैंपियनशिप के दौरान 14.14 मीटर की दूरी कूदकर ट्रिपल जंप का राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाने वाला बी ऐश्वर्या पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐश्वर्या इस चैंपियनशिप में प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवा ऑस्टेरिन के लिए डोप में पकड़ी गई थीं। इसके बाद उन्हें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था।

ऐश्वर्या ने नाडा सुनवाई पैनल के समक्ष दलील दी कि उनके कंधे में दर्द था। उक्त चैंपियनशिप के दौरान उनके साथी जगदीश ने उन्हें यह दवा उन्हें दी और कहा इससे दर्द ठीक हो जाएगा। नाडा ने कहा कि ऐश्वर्या को डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए थी। पैनल ने उनकी दलील नकारते हुए उन पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया। इसके खिलाफ वह 16 मार्च तक अपील कर सकती हैं।

# खिलाड़ी कम पड़े तो 51 साल के जेरोमिर जागर खेले

## ताकि क्लब टूर्नामेंट में बना रहे और स्पॉन्सरशिप मिलती रहे

क्लाडेनो, 2 मार्च (एजेंसियां)। 51 साल के जेरोमिर जागर की दाढ़ी जैसे-जैसे सफेद हो रही है, वैसे ही खेल की दुनिया में उनका कद बढ़ता जा रहा है। जागर एक प्रोफेशनल आइस हॉकी खिलाड़ी हैं, जो अब स्वयं को इस खेल के लेजेंड के रूप में स्थापित कर चुके हैं, और शायद ऐसे स्तर पर पहुंच चुके हैं जहां व्यक्तिगत उपलब्धियों से ज्यादा खेल का विकास ज्यादा महत्वपूर्ण उद्देश्य बन जाता है। जागर यही कर भी रहे हैं।



चेक रिपब्लिक के जागर ने 15 साल की उम्र में आइस हॉकी खेलना शुरू किया। प्रतिष्ठित नेशनल हॉकी लीग में वे 24 सीजन में 9 टीमों के लिए खेले और दो बार पिट्सबर्ग पेंगुइन्स के लिए स्टेनली कप जीता। 1998-99 में वे लीग के सबसे वैल्यूएबल खिलाड़ी चुने गए। 1921 अंकों के साथ वे लीग के दूसरे हाईएस्ट स्कोरर हैं। 42 साल की उम्र में वे एनएचएल में हैट्रिक करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। हालांकि, 4 साल पहले उन्होंने लीग से संन्यास ले लिया, पर आइस हॉकी नहीं छोड़ा।

हाल ही में जेरोमिर जागर ने अपने प्रोफेशनल करियर का 1099वां गोल किया और रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने लीग और इंटरनेशनल मैचों में कुल गोल के मामले में कनाडा के वेन ग्रेट्जकी को पीछे छोड़ा। जागर ने ये कारनामा चेक रिपब्लिक की लीग चेक एक्स्ट्रालिगा में क्लाडेनो नाइट्स की तरफ से खेलते हुए किया। मजेदार बात यह है कि जिस टीम के लिए जागर खेल रहे थे, उसके मालिक भी वे खुद ही हैं। 2017 से इस टीम के लिए खेल रहे जागर से 2018 में एनएचएल से संन्यास लेने के बाद से टीम की अधिकतर हिस्सेदारी स्वयं खरीद ली थी। इस सीजन में जागर ने मैदान पर नहीं उतरने का फैसला किया था, लेकिन दिसंबर में टीम के खिलाड़ी बीमार पड़ गए। टीम पूरी न होने पर उसके रेलीगेट होने का खतरा था तो जागर खुद मैदान पर उतर गए और सीजन में वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर दिया।

जागर अपना 35वां प्रोफेशनल सीजन खेल रहे हैं। जागर के लिए लीग में खेलने का मकसद अपने शहर के घरेलू क्लब कल्दनो नाइट्स को चलाए रखना है, जहां वे बड़े हुए थे। फिलहाल उनका क्लब लीग में सबसे नीचे है। जागर के अलावा स्पॉन्सर्स के पास इस क्लब से जुड़ने का और कोई कारण नहीं है।

# टीम इंडिया ने मांगा था टर्निंग-ट्रैक, ढाई घंटे में ऑलआउट

## ऑस्ट्रेलियाई बोले- पिच टेस्ट लायक नहीं, भारतीय एक्सपर्ट ने कहा- ऐसा ही चलेगा

इंदौर, 2 मार्च (एजेंसियां)। इंदौर टेस्ट में भारतीय टीम पहली पारी में 109 रन पर ऑलआउट हो गई। नागपुर के बाद अब इंदौर की पिच पर भी सवाल उठने लगे हैं। एक्सपर्ट इसे औसत रेटिंग दे रहे हैं, क्योंकि भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरे टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम महज ढाई घंटों में 109 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया के मैनेजमेंट ने क्यूरेटर्स से कहा था- पहले ही सेशन से टर्निंग ट्रैक बनाया जाए। हालांकि, भारतीय बल्लेबाज अपनी ही रणनीति में फंस गए ओर घूमती गेंदों पर रन बनाने में नाकाम रहे। दरअसल, पहले ही सेशन से स्पिनर्स को पिच से मदद मिलने लगी। इस पर 4.8 डिग्री का टर्न देखा गया। यह नागपुर में 2.5 डिग्री था। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई मीडिया सहित कई क्रिकेट एक्सपर्ट पिच की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर्स का कहना है- पिच टेस्ट के लायक नहीं है। वहीं, भारतीय दिग्गज भी इतने ज्यादा टर्न से हैरान हैं। बीसीसीआई के पूर्व चीफ पिच क्यूरेटर ने कहा- यहां ऐसा ही चलेगा।

बैटिंग कोच ने किया बचाव

हालांकि, भारतीय टीम के बैटिंग कोच विक्रम राठौर ने अपने बल्लेबाजों का बचाव करते हुए कहा कि उनमें से कोई भी खराब शॉट खेलकर आउट नहीं हुआ। यकीनन बल्लेबाजी के लिए यह मुश्किल पिच है। यह विकेट हमारी उम्मीद से ज्यादा सूखा है और बहुत ज्यादा टर्न ले रहा है।




वहीं, अर्धशतक जमाने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा ने कहा- ईमानदारी से कहूं तो यह एक आसान विकेट नहीं है। टॉस के समय भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी इसकी आशंका जताते हुए कहा था- यह पिच कुछ अलग है। यह थोड़ी सूखी हुई है, तो हमें अपना क्लास दिखाना होगा।

1. यह टेस्ट क्रिकेट के लिए ठीक नहीं, भारत की रणनीति उसी पर भारी पड़ी : अतुल वासन

टीम इंडिया के पूर्व गेंदबाज अतुल वासन कहते हैं- 'पहले दिन के पहले ही सेशन में पिच का टर्न लेना टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत की रणनीति उसी पर उलटी पड़ गई। अगर टेस्ट ऐसे ही तीन दिन में खत्म होते रहे, तो टेस्ट का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

इससे ब्रॉडकास्टर, ऐडवर्टाइजर सबका नुकसान होगा। इससे टेस्ट क्रिकेट का ही नुकसान है। सभी देश होस्ट होने का फायदा उठाते हैं, लेकिन भारत में पिछले कुछ सालों से ज्यादा ही फायदा उठाया जा रहा है। टेस्ट कम से कम चार दिन तो चलना ही चाहिए। भारत वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया से खेल सकता है, ऐसे में उसको ध्यान में रखकर पिच को तैयार करना चाहिए था।

2. होम एडवांटेज सब लेते हैं, लेकिन भारत थोड़ा ज्यादा लेता है : दलजीत सिंह

22 साल तक बीसीसीआई के चीफ पिच क्यूरेटर रहे दलजीत सिंह कहते हैं- 'भारत में आज-कल स्पिन फ्रेंडली पिच बनाने का दौर है। आगे भी ऐसा ही चलता रहेगा। बोर्ड इसे लेकर कुछ नहीं करेगा। स्पिन भारत की ताकत है। सभी टीम होम एडवांटेज पर खेलती हैं, लेकिन भारत एडवांटेज ज्यादा लेने की कोशिश करता है। यह उसी का नतीजा है।

**ऑस्ट्रेलियाई दिग्गजों के बयान...**

मैथ्यू हेडन : पिच में पहले ही दिन से दरारें, यह ठीक नहीं 'मैंने मैच शुरू होने से पहले टॉस के दौरान पिच देखी थी। यह ठीक नहीं है। पहले दिन से ही इसमें दरार आ रही है। अगर ऐसा ही है तो हमें सिर्फ 3 दिन का ही टेस्ट खेलना चाहिए।'

मार्क वॉ : इंदौर की पिच टेस्ट खेलने लायक ही नहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने कहा- इंदौर की पिच टेस्ट खेलने लायक ही नहीं है।

ब्रेड हॉग : क्या हम एक दिन का टेस्ट देखेंगे ब्रेड हॉग ने पिच पर तंज कसा। उन्होंने एक पोस्ट में कहा- क्या हम एक दिन का टेस्ट मैच देखेंगे?

शमी ही नहीं, बल्कि उमेश-सिराज को भी रेस्ट!

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने कहा- 'इस पिच में इतना टर्न है कि सिर्फ शमी ही नहीं, बल्कि उमेश और सिराज को भी इस मैच में रेस्ट दिया गया है।' वसीम ने अपनी बात इस पोस्ट के माध्यम से रखी।

हेडन के बयान पर शास्त्री का जवाब

मैथ्यू हेडन को कमेंट्री कर रहे पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने करारा जवाब देते हुए कहा- घरेलू हालात, हालांकि बाद में शास्त्री ने स्वीकार किया कि परिस्थितियां बैटिंग के लिए कठिन हैं।

# घरेलू सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडरों के बढ़े दाम को जल्द वापस ले केंद्र : मंत्री

## रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ बीआरएस ने किया विरोध प्रदर्शन



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र सरकार के वाणिज्यिक और घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले का विरोध करते हुए भारत राष्ट्र समिति के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पूरे तेलंगाना राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने 1 मार्च से घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये और वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 350 रुपये की बढ़ोतरी की थी। घरेलू और वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि के केंद्र के फैसले के विरोध में, राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों और कस्बों में विशाल रैलियां और रास्ता रोको का आयोजन किया गया। मंत्री हरीश राव, गंगुला कमलाकर, तलसानी श्रीनिवास यादव, मल्ला रेड्डी, वेमुला प्रशांत रेड्डी, एराबेली दयाकर राव, जगदीश रेड्डी और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों ने राज्य भर के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनों में भाग लिया। केंद्र से बढ़ोतरी को वापस लेने और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की मांग करते हुए, पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कोमपल्ली, डुंडीगल और निजामपेट नगरपालिकाओं में विरोध प्रदर्शन किया गया। बीआरएस मेडचल जिला अध्यक्ष व एमएलसी शंभीपुर राजू सहित अन्य नेता मौजूद थे। पशुपालन मंत्री टी. श्रीनिवास यादव ने एमजी रोड, सिकंदराबाद में आंदोलन का नेतृत्व किया, जहां बड़ी संख्या में बीआरएस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। हैदराबाद के बाहरी इलाके में घटकेसर में, मंत्री मल्ला रेड्डी के नेतृत्व में एक धरना आयोजित किया गया था। इस विरोध प्रदर्शन में वित्त मंत्री हरीश राव भी शामिल हुए।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार ने एलपीजी कीमतों को तीन गुना किया : केटीआर

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति द्वारा राज्य भर में एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए तैयार होने के साथ, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने एलपीजी की कीमतों को तीन गुना करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर कटाक्ष किया।

उन्होंने ट्वीट किया कि एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को सफलतापूर्वक तीन गुना करने के लिए" डबल इंजन "एनपीए सरकार को बधाई। केंद्र द्वारा एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के तुरंत बाद बीआरएस ने इस कदम का विरोध किया और गुरुवार और शुक्रवार को राज्य भर में प्रदर्शनों का आह्वान किया। बीआरएस बढ़ोतरी का विरोध करने वाली और केंद्र से बढ़ोतरी वापस लेने की मांग करने वाली पहली पार्टी थी। जहां घरेलू सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई, वहीं वाणिज्यिक सिलेंडर 350 रुपये महंगा हो गया। नवीनतम बढ़ोतरी के साथ, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत, जो भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले 400 रुपये थी, अब 1,155 रुपये हो गई है।

## नलगोंडा जिले में टीबी के मामले बढ़े

नलगोंडा, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा जिले में 2021 की तुलना में 2022 में क्षय रोग (टीबी) के मामलों में 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2021 में, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में 109 टीबी के मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह संख्या 183 थी, जो कि 63 प्रतिशत की वृद्धि है। वयस्कों में टीबी के मामले भी 2021 में 1,871 से बढ़कर 2022 में 2,732 हो गए, जिसमें 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि 18 साल से ऊपर के लोगों की तुलना में बच्चों और किशोरों में टीबी के मामले तेजी से बढ़े हैं। 18 साल से कम उम्र के लोगों में लड़कों की तुलना में लड़कियां अधिक टीबी से प्रभावित हो रही थीं। लेकिन, 2021 और 2022 में महिलाओं की तुलना में 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में टीबी के मामले अधिक थे। कई टीबी मरीज निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं, जिसकी जानकारी जिला टीबी कंट्रोल यूनिट को नहीं दी गई। इसलिए,स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों के बीच जागरूकता पैदा करने और उन्हें जिले में टीबी नियंत्रण इकाई के साथ टीबी की घटनाओं पर डेटा साझा करने के लिए मनाने के लिए पांच दिवसीय अभियान शुरू किया। जिला टीबी नियंत्रण अधिकारी डॉ. कल्याण चक्रवर्ती ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 2025 तक टीबी के मामलों को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य है।

# कविता ने शराब घोटाला मामले में भाजपा की रणनीति की आलोचना की




हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एमएलसी और मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता भारतीय जागृति संस्था के तत्वावधान में राष्ट्रीय राजधानी में एक दिवसीय धरने का नेतृत्व कर रही हैं।

धरने का मकसद संसद में महिला आरक्षण बिल पेश करने की मांग करना है। कविता ने गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों सहित हाल के मुद्दों से निपटने के लिए भाजपा की आलोचना की है। उनका मानना है कि बीजेपी विपक्षी पार्टियों को गलत तरीके से निशाना बना रही है। अपने खिलाफ लगे आरोपों के बारे में पूछे जाने पर, कविता ने कहा कि जांच एजेंसी को यह निर्धारित करना चाहिए कि क्या उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए, न कि भाजपा नेताओं को। उन्होंने लोकतंत्र के महत्व और कानून के तहत निष्पक्ष व्यवहार पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, कविता ने अडानी विवाद पर भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाया है और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद मामले की जांच की मांग की है। उनका मानना है कि सभी दलों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और लोकतंत्र में पारदर्शिता महत्वपूर्ण है।

# किसान आम की पैदावार कम होने को लेकर चिंतित

संगारेड्डी, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। गर्मियों के शुरू होते ही आम प्रेमी फलों के राजा फलों का स्वाद चखने की तैयारी कर रहे हैं, संगारेड्डी जिले के किसान संभावित खराब उपज को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि जिले भर में कई स्थानों पर फसल को आम के फुदकने वाले कीट से बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

वन अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों को जिले भर के किसानों और राज्य के अन्य हिस्सों से आम के हॉपर और ब्लैक थ्रिप्स के बारे में कई शिकायतें मिल रही थीं, दोनों कीट आम के खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

एक आम किसान ने कहा कि नारायणखेड़ में उनके 8.5 एकड़ के आम के बाग में आम के हॉपर और ब्लैक थ्रिप्स दोनों ने हमला किया है। अधिकारियों द्वारा सलाह दी गई कीटनाशकों के छिड़काव के बावजूद, किसान ने अफसोस जताया कि इस साल उपज कम से कम 40 प्रतिशत कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह न केवल उनका खेत था, बल्कि संगारेड्डी और निजामाबाद जिलों में आम के बगीचे इन दो कीड़ों से पीड़ित हैं।

एक एफआरएस वैज्ञानिक ने कहा कि किसानों को बहुत पहले ही कीटनाशकों का छिड़काव करके उपज पर इसके प्रभाव को सीमित करने के लिए संक्रमण को नोटिस करना पड़ा। हालांकि, अधिकांश किसान तब तक संक्रमण की बारीकी से निगरानी नहीं कर रहे थे जब तक कि यह अधिकांश फूलों के पौधों को नुकसान न पहुंचा दे। संक्रमण के साथ, कीट फूलों, पत्तियों और फलों पर कुछ गोंद का स्राव करते हैं। इससे आम काले पड़ जाते हैं और बाजार में कोई लेने वाला नहीं मिलता। किसानों ने कहा कि उनकी फसलों में फूलों और कोमल आमों का गिरना भी देखा गया है।

बागवानी विभाग के सहायक निदेशक के अनुसार, जिले में 16,000 एकड़ में आम के बाग हैं। जिले के किसान आठ से 10 किस्म के आम उगाते हैं।

# कांग्रेस ने सिलेंडर की कीमतों को लेकर बीआरएस के विरोध का मजाक उड़ाया

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर ने भाजपा सरकार द्वारा घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ बीआरएस नेताओं के विरोध प्रदर्शन का उपहास उड़ाया। शब्बीर अली ने गुरुवार को एक मीडिया बयान में, विरोध को दोनों पक्षों द्वारा आम लोगों पर डाले जा रहे संयुक्त बोझ से लोगों का ध्यान हटाने के लिए किया गया नाटक बताया। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि अगर बीआरएस सरकार लोगों की मदद करने के लिए गंभीर है, तो उसे घरेलू गैस सिलेंडर पर सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस सरकार का उदाहरण दिया, खुद आर्थिक बोझ सहकर केवल पांच सौ रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करा रही है।

उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से सिलेंडर दरों को कम करके राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नक्शेकदम पर चलने का आग्रह किया। इसके अलावा, शब्बीर अली ने बताया कि तेलंगाना सरकार देश में पेट्रोल और डीजल पर क्रमशः 35.2 प्रतिशत और 27 प्रतिशत पर उच्चतम कर एकत्र कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां मोदी सरकार बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने में विफल हो रही है, वहीं केसीआर सरकार राज्य के करों को कम नहीं करके बोझ बढ़ा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछली कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के दौरान, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी सब्सिडी दी गई थी और रसोई गैस की कीमतों को नियंत्रण में रखा गया था।




एलपीजी कीमतों में वृद्धि के खिलाफ गुरुवार को नगर में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

## एसीबी के हत्थे चढा पंचायत सचिव

जनगांव, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। स्टेशन घनपुर में शिवुनीपल्ली ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव कुर्रा चिरंजीवी को एसीबी वारंगल इकाई ने गुरुवार को उनके कार्यालय में रंगे हाथ पकड़ा, जब वह कथित रूप से 50,000 रुपये की रिश्वत स्वीकार कर रहे थे। उन्होंने जिले के चिलपुर मंडल के वड्डेगुडेम गांव के पल्लगुट्टा के एक सिविल ठेकेदार, शिवरात्रि कोमुरैया से रिश्वत की मांग की और शिवनीपल्ली गांव में उनके द्वारा निष्पादित 21 लाख रुपये के 11 अनुबंध कार्यों के बिलों को संसाधित करने के लिए स्वीकार किया। एसीबी के एक प्रेस नोट में कहा गया है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ट्रेन के आगे कूदकर व्यक्ति ने दे दी जान

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पारिवारिक मुद्दों पर कथित तौर पर निराश होकर, एक व्यक्ति ने गुरुवार को अलवलमें ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अनुसार, अलवल के सूर्य नगर निवासी गौरी शंकर परिवार के मुद्दों को लेकर अवसाद में आ गया था और इन मुद्दों के कारण उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली होगी।

जीआरपी सिकंदराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गांधी अस्पताल की मोर्चरीमें भेज दिया। मामला दर्ज है।

# यासंगी में तेलंगाना में होगी 1.5 करोड़ टन तक की धान की पैदावार



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना इस यासंगी (रबी) सीजन के दौरान 1.5 करोड़ टन से अधिक का रिकॉर्ड धान उत्पादन देखने के लिए तैयार है। हालाँकि, केंद्र द्वारा इतनी बड़ी मात्रा में धान की खरीद पर अनिश्चितता के साथ, यह सकारात्मक विकास राज्य सरकार के लिए एक चुनौती बन सकता है, जो हालांकि हार नहीं मान रही है और किसानों को समर्थन देने के लिए विभिन्न विकल्पों की तलाश कर रही है। तेलंगाना में धान की खेती इस यासंगी फसल के मौसम में लगभग 54 लाख एकड़ में बोई गई फसल के साथ एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो सीजन के सामान्य खेती क्षेत्र 33.53 लाख एकड़ की तुलना में 160 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि है। 2022-23 के वनकलम (खरीफ) सीजन के दौरान 64.54 लाख एकड़ और 2021-22 के यासंगी सीजन के दौरान 35.84 लाख एकड़ में धान की खेती की गई है।

हालांकि इस यासंगी में खेती का क्षेत्र वनकालम मौसम से कम है, कृषि विभाग के अधिकारी यासंगी फसल के दौरान अधिक उपज के कारण वाणाकलम (लगभग 1.48 करोड़ टन) की तुलना में अधिक धान उत्पादन की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि वनकलम की फसल प्रति एकड़ लगभग 20 टन उपज देती है, वहीं यासंगी की फसल लगभग 26 टन प्रति एकड़ पैदा करती है। इसके साथ, तेलंगाना के इस साल यासंगी सीजन के लिए देश में सबसे बड़ा धान उत्पादक उभरने की संभावना है। हालांकि, यासंगी सीजन के दौरान उच्च उपज राज्य सरकार के लिए एक चुनौती पेश करती है क्योंकि कच्चे चावल में इसे संसाधित करने से राज्य में उच्च तापमान की स्थिति को देखते हुए उच्च टूटे हुए अनाज प्रतिशत के कारण उबले हुए चावल की तुलना में कम चावल का उत्पादन होगा। नागरिक आपूर्ति विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि चावल की वैश्विक मांग को देखते हुए यह हमारे लिए अवसर के साथ-साथ चुनौती भी है। इसलिए, हम इस मौसम के दौरान उबले हुए चावल की अनुमति देने के लिए केंद्र से अनुरोध करने की योजना बना रहे हैं।

## सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद के बीच दो विशेष ट्रेनें

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त भीड़ को क्लियर करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे विभिन्न गंतव्यों के बीच विशेष ट्रेनें चलाएगा। मिली जान्कारी के मुताबिक ट्रेन सं. 07219 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस 5 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे सिकंदराबाद सेरवाना होगी, जो अगले दिन रात्रि 8.30 बजे दानापुर पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन नं. 07220 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 9 मार्च गुरुवार को रात्रि 8.50 को दानापुर से रवाना हागी, जो शनिवार प्रातः 4.40 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेनें दोनों दिशाओं में काजीपेट, पेद्दापल्ली, रामागुंडम, बेलमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छेवकी, पंडित डीडी उपाध्याय, बक्सर और आरा में रुकेंगी।

## तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल का होली मिलन 7 को

हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। धम्माईगुडा स्थित श्री वैष्णव धाम राम मंदिर में तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल समाज बन्धुओं के तत्वावधान मे होली मिलन का कार्यक्रम मंगलवार 7 मार्च प्रात: वेला में पूजा-अर्चनाकर आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष विष्णु रामावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सान्निध्य में होली मिलन कार्यक्रम व बच्चों की सामूहिक ढूंढ का कार्यक्रम मंदिर प्रांगण मे आयोजित किया जाएगा। होली के रंग-अपनों के संग कार्यक्रम के तहत भगवान कृष्ण को फूलों की होली खेलाई जाएगी। तत्पश्चात् चंग की थाप पर रंगारंग गैर नृत्य आयोजित किया जाएगा। एवं सभी धर्म व समुदाय के बच्चों का ढूंढ का कार्यक्रम मंदिर प्रांगण मे किया जाएगा।

# आंध्र चुनाव के लिए 14 मार्च को जेएसपी रोडमैप की घोषणा कर सकते हैं पवन कल्याण

अमरावती, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेना पार्टी (जेएसपी) के नेता पवन कल्याण अगले साल होने वाले चुनावों में आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी)का मुकाबला करने के लिए एक रोडमैप की घोषणा कर सकते हैं, जब वह 14 मार्च को पार्टी के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे।

आंध्र प्रदेश में अगले साल होने वाले आम चुनावों में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी)के साथ संभावित गठबंधन पर अभिनेता राजनेता अपनी पार्टी के रुख की घोषणा कर सकते हैं। जेएसपी नेता पार्टी के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर कृष्णा जिले के मछलीपट्टनम में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पवन कल्याण तेलंगाना में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जेएसपी की रणनीति की भी घोषणा कर सकते हैं।

हालाँकि, जैसा कि आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक बैठक आयोजित की जा रही है, अभिनेता राजनेता के उस राज्य पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना है जो उनकी पार्टी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। बीजेपी के सहयोगी पवन से भी भगवा पार्टी के साथ गठबंधन के भविष्य पर जेएसपी कैडरों को स्पष्टता देने की उम्मीद है। वह टीडीपी को बोर्ड पर लाने के इच्छुक हैं ताकि गठबंधन वाईएसआरसीपी विरोधी वोटों के विभाजन से बचा जा सके। भाजपा ने अभी भी उनके सुझाव का जवाब नहीं दिया है।

पिछले साल गुंटूर में जेएसपी के स्थापना दिवस की बैठक में उन्होंने टीडीपी के साथ गठबंधन का संकेत दिया था। उन्होंने कहा था कि वह किसी भी कीमत पर सत्ता विरोधी वोटों को बंटने नहीं देंगे। 24 जनवरी को, पवन कल्याण ने कहा था कि अगर बीजेपी आंध्र प्रदेश में चुनावी गठबंधन के लिए नहीं कहती है, तो उनकी पार्टी अकेले जा सकती है या नए गठबंधन कर सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि चुनावी गठबंधन पर स्पष्टता चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद आएगी। अपने विशेष रूप से डिजाइन किए गए अभियान वाहन के साथ, वह चुनाव के लिए पार्टी को तैयार करने के लिए राज्यव्यापी यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं।

पवन, जिन्होंने हाल के महीनों में टीडीपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू से दो बार मुलाकात की, ने कहा कि वह वोटों के बंटवारे से बचना चाहते हैं और इसलिए पार्टियों को एक साथ आने का आह्वान कर रहे हैं। वे आ सकते हैं या नहीं आ सकते हैं। हमारा पहले से ही बीजेपी के साथ गठबंधन है। अगर वे नहीं कहते हैं, तो हम इसे अकेले ही लड़ेंगे, उन्होंने कहा था कि जेएसपी नए गठबंधन के लिए भी तैयार है। जन सेना राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष नदेंडला मनोहर ने कहा है कि मछलीपट्टनम में जनसभा पार्टी की स्थापना के बाद से अब तक की सबसे बड़ी सभा होगी।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## महिला समुदाय से ग्रीन इंडिया चैलेंज में भाग लेने की अपील

### महिला दिवस ग्रीन इंडिया चैलेंज का पोस्टर जारी



हैदराबाद, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। महिला दिवस ग्रीन इंडिया चैलेंजर पोस्टर के विमोचन के मौके पर राज्यसभा सांसद, जोगिनीपल्ली संतोष कुमार ने कहा कि अगर वही हाथ बच्चों को पालते हैं, तो प्रकृति और अधिक फलेगी-फूलेगी। उन्होंने महिला समुदाय से ग्रीन इंडिया चैलेंजमें भाग लेने और पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने का आह्वान किया। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने कामना की कि सभी महिलाएं ग्रीन इंडिया चैलेंज विशेष कार्यक्रम में भाग लेंगी और प्रकृति संरक्षण के लिए पौधरोपण करेंगी। शिक्षा मंत्री पी. सबिता इंद्रा रेड्डी ने कहा कि महिलाएं अधिक शक्तिशाली हैं और वे अपने द्वारा उठाए गए कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करेंगी। मुख्यमंत्री की सचिव श्रीमती स्मिता सभरवाल ने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पृथ्वी के संरक्षण के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। ओएसडी प्रियंका वर्गीस ने कहा कि ग्रीन इंडिया चैलेंज कार्यक्रम एक निस्वार्थ कार्यक्रम है जो अगली पीढ़ी के लाभ के लिए शुरू किया गया है।

## विजयनगरम में 11 साल से घर में कैद महिला को पुलिस ने छुड़ाया

विजयनगरम, 2 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की पुलिस ने गुरुवार को एक महिला को छुड़ाया, जो इस किले शहर के छावनी इलाके में अपने पति के घर में 11 साल से बंद थी। अदालत के आदेशों के बाद कार्रवाई में जुटी पुलिस ने कहा कि विजयनगरम शहर के वकील जी मधुसूदन और अनंतपुर जिले की साईं सुप्रिया की शादी 2008 में हुई थी और जब वे बेंगलुरु में थीं तब उनके तीन बच्चे थे। बाद में, मधुसूदन के साथ 2011 में कानून का अभ्यास शुरू करने के साथ परिवार यहां आकर बस गया।

उसने अपनी पत्नी को दूसरों के साथ बात नहीं करने देने के लिए प्रताड़ित किया और जब सुप्रिया के माता-पिता ने उससे संपर्क करने की कोशिश की, तो मधुसूदन ने उन्हें अपने घर में उससे मिलने नहीं दिया। 2019 में, वह दिशा पुलिस से संपर्क करने में सफल रही और उसने अपने पति के खिलाफ उसे प्रताड़ित करने की शिकायत दर्ज की। लेकिन पति के आश्वासन के बाद उसने शिकायत वापस ले ली।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.